


## अवकाश सूचना

आप सभी को बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं, इस अवसर पर जन एक्सप्रेस के प्रेस एवं कार्यालय में दिनांक 12.10.2024 को अवकाश रहेगा अतः अगला अंक 14.10.2024 को प्रकाशित होगा।

–संपादक

## एक्सप्रेस खबरें...

### सीएम योगी ने विजयादशमी पर्व के पर प्रदेशवासियों को दीं हार्दिक बधाई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयादशमी (दशहरा) पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का संहार किया था। सम्पूर्ण भारत में यह पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

### 22 दिन के बच्चे का शव देखकर बोली मां, मेरा पति हत्यारा

जन एक्सप्रेस। मेरठ। अकबरपुर गढ़ी गांव की गुढा कालोनी में 22 दिन के नवजात शिशु की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इसके बाद पति-पत्नी में विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे पर आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नोएल टाटा बने टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन

## रतन टाटा के सौतेले भाई, अभी ट्रेंट और वोल्टास के प्रमुख हैं



"मेरे साथी ट्रस्टियों ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उससे मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं रतन टाटा और टाटा ग्रुप के संस्थापकों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं। एक सदी से भी पहले स्थापित, टाटा ट्रस्ट सामाजिक भलाई के काम करने का एक यूनिक माध्यम है। हम परोपकारी पहल को आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए खुद को फिर से समर्पित करते हैं।

–नोएल टाटा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

रतन टाटा के निधन के बाद ग्रुप के सबसे बड़े स्टेक होल्डर टाटा ट्रस्ट की कमान सौतेले भाई नोएल टाटा को मिल गई है। शुक्रवार को मुंबई में हुई मीटिंग में नोएल के नाम पर सहमति बनी है। नोएल टाटा अपने पारिवारिक संबंधों और ग्रुप की कई कंपनियों में भागीदारी के कारण टाटा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत दावेदार थे। नोएल टाटा पहले से ही सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं। अभी समूह की सबसे बड़ी कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन हैं। 2017 में उन्होंने ये जिम्मेदारी संभाली थी। लेकिन इससे भी ऊपर टाटा ट्रस्ट है, जिसकी कमान टाटा परिवार के सदस्य ही संभालते रहे हैं। निधन से पहले तक रतन ही टाटा ट्रस्ट के प्रमुख थे।

### नोएल, एक आयरिश नागरिक, उनके तीन बच्चे

67 साल के नोएल, रतन टाटा के सौतेले भाई हैं और 40 साल से ज्यादा समय से टाटा ग्रुप से जुड़े हुए हैं। वह नवल टाटा की दूसरी पत्नी के बेटे हैं। नोएल, एक आयरिश नागरिक हैं। नोएल ने आलू मिस्त्री से शादी की है। आलू टाटा संस में सबसे बड़े शेयरधारक पालोनजी मिस्त्री की बेटी हैं। उनके तीन बच्चे हैं – लिआ, माया और नेविल। टाटा ट्रस्ट की वेबसाइट के अनुसार, उनके बच्चे भी परिवार से जुड़ी कुछ दान संस्थाओं के ट्रस्टी हैं। नोएल टाटा अपनी लो-प्रॉफिट लीडरशिप स्टाइल के लिए जाने जाते हैं और रतन टाटा के मुकाबले मीडिया से दूर रहते हैं।

### 1999 में टाटा ग्रुप में अपना करियर शुरू किया

नोएल ने यूनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स से पढ़ाई की है। उन्होंने 1999 में टाटा ग्रुप में अपना करियर शुरू किया। ग्रुप की रिटेल शाखा ट्रेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर बनाए गए। इसे उनकी मां सिमोन ने शुरू किया था। 2010-11 में उन्हें टाटा इंटरनेशनल का चेयरमैन बनाया गया। इसके बाद उनके ग्रुप के चेयरमैन बनाए जाने पर चर्चा शुरू हो गई। इस बीच सायरस मिस्त्री ने खुद टाटा ग्रुप का चेयरमैन बनाए जाने की बात कही। 4 साल बाद सायरस मिस्त्री को टाटा संस के चेयरमैन पद से हटा दिया गया और रतन टाटा ने ग्रुप की कमान संभाली। 2018 में उन्हें टाइटन का वाइस चेयरमैन बनाया गया और 2017 में उन्हें ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल किया गया।

### 2014 में बने थे ट्रेंट के चेयरमैन, शेयर 6000 प्रतिशत बढ़ा

2014 से वे ट्रेंट लिमिटेड के चेयरमैन हैं। ट्रेंट जुडियो और वेस्टसाइड की ओनर है। इनकी लीडरशिप में पिछले 10 साल में कंपनी के शेयरों में 6,000 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आई है। नोएल की लीडरशिप ने कंपनी ने ऐसे समय में अपने कर्मचारियों और स्टोर्स की संख्या बढ़ाई है जब उसके मार्केट पीयर्स कम हो रहे थे।

### टाटा ट्रस्ट की 66 प्रतिशत हिस्सेदारी

टाटा ट्रस्ट की अहमियत और आकार इस तरह समझ सकते हैं कि यह टाटा ग्रुप की परोपकारी संस्थाओं का समूह है। ये 13 लाख करोड़ रुपए के रेवेन्यू वाले टाटा ग्रुप में 66त्न की हिस्सेदारी रखता है। टाटा ट्रस्ट में सर रतन टाटा ट्रस्ट और एलाइड ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और एलाइड ट्रस्ट शामिल हैं। गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने वाले ये ट्रस्ट, रतन टाटा की विरासत का अभिन्न अंग हैं।

### कौन हैं नोएल टाटा

नोएल टाटा, रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। दरअसल रतन टाटा के पिता नवल टाटा ने दो शादियां की थीं। नवल टाटा ने पहली शादी सूनी टाटा से की थी, जिनसे उनके दो बेटे रतन टाटा और जिम्मी टाटा हुए। सूनी टाटा से तलाक के बाद नवल टाटा ने स्विट्जरलैंड की एक बिजनेसवमेन सिमोन से साल 1955 में दूसरी शादी की। नवल टाटा और सिमोन टाटा के बेटे ही नोएल टाटा हैं। नोएल 40 वर्षों से टाटा समूह से जुड़े हुए हैं और मौजूदा समय में टाटा समूह की कई कंपनियों के बोर्ड में कार्यरत हैं।

# जेपी सेंटर को बेचना चाहती है सरकार!

## सपा अध्यक्ष अलिखेश यादव जेपी नारायण की जयंती पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे, पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया

- अखिलेश यादव ने लगाया आरोप, योगी सरकार मिटाना चाहती है जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र
- सपा शासन काल में इसे 800 करोड़ से ज्यादा लागत पर बनाया गया था
- जांच और सियासत के चलते अब जेपी सेंटर खंडहर में तब्दील हो चुका है, परिसर में झाड़ियां उग आई हैं



जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। जेपी नारायण की जयंती के नाम पर सपा और भाजपा में शुक्रवार को खुलेआम सियासी दंगल हुआ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि योगी सरकार जयप्रकाश नारायण अंतराष्ट्रीय केंद्र को बेचना चाहती है और समाजवादियों की राजनीति पर हमला करना चाहती है। प्रदेश की राजधानी स्थित जयप्रकाश नारायण अंतराष्ट्रीय केंद्र ( जेपीआईएनसी ) एक बार फिर चर्चा में है। सपा अध्यक्ष अलिखेश यादव जेपी नारायण की जयंती पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे, पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। सपा अध्यक्ष का आरोप है कि योगी सरकार जेपी सेंटर को बेचना चाहती है। सपा शासन काल में इसे 800 करोड़ से ज्यादा लागत पर बनाया गया था, हालांकि जांच और सियासत के चलते अब जेपी सेंटर खंडहर में तब्दील हो चुका है। परिसर में झाड़ियां उग आई हैं।

### इस इमारत में पार्किंग, हेलीपैड समेत तमाम सुविधाएं

सपा शासन काल में साल 2012 में इंडिया हैबिटेट सेंटर की तर्ज पर जयप्रकाश नारायण अंतराष्ट्रीय केंद्र का निर्माण शुरू हुआ था, साल 2017 तक इस पर करीब 860 करोड़ रुपये खर्च हो चुके थे। रियल एस्टेट कंपनी शालीमार ने इसका निर्माण किया। 17 मंजिल की इस इमारत में पार्किंग, जेपी नारायण से जुड़ा एक म्यूजियम, बैडमिंटन कोर्ट, लॉन टेनिस खेलने की व्यवस्था है। साथ ही यहां ऑल वेदर स्वीमिंग पूल भी बनाया गया है। इसके अलावा करीब 100 कमरों का एक बड़ा गेस्ट हाउस भी तैयार किया गया है। खास बात यह है कि 17वीं मंजिल पर एक हेलीपैड बनाया गया है।

### अध्यक्ष अखिलेश यादव सेंटर पहुंचे तो वहां टिन शेड से ढकने का काम किया जा रहा था

11 अक्टूबर को जेपी की जयंती से पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सेंटर पहुंचे तो वहां टिन शेड से ढकने का काम किया जा रहा था। इसे देख अखिलेश यादव सरकार पर हमलावर हो गए। बता दें कि इससे पिछले साल जेपी की जयंती पर अखिलेश यादव अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जेपी सेंटर के अंदर गेट पर चढ़कर घुसना गए थे, उस समय भी भारी पुलिस फोर्स ने उन्हें रोकने की कोशिश की थी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था।

### निर्माण कार्य में गड़बड़ी मिलने पर 2017 में योगी सरकार ने जांच बैठा दी थी



साल 2017 तक जेपी सेंटर का करीब 80 फीसदी काम पूरा हो गया था। योगी सरकार बनने पर इसका निर्माण रुक गया। निर्माण कार्य में गड़बड़ी मिलने पर योगी सरकार ने जांच बैठा दी। जांच के चलते इसका पूरा निर्माण नहीं हो सका। अब यहां महंगी टाइल्स के बीच झाड़ियां उग आई हैं। नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। शाम होते ही यहां नशेड़ी जमा होने लगते हैं। सपा का आरोप है कि जेपी सेंटर के अंदर जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा है, साथ ही कुछ ऐसी चीजें हैं जिसे लोग आसानी से समाजवाद को समझ सकते हैं, योगी सरकार इसे निजी कंपनी के हाथों बेचना चाहती है।

# गंगोत्री धाम के कपाट दो नवंबर को यमुनोत्री के तीन नवंबर को बंद होंगे

जन एक्सप्रेस । उत्तरकाशी



गंगोत्री धाम के कपाट अभिजीत मुहूर्त में अन्नकूट पर्व के अवसर पर 2 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद होंगे, जबकि यमुनोत्री धाम के कपाट भैया दूज के दिन 3 नवंबर को बंद किए जाएंगे। परंपरा अनुसार, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट बंद करने के मुहूर्त शारदीय नवरात्र के अवसर पर तय किए जाते हैं। शुक्रवार को गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के तीर्थ पुरोहितों ने दोनों धामों के कपाट बंद करने के शुभ मुहूर्त की घोषणा की। गंगोत्री धाम में भगवती गंगा के कपाट 2 नवंबर को दोपहर 12–14 बजे बंद होंगे। मां भगवती गंगा की डोली गंगोत्री से प्रस्थान कर रात्रि में भगवती मंदिर मारकंडेय में विश्राम करेगी और 3 नवंबर को मुखवा गांव में शीतकालीन प्रवास के लिए विराजमान हो जाएगी। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने जानकारी दी कि परंपरा अनुसार गंगोत्री धाम के कपाट बंद करने का मुहूर्त शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन तय किया जाता है। इस वर्ष, मां गंगा की डोली 3 नवंबर को अपने मायके मुखवा में छह महीने के शीतकालीन प्रवास के लिए पहुंचेगी। इस अवसर पर मंदिर समिति के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। यमुनोत्री धाम के कपाट भी परंपरानुसार दशहरे के दिन तय किए गए मुहूर्त के अनुसार 3 नवंबर को भैया दूज पर बंद होंगे। यमुनोत्री धाम के रावल आशीष उनियाल ने बताया कि 3 नवंबर को सोमेश्वर देवता की डोली के साथ मां यमुना की डोली खरसाली गांव के लिए रवाना होगी, जहां शीतकालीन प्रवास होगा।

# एयर इंडिया के विमान में आई तकनीकी खराबी, एयरपोर्ट के ऊपर लगाए चक्कर, ढाई घंटे बाद सुरक्षित उतरा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तमिलनाडु के त्रिची से शारजाह जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते एयरपोर्ट पर विमान को उतरने में दिक्कत हुई। करीब ढाई घंटे तक विमान हवा में ही चक्कर लगाता रहा। काफी प्रयासों के बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक 140 यात्रियों को लेकर एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान ने त्रिची से शाम 5:40 बजे शारजाह के लिए उड़ान भरी थी। विमान जैसे ही रनवे से हवा में पहुंचा तो उसके हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी आ गई। इसके बाद पायलट में इमरजेंसी घोषित करते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन को सूचना दी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि विमान को उतरने में समस्या हो रही थी। ईंधन कम करने के लिए विमान के हवा में ही उड़ाया गया। करीब ढाई घंटे तक विमान हवा में चक्कर काटता रहा। काफी देर से त्रिची एयरपोर्ट के पास चक्कर काटने के चलते 140 यात्रियों की जान अटकी रही।

### सीएम स्टालिन ने अफसरों को दिए यात्रियों की सुरक्षा के निर्देश

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने एक्स पर पोस्ट किया कि यह सुनकर खुशी हुई कि एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान सुरक्षित रूप से उतर गई है। लैंडिंग गियर की समस्या की खबर मिलने पर मैंने तुरंत फोन पर अधिकारियों के साथ एक आपातकालीन बैठक की और उन्हें अग्निशमन, एंबुलेंस तैनात करने सहित सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय लागू करने का निर्देश दिए। अब जिला कलेक्टर को सभी यात्रियों की निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करने और सुरक्षित लैंडिंग के लिए कैप्टन और चालक दल को सहायता प्रदान करने के लिए कहा है।

# अब कभी गठबंधन नहीं : मायावती

## भाजपा–कांग्रेस से भी दूर रहेंगे, स्वार्थी नेताओं को जोड़ना मकसद नहीं



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में उपचुनाव से पहले बसपा प्रमुख मायावती ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा- अब बसपा कभी भी गठबंधन नहीं करेगी, क्योंकि गठबंधन से पार्टी को फायदा नहीं हुआ। दूसरी पार्टी अपना वोट बैंक ट्रांसफर नहीं करा पाती है। भाजपा-कांग्रेस से भी दूरी बरकरार रहेगी। मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया ङ्ग पर 3 पोस्ट किए। कहा- यूपी और दूसरे राज्यों में यह देखने को मिला है कि बसपा का वोट तो ट्रांसफर हो जाता है, जबकि दूसरी पार्टियों का वोट बसपा को नहीं मिलता है। दूसरे दलों में इतनी क्षमता नहीं कि वह अपना वोट बैंक ट्रांसफर करा पाए। इससे चुनावी रिजल्ट अच्छा नहीं आता है और पार्टी कैडर निराश हो जाता है। मायावती ने कहा- बसपा स्वार्थी नेताओं को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि बहुजन समाज को जोड़ने के लिए है। संगठित होकर राजनीतिक शक्ति बनने का आंदोलन है। इस मकसद के लिए इधर-उधर ध्यान भटकाना नुकसानदेह होगा।

### जातिवादी ताकतें बसपा को कमजोर करने की कोशिश कर रहीं

मायावती ने कहा, अभी हरियाणा चुनाव में अपेक्षित रिजल्ट नहीं मिला। इसलिए, समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय पार्टियों से भी आगे गठबंधन नहीं करने का निर्णय लिया है। भाजपा या ह्रष्ठ, कांग्रेस या इंडी गठबंधन से भी पहले की तरह दूरी जारी रहेगी। बसपा के आत्मसम्मान और स्वाभिमान को कमजोर करने की जातिवादी ताकतें लगातार कोशिश कर रही हैं। इसलिए जरूरी है कि अपने लिए योग्य और शासक वर्ग बनने की प्रक्रिया पहले की तरह जारी रखनी जरूरी है।

# 1000 'शक्ति सारथी' को हरी झंडी दिखाकर रचा इतिहास

## सीएम योगी के मार्गदर्शन में शारदीय नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के अवसर पर गोण्डा में की गई ऐतिहासिक पहल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/गोण्डा

- पिंक कलर के 1000 ई-रिक्शा को किया गया रवाना, ई-रिक्शा को दिया गया है 'शक्ति सारथी' का नाम
- परिवहन के दौरान महिलाओं की पूर्ण सुरक्षा के लिए सभी ई-रिक्शा चालकों को किया गया है प्रशिक्षित
- सुरक्षा के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता के लिए भी प्रशिक्षित
- किए गए हैं शक्ति सारथी
- कार्यक्रम में 108 कन्याओं का किया गया पूजन, उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 महिलाओं का भी हुआ सम्मान

शारदीय नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गोण्डा जिले ने ऐतिहासिक पहल की है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में पहली बार गोण्डा में ÷शक्ति सारथी÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 1000 पिंक कलर के ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन ई-रिक्शा को ÷शक्ति सारथी÷ नाम दिया गया है, जिनका उपयोग 90त्न से अधिक महिलाओं द्वारा किया जाएगा। सभी ई-रिक्शा चालकों को सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशिक्षित किया गया है और उन्हें महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में 108 कन्याओं का कन्या पूजन और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।

### आपातकालीन सहायता के प्रति किया गया प्रशिक्षित

गोण्डा की डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि दुर्गा अष्टमी के अवसर पर जनपद में शक्ति वंदन 2.0 के तहत ÷शक्ति सारथी÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ÷शक्ति सारथी÷ कार्यक्रम एक अनूठा प्रयास है, जिसमें ई-रिक्शा चालकों को ÷सारथी शक्ति÷ की उपाधि दी गई है, जिससे वे महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में योगदान कर सकें। ÷शक्ति सारथी÷ पहल के तहत ऑटो चालकों का प्रशिक्षण महिला सुरक्षा को मजबूत



बनाएगा और समाज में एक नया संदेश प्रस्तुत करेगा। यह पहल इस बात पर आधारित है कि 90त्न से अधिक महिलाएं यात्रा के लिए ऑटो या ई-रिक्शा का इस्तेमाल करती हैं। शुरुआत में 1000 से अधिक ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को इस पहल के अंतर्गत शामिल किया गया है, जिन्हें महिलाओं की सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में सहायता प्रदान करने का प्रशिक्षण दिया गया है। भविष्य में इस कार्यक्रम को और भी विस्तारित किया जाएगा।

### बिना डर के यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

उन्होंने बताया कि शक्ति वंदन 2.0 के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति सारथी पहल के अंतर्गत ऑटो चालकों को प्रशिक्षित किया गया है, ताकि महिलाएं बिना किसी डर के यात्रा कर सकें। यह कार्यक्रम समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक ब दलाव लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्यक्रम जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित किया गया है, जिसमें कार्यक्रम स्थल पर उत्पन्न कचरे का समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, और आधारभूत ढांचे में हुए सुधारों को प्रदर्शित किया गया।

### 108 कन्याओं का पूजन

इस अवसर पर जिले के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों से आई 108 कन्याओं का कन्या पूजन किया गया और उन्हें उपहार भेंट किए गए। वहीं, नवदेवी सम्मान समारोह के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का भी सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त हवन, प्रसाद वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत आकांक्षा समिति उत्तर प्रदेश



की अध्यक्ष डॉक्टर गरिमा सिंह ने वर्चुअल माध्यम से की, जबकि गोण्डा की डीएम नेहा शर्मा, सीडीओ अंकिता जैन और जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इससे पूर्व पिछले वर्ष गोण्डा जिला प्रशासन ने शक्ति वंदन कार्यक्रम की शुरुआत की थी। तब करीब 12 हजार कन्याओं का पूजन कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया था।

# पोल शिफ्टिंग के लिए बिजली विभाग को मिले 99 लाख, जल्द होगा कार्य

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह यादव





उरई। शहर में बन रही सड़क के निर्माण की वजह से लग रहे जाम के झाम से शहरियों को जल्दी ही मुक्ति मिलने वाली है। पीडब्ल्यूडी व बिजली विभाग ने पोल शिफ्टिंग की रुकावट को दूर कर दिया है। जल्द ही बिजली के पोलों को डिवाइडर के बीच में शिफ्टिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा। बता दे कि इन दोनों शहर में मेडिकल चौराहे से रनिया बाईपास तक सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिसको लेकर ठेकेदार ने शहर के एक साइड पर सीसी का निर्माण कर दिया है, लेकिन दूसरी ओर निर्माण कार्य कई दिनों से लटका पड़ा है। निर्माण कार्य न होने से आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही अधूरे निर्माण की वजह से शहर में दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे लोग परेशान हैं। आए दिन राहगीर इस निर्माणधीन सड़क से गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। वही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिजली के पोल शिफ्टिंग ना होने की वजह से निर्माण कार्य में रुकावट आ रही है, जिसको अब दूर कर लिया गया है। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों को कहना है सभी कागजी कार्रवाई को पूर्ण कर लिया गया है, जल्दी ही बिजली के पोलो को सड़क के बीच में शिफ्ट कर दिया जाएगा। जिसके बाद निर्माण का शुरू कर दिया जाएगा।

### लोक निर्माण विभाग में 99 लाख का किया भुगतान

उरई। पोल शिफ्टिंग के लिए लोक निर्माण विभाग व बिजली विभाग के बीच चल रही रस्ता काशी को खत्म करते हुए लोग निर्माण विभाग ने बिजली विभाग को पोल शिफ्टिंग के लिए 98.65 लाख लाख रुपए का भुगतान कर दिया है जिससे जल्दी कार्य शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### लाइन व पोल का सर्वे हुआ पूरा

उरई। बिजली बिजली अधिकारियों की मांने तो लाइन व पोल का सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। ढाई किलोमीटर लाइन में करीब 58 स्टील पोल लगाई जा रहे हैं।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

उरई। अधीक्षण अभियंता जीतेन्द्र नाथ का कहना है कि बिजली शिफ्टिंग के लिए लोक निर्माण विभाग से भुगतान मिल गया है। सर्वेकर भी पूर्ण कर लिया गया है। जल्दी टेंडर कर शिफ्टिंग का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने 51 कन्याओं का पूजन कर वितरित किए उपहार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विशेष कन्या पूजन व उनके लिए प्रसाद ग्रहण का आयोजन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की उपस्थिति में शुक्रवार को विकासखंड मानिकपुर की ग्राम पंचायत अगरहुड्डा में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने 51 कन्याओं का मंत्रोच्चारण द्वारा कन्यापूजन के बाद उपहार भी वितरण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन से सम्बन्धित सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, व्यवस्थाओं आदि के बारे में प्रचार-प्रसार कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अपील किया कि सभी लोग बच्चियों को स्कूल भेजें। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण सम्बन्धी लाभ लें। उन्होंने कहा कि पढाई से समाज में बदलाव आ सकता है। इसमें सभी लोगों का सहभागिता होनी चाहिए, जिससे बच्चियां पढ लिख कर आगे बढ सकेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं व बच्चियों को आगे बढने के लिए कई योजनाओं के माध्यम से आगे बढने के लिए अवसर दिया जा रहा है। आप लोग इसका लाभ उठाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कुप्रथाओं को छोडकर शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करनी चाहिए। आज महिलाएं आगे बढ कर आसमान छू रही है। आप लोग भी पढ लिख करके आगे बढे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नंदकिशोर, दिनेश का अन्नप्राशन एवं गौरा, सुलेखा की गोद भराई भी किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह, डीआरआई से राजेंद्र, बसंत, ग्राम प्रधान अगरहुड्डा प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# भीम आर्मी व आजादी पार्टी ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम के नेतृत्व में शुक्रवार को राजापुर तहसील में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने धरना प्रदर्शन किया। साथ ही राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार मनोज सिंह को सौंपा।

भीम आर्मी जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने बताया कि राजापुर में ग्रामीणों, मजदूरों और महिलाओं का शोषण किया जाता है। साथ ही रंगावती पत्नी गोरेलाल निवासी चिल्ली राकस के साथ हुई मारपीट पर कार्यवाही की मांग, अवधेश पुत्र काशी निवासी चिल्ली राकस के प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कर कारवाई करने एवं सिद्ध विनायक हॉस्पिटल रेप कांड के शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी की टीम ने तहसील पहुंचकर धरना प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन राजापुर नायब तहसीलदार मनोज सिंह को सौंपा।

संजय कुमार गौतम ने ज्ञापन में मांग किया कि रंगवती की प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए गोरेलाल के साथ हुई मारपीट पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही हो, अवधेश पुत्र काशी के प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेकर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही होनी चाहिए तथा सिद्ध विनायक हॉस्पिटल रेप कांड के शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन राजापुर के नायब तहसीलदार मनोज सिंह को सौंपा।

इस मौके पर आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, भीम आर्मी जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण दास पटेल, आजाद समाज पार्टी विधानसभा अध्यक्ष कोमल सूर्यवंशी, सुनील अंबेडकर, भाग्यचंद्र सोनकर, अनिकेत, रामसुमन, ललित, राजकुमार, रामेश, रोहित, गोरेलाल, रंगवती रज्जू, तारा, छोटेलाल, काशी, सोनिया, रोहित आदि मौजूद रहे।

## नानाजी देशमुख एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती में ग्रामोदय पखवाडा का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारत में समय-समय पर अनेक महापुरूष ने जन्म लेकर तत्कालीन समाज को दिशा देने के साथ एक जागरूकता का वातावरण निर्मित किया है। एकात्म मानववाद के चिन्तक पं. दीनदयाल उपाध्याय, समग्र क्रांति प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख का नाम भी इन्हीं महापुरूषों की श्रंखला में आता है। इन तीनों ही महापुरुषों के जन्मदिवस पर दीनदयाल शोध संस्थान में 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से 11 अक्टूबर भारत रत्न नानाजी देशमुख एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती तक ग्रामोदय पखवाडा का कार्यक्रम मनाया गया। इसके लिए संस्थान के सभी प्रकल्पों से प्रमुख कार्यकर्ता चित्रकूट एवं मझगवॉ जनपद के सभी स्वावलंबन केंद्रों एवं संपर्कित केंद्रों तक प्रवास किये तथा वहां समाज शिल्पी दंपत्ति एवं ग्राम संयोजक कार्यकर्ताओं के सहयोग से श्रद्देय नानाजी के जयंती कार्यक्रम को ग्राम आबादियों तक धूमधाम से संपन्न किए।

इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में सरसों दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित, प्रगतिशील किसान शंकरलाल तिवारी, रामचन्द्र भर्ती, देवी कोल एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा केन्द्र प्रमुख डॉ राजेन्द्र सिंह नेगी द्वारा नानाजी के चित्र पर दीपप्रज्वलन व माल्यर्पण से हुआ। वैज्ञानिक विजय गौतम द्वारा तिलहन के अंतर्गत सरसों उत्पादन को बढावा देने के लिए उन्नत कृषि तकनीक, उन्नत बीज एवं संतुलित उर्वरकों के प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सरसों में लगने वाले कीटों एवं रोगों की पहचान इससे नुकसान व बचाव के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। राजवीर सिंह प्रक्षेत्र अधिकारी इफको ने इफको उत्पाद, नैनों डीएपी, नैनों यूरिया नैनों बेस्ट डिकम्पोजर एवं सागरिका के कृषि उत्पादन में उपयोग व उसके महत्व के विषय में जानकारी प्रदान की। इस दौरान कृषकों को निशुल्क सरसों का बीज वितरित किया गया।

## तेलू खाने से बीमार हुई एक और वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस । उरई

कोंच तेलू खाने के बाद हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज लाई गई वृद्ध महिला कि शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई।

कोंच तहसील मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर बरोदा कला गांव में 7 अक्टूबर को हरिप्रकाश के घर कन्या भोज और तेलू भोज का आयोजन किया गया था। जिसमें सबसे पहले कन्या भोज में तेलू खिलाई गई और कन्याओं को देकर घर भेज दिया गया। दोपहर में मेहमानों को बुलाया गया जिसमें गांव के अलावा आस-पास के गांवों से नाते-रिश्तेदार शामिल होने आए। जिन्होंने तेलू खाई। इसके बाद एक-एक करके लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार होते चले गए। उल्टी-दस्त से पीड़ित सभी को सीएचसी और कुछ को प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराया गया। उल्टी-दस्त से पीड़ित सभी को सीएचसी और कुछ को प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जहां एक नौ वर्षीय आर्यन की मौत हो गई। उरई मेडिकल कॉलेज में भर्ती बुजुर्ग महिला रामवती 75 वर्ष पत्नी मौजी लाल की बीते 9 अक्टूबर की रात मौत हो गई। जिसकी खबर गांव आई तो ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया था। लेकिन शुक्रवार की सुबह फिर से गांव में सूचना पहुंची की वृद्ध महिला रामवती पिंडारी वाली 60 वर्ष पत्नी परशुराम ने भी उपचार दौरान मेडिकल कॉलेज उरई में दमतोड़ दिया है। इसके बाद गांव में हर तरफ लोग परेशान हाल में नजर आए।

## छापामार अभियान में खाद्य पदार्थों के भरे गए नमूने



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन प्रियंका सिंह ने बताया कि नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के अवसर पर आम जन मानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन विभाग द्वारा अभियान दल का गठन कर जनपद में खाद्य, पेय पदार्थों में मिलावट का सन्देह होने पर छापामार कार्यवाही कर जांच के लिए नमूनों का संग्रहण किया जा रहा है। अभियान दल ने सिघांड़ा आटा का 1 नमूना संग्रहित किया। उप जिलाधिकारी कर्वी व सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व में जनपदीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा किया गया। जिसमें कामधेनु स्वीट्स से काजू की बर्फी का 1 नमूना संग्रहीत कर जांच व विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान दल द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को जागरूक करते हुये हिदायत दी जा रही है कि खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करें। अन्यथा कि दशा में विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# विधिक साक्षरता एवं बाल संरक्षण के प्रति बालिकाओं और महिलाओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की धर्मपत्नी सुधा शर्मा ने शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय खोही भाग-2 नगर क्षेत्र कर्वी में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कन्या भोज कराया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बच्चों को विधिक साक्षरता एवं बाल संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आप लोग अच्छी शिक्षा ग्रहण करें, जिसमें आप एवं आपका परिवार सुखी रहे। उन्होंने कहा कि जो विधिक साक्षरता एवं बाल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई है, उसका आप लोग अध्ययन करके किसी भी परिस्थिति में उन अधिकारों का प्रयोग करें। किसी से डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वावलंबी बने यही शासन द्वारा अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने विद्यालय के बच्चों से कहा कि मिशन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का उद्देश्य प्रदेश में बच्चों, बालिकाओं व महिलाओं के प्रति सम्मान बढाना है। साथ ही बालिकाओं को साहसी निडर स्वावलंबी और देश हित में नए मुकाम हासिल करना है। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने व अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने को प्रेरित किया।

# अवैध तरीके से भंडारण किए गए लाखों रुपए के पटाख़ों के साथ एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उरई



कोंच कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध तरीके से एक घर में बिना लाइसेंस के भंडारण किए गए लाखों रुपए के पटाखे बरामद किए। बल्कि मौके से पुलिस ने एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया, जबकि दो लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पटाखों को जब्त कर तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

मामले का खुलासा करते हुए कोंच क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह ने बताया कि नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय व उनकी टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मोहल्ला लाजपत नगर में एक दुकान में बड़ी मात्रा में बिना किसी वैध लाइसेंस के बंद कमरे में पटाखों का अवैध तरीके से भंडारण किया गया है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर वैभव शुक्ला पुत्र श्रीकांत शुक्ला निवासी शुक्ला मार्केट मोहल्ला लाजपत नगर की दुकान पर दबिश डाल दी। जहां पर 9 जूट की बोरियों में देशी दिवाल बम व 647 पैकेट डिब्बे अवैध पटाखे विभिन्न कंपनियों के व एक गत्ता माचिस सहित प्लास्टिक की बोरी में रोशनी वाले देशी महताब मिले, जिसकी कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई है। इतना ही नहीं बल्कि पुलिस ने मौके से वैभव शुक्ला को भी गिरफ्तार किया है। जबकि दो अन्य लोग रात का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। सीओ ने बताया कि तीनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए वैभव को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करते हुए कार्रवाई की जा रही है। वहीं दो अन्य लोगों को पकड़ने की कवायत शुरू कर दी गई है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बजरंगबली के दिव्य दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं हनुमान धारा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



हनुमान धारा मंदिर की 618 सीढियां चढकर अभी तक श्रद्धालुओं को दर्शन मिलते थे। अब रोपवे से सुरक्षित और आसान तरीके से श्रद्धालु प्रभु दर्शन कर रहे हैं। 302 मीटर लम्बी रोप-वे के सफर में 500 श्रद्धालु प्रति घंटे में आ-जा सकते हैं। रोप-वे शुरू होने से यहां प्रतिदिन पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं को महज पांच मिनट में पहाड़ की चोटी पर पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन प्राप्त हो रहे हैं। एक मिनट को रोप-वे को बीच में रोका जाता है, जिससे श्रद्धालु चित्रकूट के नैसर्गिक नजारों का भी दीदार करते हैं। नवरात्रि के पावन दिनों में भगवान बजरंगबली के दिव्य दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे है। हनुमान धारा के बारे में कहा जाता है कि जब बजरंगबली ने लंका में आग लगाई, उसके बाद उनकी पूंछ में लगी आग को बुझाने के लिए वो इस जगह आये, जिन्हे भक्त हनुमान धारा कहते है। यह विन्ध्यास के शुरुआत में रामघाट से 4 किलोमीटर दुर है। एक चमत्कारिक पवित्र और ठंडी जल धारा पर्वत से निकल कर बजरंगबली की मूरत की पूँछ को स्नान कराकर नीचे कुंड में चली जाती है। कहा जाता है कि जब बजरंगबली ने लंका में अपनी पूँछ से आग लगाई थी, तब उनकी पूँछ पर भी बहुत जलन हो रही थी। रामराज्य में भगवन श्री राम से बजरंगबली विनती की। जिससे अपनी जली हुई पूँछ का इलाज हो सके। तब श्री राम ने अपने बाण के प्रहार से इसी जगह पर एक पवित्र धारा बनाई जो बजरंगबली की पूँछ पर लगातार गिरकर पूँछ के दर्द को कम करती रही। यह जगह पर्वत माला पर है। हनुमान धारा वर्तमान में यह चित्रकूट स्थान उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की कर्वी तहसील तथा मध्यप्रदेश के सतना जिले की सीमा पर स्थित है। यूं तो भारत में एक से बढ कर एक बजरंगबली के भव्य मंदिर हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के बांदा से लगे मध्यप्रदेश के सतना जिले में स्थित चित्रकूट धाम के हनुमान धारा मंदिर की बात ही कुछ और है। आज भी वहां बजरंगबली की बायीं भुजा पर लगातार जल गिरता नजर आता है। वहां विराजे बजरंगबली की आंखों को देख कर ऐसा लगता है, मानो हमें देख कर वह मुस्करा रहे हैं। साथ में भगवान श्रीराम का छोटा-सा मंदिर भी वहां है।

## पुलिस अधीक्षक ने किया थाना मानिकपुर का आकस्मिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नवरात्रि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में मानिकपुर पुलिस बल द्वारा नवरात्रि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने के लिए कस्बा मानिकपुर के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड भाड वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा दुकानदारों, व्यापारियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही संदिग्ध वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों से पूंछताछ की गयी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना मानिकपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात व नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# सड़क छाप मजनू का महिलाओं ने उतारा इश्क का भूत

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली के चुर्खी रोड बघौरा क्षेत्र में महिलाओं ने सड़क छाप मजनू की मेहमान नवाजी कर इश्क का भूत उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हिरासत में लिया और सम्बन्धित कारवाई कर चालान कर दिया।

बताया गया कि एक सड़क छाप मजनू कई दिनों से शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला को फ़ोन कर परेशान कर रहा था। इतना ही नहीं बल्कि विरोध करने पर गाली गलौज कर धमकियां दे रहा था। मजनू से परेशान होकर पीड़ित महिला ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। जानकारी होने के बाद परिवार की महिलाओं ने कुछ अन्य महिलाओं के साथ मिलकर सड़क छाप मजनू का इश्क का भूत उतारने का प्लान बना लिया। इसके बाद महिलाओं ने उसे मिलने के बहाने से मोहल्ला बघौरा क्षेत्र में बुलाया और बीच सड़क पर चप्पलों से आशिक मिजाज युवक की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं बल्कि महिलाओं ने उसे पकड़कर खबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं के कब्जे से आरोपी युवक को हिरासत में लिया और उसे कोतवाली ले जाया गया। मामले में सीओ उमेश कुमार पांडे ने बताया कि एक ही युवक द्वारा फोन पर महिलाओं को परेशान किया जा रहा था। जिससे महिलाओं ने पकड़ कर मारपीट कर दी। महिलाओं की तहरीर पर आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित कार्रवाई की गई है।

# 16 से 18 अक्टूबर तक होगा सांस्कृतिक संध्या शरदोत्सव का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



चित्रकूट के विकास को कई आयामों के साथ जोडकर देश-दुनिया को स्वावलम्बन का संदेश देने वाले राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के जन्मदिन शरद पूर्णिमा से प्रारम्भ होने वाले तीन दिवसीय पारम्परिक एवं समकालीन कला की सांस्कृतिक संध्या शरदोत्सव प्रत्येक वर्ष एक नई छाप छोड रहा है। राष्ट्रीय स्तर के इस सांस्कृतिक आयोजन को लेकर चित्रकूट क्षेत्र के आम जनमानस को इंतजार रहता है। इस वर्ष का शरदोत्सव कार्यक्रम 16 अक्टूबर शरद पूर्णिमा को शुरू होकर 18 अक्टूबर तक रहेगा। जिसके आयोजन को लेकर उद्यमिता विद्यापीठ चित्रकूट के डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संत समाज, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों से लोगों ने आयोजन को लेकर अपने सुझाव दिये। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि एक लम्बे अर्से से राष्ट्रऋषि नानाजी के जन्मोत्सव पर शरदोत्सव का आयोजन दीनदयाल शोध संस्थान करता आ रहा है। विगत कुछ वर्षों से शरदोत्सव का स्वरूप राष्ट्रीय स्तर का हो गया है। जिसमें संस्कृति संचालनालय मध्यप्रदेश और जिला प्रशासन के सहयोग से अभूतपूर्व आयोजन होते आ रहे है। उन्होंने कहा कि नानाजी का जीवन हमेशा सार्वजनिक रहा है और उनके काम भी आम जनमानस के लिये रहे हैं, इसलिए शरदोत्सव का आयोजक मण्डल चित्रकूट क्षेत्र के सभी नागरिक रहें। इस मौके पर रामजी दास संतोषी अखाडा, बलरामदास रामानंद आश्रम, सीताशरण दास जानकी महल, गोविंददास भगवत आराधना आश्रम, दिव्य जीवन दास दिगम्बर अखाडा, डॉ राम नारायण त्रिपाठी गायत्री शक्तिपीठ, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट ऋषि बोहरा, समाजसेवी विवेक अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, रामसागर चतुर्वेदी, डॉ अश्वनी अवस्थी, कार्तिकेय द्विवेदी, राव प्रबल श्रीवास्तव, राजेन्द्र मिश्रा, अवधशरण, संगीता जैन, राजेश्वरी द्विवेदी, एसडीएम जितेंद्र वर्मा, तहसीलदार हिमांशु शुक्ला, सीएमओ विशाल सिंह, एसडीओपी रोहित राठौर, टीआई पंकज शुक्ला आदि मौजूद रहे।



**जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र–झारखंड को लेकर किया...**

हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनावों के बाद अब बारी झारखंड और महाराष्ट्र की है। जहां अगले कुछ महीनों में विधानसभा के चुनाव होने है। राजनीतिक पार्टियां अपनी–अपनी तैयारी तेज कर चुकी है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा... पढ़ें पेज 12 पर...

# 2019 कुंभ के भी रिकॉर्ड तोड़ेगा महाकुंभ 2025

- भव्य और दिव्य महाकुंभ के साथ ही पूरी दुनिया के लिए आयोजन को मिसाल के रूप में किया जाएगा प्रस्तुत
- विभिन्न सार्वजनिक गतिविधियों में रिकॉर्ड जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित
- व्यापक जनभागीदारी के माध्यम से 2019 कुंभ में बनाए गए रिकॉर्ड्स को तोड़ने की तैयारी
- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के माध्यम से दुनिया को दिया जाएगा ग्रीन एवं स्वच्छ महाकुंभ का संदेश
- 2019 कुंभ में रिकॉर्डब्रेकिंग गतिविधियों पर खर्च किए गए थे 3.5 करोड़ रुपए, महाकुंभ 2025 में 5 करोड़ का बजट स्वीकृत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

महाकुंभ-2025 को भव्य और दिव्य बनाने के साथ ही योगी सरकार दुनिया के सबसे बड़े आयोजन को पूरी दुनिया सामने मिसाल के रूप में भी प्रस्तुत करने जा रही है। करीब दो माह तक चलने वाले इस बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के साथ ही इस बार कुंभ 2019 की तर्ज पर कई बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी स्थापित किए जाएंगे। ये रिकॉर्ड्स कुंभ 2019 में बनाए गए रिकॉर्ड्स में सुधार करेंगे और सार्वजनिक गतिविधियों में जनभागीदारी की भावना को प्रोत्साहित करेंगे। 2019 में जहां इन गतिविधियों पर योगी सरकार ने 3.5 करोड़ रुपए खर्च किए थे तो वहीं इस बार 5 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया गया है। इन रिकॉर्ड्स के जरिए योगी सरकार पूरी दुनिया को ग्रीन एवं स्वच्छ महाकुंभ का संदेश भी देगी।



## पिछली बार से ज्यादा खर्च की जाएगी राशि

योगी सरकार ने महाकुंभ-2025 के पावन अवसर पर आम लोगों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक पैमाने पर तैयारियां की हैं। इसी क्रम में जनसहभागिता के माध्यम से चार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी स्थापित किए जाने की योजना है। इन सभी गतिविधियों को वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में स्थापित करने के लिए योगी सरकार की ओर से कुल 4.87 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया गया है। इसमें गतिविधियों के प्रबंधन पर सवा दो करोड़ रुपए खर्च होंगे, जबकि अन्य विकास कार्यों पर भी 1.62 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा। इससे पूर्व 2019 कुंभ में भी कई बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड्स स्थापित किए गए थे, जिन पर योगी सरकार ने 3.53 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की थी। इस तरह महाकुंभ 2025 में विभिन्न रिकॉर्ड्स के लिए आयोजित होने वाली गतिविधियों में 1.25 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी।

### ग्रीन एनर्जी और क्लीन एनवायर्नमेंट को मिलेगा बढ़ावा

इसी तरह कुंभ 2019 में योगी सरकार की ओर से मेला क्षेत्र में 28 फरवरी 2019 को सबसे बड़ी बस परेड का आयोजन किया गया था। प्रयागराज मेला प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की परिवहन क्षमता के कुशल प्रबंधन को प्रदर्शित करने के लिए इस गतिविधि के माध्यम से 503 बसों के बेड़े ने शानदार परेड निकाली थी, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया था। इसने अबुधाबी द्वारा बनाए गए 390 बसों के पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त किया था। महाकुंभ 2025 में ग्रीन एनर्जी और हेल्दी इनवायर्नमेंट के प्रति जागरूकता संदेश देने के लिए एक हजार इलेक्ट्रिक रिक्शा (ई–रिक्शा) की परेड़ निकालने की योजना है।

### स्वच्छता का देंगे संदेश

कुंभ 2019 में घाटों और मेला क्षेत्र की एक साथ सफाई को लेकर भी रिकॉर्ड स्थापित किया गया था, जो योगी सरकार की स्वच्छता और कचरा निपटान प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उस दौरान 10,180 लोगों ने इसमें सहभागी बनकर एक ही समय में कई स्थानों पर सफाई अभियान चलाया, जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। महाकुंभ 2025 में इस रिकॉर्ड को भी तोड़ने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। योजना के अनुसार इस बार 15 हजार लोग एक साथ मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों और घाटों पर सफाई अभियान चलाएंगे। स्वच्छता के इस कार्यक्रम में एक और नया रिकॉर्ड स्थापित किया जाएगा, जिसके तहत 300 लोग एक साथ नदी में उतरेंगे और सफाई अभियान को अंजाम देंगे।

## सामुदायिक भागीदारी की भावना को प्रोत्साहन

कुंभ 2019 में योगी सरकार द्वारा सर्वाधिक हैण्डप्रिंट प्रिंटिंग का रिकॉर्ड्स स्थापित किया गया था। उस दौरान 8 घंटे में 60 फीट के कैनवास पर 7,664 लोगों के द्वारा हस्ताक्षर पेंटिंग में योगदान दिया गया था। यह रिकॉर्ड एक सामुदायिक भागीदारी गतिविधि थी, जिसमें दुनिया भर के लोगों ने भाग लिया। इस गतिविधि ने दक्षिण कोरिया द्वारा बनाए गए 4675 हस्ताक्षरों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। महाकुंभ 2025 में योगी सरकार ने इस गतिविधि में 10 हजार लोगों को सम्मिलित कर नया रिकॉर्ड स्थापित करने की योजना बनाई है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सैरपुर पुलिस ने विवाद करने में छह व्यक्ति को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के सैरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में उ0 नि0 संदीप कुमार मिश्रा, का0 अमित कुमार सिंह ने आई आई एम रोड़ पर बी.आर. पैलैस के पास में कुछ व्यक्ति आपस में विवाद कर रहे थे इसी सूचना पर शांति भंग करने में पुलिस ने राज कश्यप, रितेश, मो0 नौशाद, सद्दाम, राजेश कुमार, विमलेश कुमार को धारा 170 बी.एन.एस.एस में समय करीब शुक्रवार दोपहर 11.20 बजे हिरासत पुलिस में लें लिया। वहीं सैरपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि शांति भंग करने में 6 व्यक्तियों को गिरफ़्तार कर विधिक कार्यवाहीं कर न्यायालय भेजा गया है।

### मिशन शक्ति की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग का क्रान्तिकारी कदम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर मुख्यमन्त्री आवास योजना –ग्रामीण के तहत प्रदेश में 51 हजार पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला आयु 18 से 40 वर्ष को इस वर्ष आवास आवंटित किये गये हैं । उप मुख्यमंत्री की पहल पर इस तरह की निराश्रित महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना– ग्रामीण की पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित किया गया है।उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला आयु 18 से 40 वर्ष एक अत्यन्त ही संवेदनशील वर्ग है, जिससे सामाजिक एवं सरकारी स्तर पर बेहद सुरक्षा की आवश्यकता होती है। इस उम्र की विधवा महिलाएं प्राय: ऐसी होती है ,जिनमें से अधिकांश के बहुत छोटे बच्चे होते हैं, जिससे इनके सुरक्षा एवं सहयोग की आवश्यकता और बढ़ जाती है। राज्य सरकार ने इस आयु वर्ग के लाभार्थियों को समस्या के दृष्टिगत मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्रता प्राथमिकता सूची में सम्मिलित कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया है ,जो समाज के हर जरूरतमंद के साथ खड़े होने की राज्य सरकार की मंशा को दर्शाता है।उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि मिशन शक्ति की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग का यह क्रान्तिकारी कदम हैं। इससे ग्राम्य विकास विभाग द्वारा मातृ शक्ति को बहुत बड़ा सम्बल मिला है।

### 'हिन्दुत्व की राजनीति में पिछड़ों ,दलितों का कोई स्थान नहीं'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। हिन्दुत्व की राजनीति व हिन्दुत्व की जीवन शैली में पिछड़ों ,दलितों का कोई स्थान नहीं है। चाहे वह विधायक या सांसद ही क्यों न हो, पिटाई पर भी उसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट आसानी से दर्ज नहीं हो सकती है। यह बात रामलखन रामदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संस्थापक रामलखन वर्मा की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि भारतीय संविधान को हटाकर मनुस्मृति जैसे संविधान लागू करने की कोशिश हो रही है। जो देश की एकता अखंडता और विविधता के लिए गम्भीर खतरा है।विद्यालय की प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष बृजमोहन वर्मा ने कहा कि हमें संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है। शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि हमें अंधविश्वास से बचें और वैज्ञानिक विचार धारा को अपनाएं। प्रवीण कुमार ने श्रद्धांजलि सुमन अर्पित करते हुए हमें राम लखन के विचारों को आत्मसात करना चाहिए। संचालन विनय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ओमकार वर्मा प्रबंधक अभिषेक वर्मा अमित वर्मा जिया लाल रमेश कौशल किशोर रामसंजीवन सत्यवान रावत महेंद्र यादव चन्द्रशेखर रामनरेश वर्मा राजेश अमित यादव बृजेश कुमार कुसुम लता अपराजिता सिंह आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### भाजपा कायस्थों की दुश्मन: अंगारा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। जेपीएनआईसी में जेपी की मूर्ति पर माल्यार्पण न करने देने के भाजपा सरकार द्वारा दिए गए आदेश का कायस्थ चित्रगुप्त महासभा निंदा करता है।प्रदेश अध्यक्ष कायस्थ चित्रगुप्त महासभा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कायस्थ सेना रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि जय प्रकाश नारायण कायस्थों के लिये सम्मानित एवं पूजनीय है इसलिए उन्हें श्रद्धांजलि देने से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव या अन्य किसी को रोकना सरकार की हठवादिता और निकम्मापन है। कायस्थ चित्रगुप्त महासभा सरकार के रवैया की निंदा करता है।

## एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, बीकेटी में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अन्तर्गत एस एस इंटरनेशनल स्कूल एवं एस एस पब्लिक स्कूल में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नन्हें मुन्नों बच्चों ने रंग बिरंगे कपड़े पहन कर भगवान राम और रावण बनकर रामलीला का मंचन किया। नन्हें-मुन्नें बच्चों ने रामलीला पात्रों के वेश में अपनी लीला से सभी का मन जीत लिया। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि दशहरे के दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध किया। इस पर्व को असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के प्रांगण में रावण का दहन किया गया। और बच्चों को रामलीला दिखाई गयी। इस दिन नवरात्री भी मनायी गयी। विजय दशमी का त्यौहार भगवान राम द्वारा रावण के वध का दिन है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षिक एवं शिक्षिकाओं सहयोग किया।एवं नवरात्रि के पावन अवसर पर डांडिया नृत्य का भी आयोजन किया गया।




इस मौके पर तत्पश्चात संस्थापक चेयरमैंन अनिल सिंह चौहान ने और चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान द्वारा अनमोल प्रेरक विचारो से विद्यार्थियों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया और सभी बच्चों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह त्योहार भारतीय संस्कृति के वीरता का पूजक, शौर्य का उपासक है , कार्यक्रम में संस्था की उपाअध्यक्ष हेमा सिंह जी भी उपस्थित रहीं। एस एस इंटेनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या प्रिया उपाध्याय एवं एस एस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सी के शर्मा ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी को दशहरा पर्व की बधाई दी।

## अवध कॉलेजिएट की सभी शाखाओं में बड़ी धूमधाम से मनाया गया दशहरा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अवध कॉलेजिएट की सभी शाखाओ में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे श्री राम, सीता ,लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, रावण आदि की वेशभूषा में आए। इस दौरान विद्यालय परिसर में श्री राम और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया गया। छात्रों ने स्वतंत्र रूप से डांडिया नृत्य कर एक दूसरे के साथ अपनी खुशियां बांटी। सभी छात्र रंग-बिरंगे कुर्ते और छात्राएं आकर्षक एवं रंग बिरंगे लहंगे पहन कर हाँथो में डांडिया लिए नृत्य करते हुए काफी आकर्षक लग रहे थे। संस्थापक प्रबंधक सर्वजीत सिंह, निर्देशिका महोदया जंतिंदर वालिया, सयुक्त निर्देशिका डॉक्टर ब्रह्मजोत कौर एवम् सभी शाखाओ की प्रधानाचार्याओ में इंदु चंदेल, नीरजा सिंह , शिल्पी बाजपेई एवम् अनिता झा ने सभी छात्रों को नवरात्रि की बधाई दी। सभी शिक्षक उत्सव में शामिल हुए। निदेशिका महोदया ने अपने आशीर्वाद दिए और कहा कि इस दशहरे पर रावण के पुतले के साथ आप सभी अपनी सभी चिंताओं का भी दहन करें। और सभी खुश रहें और दूसरों को खुश रखे। इस शुभ दिन पर जब हम वीरता और साहस और बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाते हैं, मैं आपके हर काम में सफलता और खुशी की कामना करती हूं! सभी को दशहरा की अग्रिम शुभकामनाएँ।




## जेपी जयंती पर अखिलेश यादव का व्यवहार बचकाना: भूपेंद्र

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने जननायक जय प्रकाश नारायण की जयंती पर सपा प्रमुख द्वारा किए गये व्यवहार को बचकाना एवं अपरिपक्वता का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि सपा की सोच विनाशकारी है। उन्हें सत्ता से गए हुए साढ़े सात साल हो गए, लेकिन उनकी अकड़, पुलिस के साथ बदसुलूकी और धमकी यही दिखाती है कि जनता ने उन्हें जिस हाल में पहुंचा दिया है, उसके बाद भी उनकी गुंडागर्दी, दंगाई और अराजकता बरकरार है। वे खुद को मुख्यमंत्री समझने का मुग़ालता अभी भूल नहीं पाये हैं, वे प्रदेश को वापस अराजकता की ओर लौटाने की मंशा रखते हैं, वे प्रदेश का विकास नहीं विनाश ही चाहते हैं। उत्तर प्रदेश के निवासी यह भूले नहीं हैं कि उनके शासन में उनकी नहीं बल्कि गुंडे,दंगाइयों और बलात्कारियों की ही पूछ होती थी। आज वे जननायक के नाम पर राजनीतिक स्वाँग रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेपी की जयंती के नाम पर लखनऊ में बड़ा बवाल खड़ा करने की सपा की कोशिशों को योगी सरकार ने नाकाम कर दिया है तो बौखलाए अखिलेश यादव पुलिस को धमका रहे हैं। पिछले साल भी अर्ध निर्मित जेपीएनआईसी में जाकर राजनीतिक नौटंकी कर सस्ती लोकप्रियता पाने का प्रयास किया था ऐसा ही कृत्य इस बार भी उनके द्वारा किया गया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव जेपी का नाम लेकर नौटंकी कर रहे है। वो जेपी के बारे में जानते ही क्या हैं। अगर वो जननायक जय प्रकाश नारायण के बारे में थोड़ा भी जानते तो उन्हीं लोगों की गोद में न बैठे होते जिनके खिलाफ ही जय प्रकाश नारायण ने पूरा आंदोलन खड़ा किया था।

## शारदीय नवरात्रि की नवमी पर भक्तों ने किया मां चंद्रिका देवी का दर्शन





जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब के कठवारा गांव के पास आदिगंगा कही जाने वाली गोमती नदी के किनारे स्थित धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक तीर्थ स्थल मां चन्द्रिका देवी का रामायण काल से है। कहा जाता है महाभारत काल के नायक युधिष्ठिर महराज ने वनवास काल में चन्द्रिका मां की पूजा अर्चना की थी। मां चन्द्रिका देवी के निकट ही स्थित सुधन्वा कुण्ड भी महाभारत काल की गवाही देता है। क्योंकि सुधन्वा भी महाभारत युद्ध का एक धनुर्धर वीर रहा है। कहा जाता है भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण के पुत्र चन्द्रकेतु के आवाह्न पर ज्योति रूप में मां चंद्रिका देवी प्रकट हुई थी, मां चंद्रिका देवी की पूजा महाभारत के पांडवों ने भी की थी। आपको बताते चलें कि नवरात्रि नवमी पर सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करने हजारों की संख्या में मां चंद्रिका देवी परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। जहां लखनऊ, सीतापुर ,हरदोई ,बाराबंकी, उन्नाव, कई जिलों के भक्त मां के दर्शन करने आते हैं। शारदीय व चैत्र नवरात्रि में मां चंद्रिका देवी मंदिर पर विशाल मेला लगता है यह मेला 9 दिनों तक चलता रहता हैं। वहीं शुक्रवार को नवमी मां सिद्धिदात्री के दिन मां चंद्रिका देवी की सुबह की भव्य आरती हुई जिसमें सैंकड़ों भक्त सामिल हुए और शाम आरती में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं लखनऊ डीसीपी उत्तरी जोन राम नयन सिंह के निर्देशानुसार एसीपी बीकेटी ऋषभ एवं बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह द्वारा चौकी प्रभारी कठवारा शशि प्रकाश सिंह मय पुलिस बल के साथ मेले में गस्त करते हुए दिखाई दिए और भक्तों ने मां चंद्रिका देवी के जयकारे लगाते हुए मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। भक्त अपनी मनौती मान कर मां से सुखमय जीवन की कामना की। मां चंद्रिका देवी का मेला 9 दिनों से बाराबर चलता रहा। बीकेटी पुलिस द्वारा नवरात्रि को देखते हुए मेले में चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी और मेला में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नज़र बनी हुई थी, मेले में पुलिस लगातार गस्त कर सतर्क व तैनात दिखाई दे रही थी। वहीं मां चंद्रिका देवी मेला समिति कमेंटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा भक्तों का पूरा ध्यान देखभाल की जा रही थी, वहीं सेवादार रंजीत, लल्लन, दुर्गेश अन्य ने कड़ी मेहनत कर 9 दिनों तक भक्तों की खूब सेवा की, जिससे मां चंद्रिका देवी के भक्तों कों काफी सहूलियत व राहत मिली।

**रिपोर्ट** यूपीसीडा की इस मौजूदा प्रक्रिया में बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद, व ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव के विभिन्न व्यवसायिक प्लॉट्स की होगी नीलामी

# मेगा ई–नीलामी के जरिए औद्योगिक व व्यावसायिक भूखंडों के बड़े स्तर पर आवंटन का मार्ग होगा प्रशस्त

- सीएम योगी के विजन अनुसार, यूपीसीडा द्वारा 43 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों की ई–नीलामी प्रक्रिया को दिया जाएगा मूर्त रूप
- यूपीसीडा द्वारा अमेठी, अमरोहा, बांदा, हमीरपुर और उन्नाव में मेगा ई–नीलामी के जरिए औद्योगिक भूखंडों के आवंटन का भी मार्ग किया जाएगा प्रशस्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश में औद्योगिक व व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार ने एक नई पहल की है। सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) 43 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों की मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया को जल्द ही मूर्त रूप देने जा रही है। यूपीसीडा की इस मौजूदा प्रक्रिया में बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद, व ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव के विभिन्न व्यवसायिक प्लॉट्स की होगी नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा। इन व्यवसायिक भूखंडों का वेयर हाउस, होटल, ग्रुप हाउसिंग, मल्टीप्लेक्स, पेट्रोल पंप हॉस्पिटल समेत विभिन्न प्रकार की व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इतना ही नहीं, यूपीसीडा द्वारा अमेठी, अमरोहा, बांदा व हमीरपुर में मेगा ई-नीलामी के जरिए औद्योगिक भूखंडों के आवंटन का भी मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

### इन स्थानों पर इस मद में भूखंडों का हो सकेगा इस्तेमाल

**प्रक्रिया के अंतर्गत, कुल 11 जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसायिक व औद्योगिक भूखंडों की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा जिसका विवरण इस प्रकार है...**

**बरेली:** 16800 मीटर स्क्वेयर क्षेत्र के प्लॉट का वेयरहाउस डेवलप करने के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इस प्लॉट की रिजर्व प्राइस 4.51 करोड़ है। वहीं, औद्योगिक भूखंड के तौर पर 18929.12 स्क्वेयर मीटर का प्लॉट निर्धारित है जिसका रिजर्व प्राइस 9.71 करोड़ है।

**जालौन:** उरई में होटल निर्माण के लिए 6600 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र के भूखंड का होटल निर्माण में इस्तेमाल हो सकेगा। इस भूखंड की रिजर्व प्राइस 3.19 करोड़ रखी गई है।

**बाराबंकी:** ग्रुप हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत यहां दो भूखंडों की नीलामी होगी। पहला भूखंड जीएच1 इंडस्ट्रीयल एरिया कुर्सी रोड पर स्थित है। यह 2730.33 वर्ग मीटर का प्लॉट है जिसकी रिजर्व प्राइस 2.28 करोड़ निर्धारित है। वहीं, दूसरा प्लॉट जीएच2 इंडस्ट्रियल एरिया, कुर्सी रोड स्थित है। यह भी 2730.33 वर्ग मीटर का प्लॉट है जिसकी रिजर्व प्राइस 2.28 करोड़ निर्धारित है।

**प्रयागराज:** सरस्वती हाइटेक सिटी में होटल के लिए 2 व मल्टीप्लेक्स तथा हॉस्पिटल के लिए 1–1 प्लॉट आवंटित होंगे। इन प्लॉट्स का टोटल एरिया 2081.27 मीटर से लेकर 8486 स्क्वेयर मीटर के बीच होगा और इनकी रिजर्व प्राइस 8.75 से लेकर 17.84 करोड़ के बीच निर्धारित है। वहीं, भूरागढ़ इंडस्ट्रियल एरिया में 8832 व 11598.3 वर्ग मीटर के प्लॉट्स की नीलामी के लिए रिजर्व प्राइस 1.25 तथा 1.69 करोड़ रखा गया है।

**मुरादाबाद:** स्पेशल इकॉनमिक जोन (एसईजेड) में 6802.42 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट की नीलामी पेट्रोल पंप की स्थापना के लिए 7.44 करोड़ की रिजर्व प्राइस पर हो सकेगी।

### शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया

इस मेगा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। मेगा ई-नीलामी में सम्मिलित सभी प्लॉट्स का रिजर्व प्राइस तय है और इसी आधार पर आवेदनकर्ता इन भूखंडों को प्राप्त करने के लिए करोड़ों की बोली लगा सकेंगे। प्रक्रिया के अंतर्गत कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं, सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

## अस्पताल में एक बेड पर तीन मरीज, डिप्टी सीएम खफा

लखनऊ। लोहिया संस्थान के मातृ शिशु एवं रेफरल हॉस्पिटल में बदइंतजामी है। एक बेड पर तीन-तीन महिलाओं को लिटाया जा रहा है।इसकी वजह से गर्भवती महिला व प्रसूताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक तीमारदार ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से शिकायत की। डिप्टी सीएम ने बदइंतजामी पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है।जांच के आदेश दिए हैं। मातृ शिशु रेफरल हॉस्पिटल में 200 बेड हैं.गर्भवती महिला व बच्चों को इलाज दिया जाता है।मरीजों का दबाव बढ़ रहा है। इससे मरीजों को बेड मिलने में अड़चन आ रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत गायनी विभाग में है। डॉक्टर एक बेड पर दो से तीन मरीजों को लिटा रहे हैं।एक तीमारदार ने एक बेड पर तीन मरीज लिटाने की शिकायत डिप्टी सीएम से की। फोटो भी शिकायत के साथ लगाई।

# 143 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी की स्थापना

## जब हम शिक्षित होंगे तभी हमारा गांव,समाज और देश आगे बढ़ेगा: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जनपद में शिक्षा को बढ़ावा देने तथा हर बच्चे के हाथ में किताबों को पहुंचाने एवं गरीब तथा ज्ञानार्जन करने वाले बच्चों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी की स्थापना करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा इसी वर्ष पन्द्रह अगस्त को कलेक्ट्रेट में पुस्तक संग्रहालय का शुभारंभ किया गया था। जिसमें जनपद वासियों से किताबें दान देने की अपील की गई थी।उन्हीं किताबों को अब जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंचाया जा रहा है।जिसके क्रम में शुक्रवार को जनपद की 143 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया।विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत आनापुर में जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा पंचायत सचिवालय में स्थापित पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।इसके साथ ही अध्ययन कक्ष का भी शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके गांव में आज पुस्तकालय खुला है।गांव के विकास के लिए यह पहला कदम है।उन्होंने सभी ग्रामवासियों से अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। डीएम ने कहा कि आप लोग अपने बच्चों को प्रतिदिन पुस्तकालय में पढ़ने के लिए भेजें।स्कूल से आने के बाद पुस्तकालय भेजें।यहां पर कक्षा एक से बारह तक तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें एवं अखबार आदि उपलब्ध हैं। जिन्हें बच्चे पढ़कर ज्ञान हासिल कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए लाइब्रेरी में बेहतर पढ़ाई हो पाती है।आप लोग अपने बच्चों को बेहतर संस्कार दें। जब तक आप लोग अपने बच्चों को पढ़ाएंगे नहीं तब तक आपके गांव व देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अनुरोध करते हुए कहा कि आप लोग अन्य कार्यों को करते हुए अपने बच्चों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दें।उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को लाइब्रेरी में और पुस्तकें बढ़ाने का निर्देश दिया।तथा सुरक्षा की दृष्टि से लाइब्रेरी में सीसीटीवी कैमरा भी लगवाने को कहा।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी ग्राम वासियों को आगामी त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी। और शिक्षा की इस मुहिम को और आगे तक बढ़ाने की अपील किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप लोग भी इस पुस्तकालय में किताबें दान दे सकते हैं।जिससे गरीब और ज्ञानार्जन करने वाले बच्चों को पढ़ाई करने में मदद मिल सकेगी।किताबों को हर उम्र के लोग पढ़ सकते हैं।आप लोग इस सुविधा का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें और लाभान्वित हों।डीपीआरओ मनोज त्यागी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद की 143 ग्रामपंचायत में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया है।जल्द ही जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय खोले जाएंगे।उन्होंने उपस्थित ग्राम प्रधान से ग्राम पंचायत की बैठक में इस पुस्तकालय के लिए बजट की भी व्यवस्था करने को कहा।जिससे पुस्तकालय में सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा सके।

### हिंदू युवती से कोर्ट मैरिज करने पहुंचे युवक और उसके चाचा को पीटा

रायबरेली। हिंदू युवती के साथ बृहस्पतिवार को कोर्ट मैरिज करने पहुंचे युवक और उसके चाचा की दीवानी कचहरी में लोगों ने पिटाई कर दी। करीब दो घंटे तक हंगामा चला। पुलिस के पहुंचने से पहले ही चाचा-भतीजा मौके से भाग निकले। इसके बाद परिजनों को बुलाकर युवती को उनके सुपुर्द कर दिया गया। अमेठी जिले के मोहनगंज क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय युवती बीते शनिवार को घर से लापता हो गई थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। घटना की शिकायत मोहनगंज थाने में भी की गई। बृहस्पतिवार को मोहनगंज क्षेत्र के खुदाबक्श मजरे फूला निवासी शोएब खान (25) अपने चाचा अकील अहमद के साथ युवती को लेकर कोर्ट मैरिज के लिए रायबरेली दीवानी न्यायालय पहुंच गया। हिंदू युवती के साथ शादी की कोशिश पर कचहरी में मौजूद वकीलों ने शोएब व अकील अहमद की पिटाई शुरू कर दी।

## रोडवेज बस और ट्रक में आमने-सामने भिड़ंत, तीन घायल, लग गया लंबा जाम

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जगतपुर थाना क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक बस और एक ट्रक आपस में टकरा गए। हादसे में तीन लोग जख्मी हो गए। रायबरेली जिले के जगतपुर थाना क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर इशौर ड्रेन के पास ट्रक और रोडवेज बस में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें रोडवेज बस व ट्रक के चालक घायल हो गए। घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। शुक्रवार को लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर इशौर ड्रेन के पास इलाहाबाद की तरफ जा रही रोडवेज बस तथा जगतपुर के तरफ से आ रहे ट्रक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इससे चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बस चालक दीनदयाल पुत्र राधेश्याम निवासी रायबरेली व ट्रक चालक राजेंद्र कुमार पुत्र बुधई पाल निवासी रानीगंज प्रतापगढ़ तथा बस के परिचालक सुभाष पुत्र रमेश चंद्र निवासी गवर्न्मेंट कॉलोनी को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। सीएचसी के अधीक्षक एलपी सोनकर ने बताया कि घायल दीनदयाल का पैर फैक्चर हो गया था। तथा राजेंद्र व सुभाष के हाथ में गंभीर चोटें थी। उपचार के बाद तीनों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। वहीं, हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। लंबा जाम पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरीके से जाम खुलवाया गया साथ भी रोडवेज बस की सवारी को दूसरे रोडवेज बस में शिफ्ट कर उन्हें भेजा गया।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत जनपद पुलिस द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्र के पावन पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेस -05 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।तथा महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है।महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया जा रहा है। विद्यालयों,गावों,कस्बों में विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के बारे में बालिकाओं व महिलाओं को जानकारियां दी जा रही हैं।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में ÷मिशन शक्ति÷अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के गांवों,कस्बों में चौपाल लगाकर, कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं, बालिकाओं को 1090 वीमेन पॉवर लाइन,181महिला हेल्प लाइन, 108एम्बुलेंस सेवा,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098-चाइल्ड लाइन,102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही जागरूकता सम्बन्धित पंपलेट वितरित किया गया।



## नवरात्रि पर वृद्ध आश्रम में वृद्धाओं के साथ डांडिया खेल कर फलाहार भोजन कराया

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

मां शांति सेवा फाउंडेशन के संस्थापक बसन्त राम ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर अपनी मां की याद में मणि पर्वत स्थित वृद्ध आश्रम पर पहुंचकर नवरात्रि के शुभ अवसर पर संस्था संस्थापक बसंत राम के नेतृत्व में संस्था के सभी सदस्यों ने वृद्ध आश्रम में वृद्धाओं के साथ डांडिया खेला सभी के चेहरे पर खुशी और मुस्कान लाने का प्रयास किया साथ ही सभी को फलाहार भोजन में केला बिस्किट पेठा चाय के साथ चूड़ी आदि सामग्री का वितरण किया संस्थापक बसंत राम ने बताया कि शहर में भव्य रूप से मां दुर्गा का पंडाल सजा हुआ है मनोरंजन के लिए जगह जगह पर सामाजिक कार्यकर्ता डांडिया गरबा जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों का मन बहला रहे हैं लेकिन इसी समाज में अनेक प्रकार के आश्रम भी है वृद्ध आश्रम नेत्रहीन एवं मूक बधिर आश्रम भी है उनकी खुशियों के लिए कोई संसाधन नहीं है ऐसे में मां शांति सेवा फाउंडेशन परिवार हमारी सोच को और उनकी खुशीयों को साकार करने के लिए आश्रम पहुंचकर निस्वार्थ भाव से सभी ने माता-पिता समान वृद्ध एवं वृद्धाओं का हाल-चाल लिया साथ ही सभी को श्रद्धा भाव से जलपान कराया साथ ही डांडिया खेला सभी वृद्ध पल भर दुखों को भूलकर खुशियों में रंगारंग हो गए सभी वृद्धाओं ने सभी को आशीर्वाद दिया बसंत राम की सोच है अपने लिए जिए तो क्या जिए औरों के दिलों में खुशियां बनकर जीने का प्रयास करें ,साथ ही आश्रम के कर्ताधर्ता अमरीश चंद मिश्र जी को संस्थापक सहित सभी सदस्यों ने पट्टिका पहनाकर सम्मान किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में, विनय प्रकाश मौर्य, विकास रस्तोगी,प्रज्ञा श्रीवास्तव, एकता रस्तोगी, रोली श्रीवास्तव, साधना गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## देवी की मूर्तियों को शराबी युवक ने लाठी से तोड़कर किया खंडित

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली की बछरावां कोतवाली के एक मंदिर में एक शराबी युवक ने लाठी से मूर्तियों को तोड़ दिया। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। बछरावां कोतवाली क्षेत्र में एक मंदिर पर नशे में धुत युवक ने लाठी डंडे से मंदिर के अंदर उत्पाद मचा दिया जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा देवियों की मूर्ति चकनाचूर हो गईं जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी। पुलिस घटना पर नजर बनाए हुए है। कोतवाली क्षेत्र के राघवपुर गांव से 300 मीटर दूर चंद्रिका देवी मंदिर में ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ही रहने वाला विजय कुमार पुत्र हीरालाल पासी शराब के नशे में धुत होकर बृहस्पतिवार देर रात लाठी लेकर पहुंच गया। युवक ने लाठी से मंदिर के अंदर रखी दुर्गा जी, संतोषी माता, सरस्वती माता सहित आधा दर्जन से ज्यादा मूर्तियों पर लाठी से प्रहार कर दिया जिसमें सभी मूर्तियां जमीन पर गिरकर टूट गईं। मंदिर के अंदर रखे घड़े को भी युवक ने तोड़ दिया। मंदिर में मचे उपद्रव की सूचना जैसे ही ग्रामीणों में पहुंची तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीण भी भारी संख्या में मौके पर पहुंचे तो देखा की मूर्तियां चकनाचूर होकर जमीन पर पड़ी हुई है जिसमें ग्रामीण आक्रोशित हो गए। घटनास्थल से ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौजूद ग्रामीण चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी से तहरीर लेकर गांव के ही रहने वाले विजय कुमार पासी पुत्र हीरालाल पासी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला पुलिस ने शांत कराया और युवक को गिरफ्तार कर कोतवाली ले गई। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर पर गांव के ही रहने वाले विजय कुमार पासी पुत्र हीरालाल पासी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# तीन दिवसीय सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । अयोध्या




जियनपुर महोबर बाजार स्थित कबीर मठ के संस्थापक सद्गुरु रामसूरत साहेब और उदार साहेब की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। मेले का उद्घाटन संत कबीर समाधि स्थली मगहर के पीठाधीश्वर आचार्य प्रवर विचार साहेब ने किया। उन्होंने विचार गोष्ठी में कबीर के संदेश को मानवीय गुणों का प्रतीक बताया और कहा कि यह भाव आपसी बैर और दुर्व्यवहार को दूर कर मानवता के श्रेष्ठ गुणों को विकसित करता है।विशिष्ट अतिथि साकेत महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष सुनील तिवारी शास्त्री ने कबीर की सरलता और संत प्रवृत्ति की चर्चा की, जबकि किछौछा दरगाह के हजरत सैय्यद इरफान मियां ने कबीर साहेब के मानव धर्म पर जोर दिया। मुख्य वक्ता रामचंदर वर्मा ने कबीर साहेब के जाति और धर्म से ऊपर उठकर मानवता के लिए संघर्ष की बात की।महंत उमाशंकर दास ने बताया कि इस मेले का आयोजन 2005 से हो रहा है और यह 19वां वर्ष है। मेले का समापन 13 अक्टूबर को होगा। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे, और कार्यक्रम का संचालन संत विवेक ब्रह्मचारी ने किया।इस कार्यक्रम में गोरखपुर दूरदर्शन के कलाकार रामप्रसाद साहेब ने भजन प्रस्तुत कर मेले में चार चांद लगा दिए। मेले में कबीर आश्रम मूड़घाट बस्ती के महंत रामलखन दास समेत हजारों लोग उपस्थित रहे।

### हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सिधियावां गांव के निकट शुक्रवार तड़के अज्ञात हमलावरों द्वारा कथित तौर पर किए गए हमले में 26 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई।सूत्रों के मुताबिक विमलेश त्रिपाठी गांव में धर्म कांटा पर सो रहा था।बीती रात करीब डेढ़ बजे अज्ञात हमलावरों ने लाठी डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।परिजन इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में इजाज के दौरान विमलेश की मौत हो गई।घटना से आहत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र यादव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम लखनऊ में ही होगा।अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।मौके पर पुलिस बल तैनात है।

## मैहर महोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय महिला एवं पुरुष दंगल का आयोजन

- अयोध्या केसरी व अयोध्या शेरनी का होगा चयन, तैयारियां जोरों पर

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



आयोजक प्रमोद सिंह।

मैहर महोत्सव के तहत 18 और 19 अक्टूबर को अयोध्या में विराट दंगल का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन स्वर्गीय पृथ्वी सिंह की 11वीं पुण्य तिथि की स्मृति में किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अपना दल एस के प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह ने बताया कि प्रतिभागियों के नामांकन 17 अक्टूबर 2024 को कराना होगा।इस दंगल में भारत और नेपाल के प्रसिद्ध महिला और पुरुष पहलवानों की भागीदारी सुनिश्चित है। अयोध्या में कुश्ती के पुनर्जीवन और युवा प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से, पुरुष वर्ग के लिए %अयोध्या केसरी% और महिला वर्ग के लिए %अयोध्या शेरनी% का चयन किया जाएगा।प्रतिभागियों को अपने आधार कार्ड और एक फोटो के साथ समय पर कार्यक्रम स्थल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा, जो कि पूरी तरह निःशुल्क है। यह आयोजन, समाजसेवी और अपना दल के वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह के नेतृत्व में हो रहा है, जिसमें स्थानीय युवाओं को वैश्विक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा।दंगल प्रतियोगिता मलावन की बाग में आयोजित की जाएगी। सभी युवा पहलवानों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## चरवाहों से घंटों पूछताछ, अफसर तलाश नहीं पाए कोई सुराग

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली-ऊंचाहार रेलखंड पर स्लीपर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश के मामले की जांच बृहस्पतिवार को भी जारी रही। आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के चरवाहों से जानने का प्रयास किया कि उन्होंने ट्रैक पर स्लीपर रखते हुए किसी को देखा तो नहीं था। क्या कोई संदिग्ध व्यक्ति उन्हें रेल पटरी के किनारे दिखा आदि। हालांकि घंटों चली पूछताछ में ऐसा कोई सुराग नहीं मिला, जिससे ट्रेन पलटाने की साजिश रचने वालों की जानकारी हो सके। सवाल यही है कि आखिर इस सबके पीछे हाथ किसका है। सोमवार की रात एक मालगाड़ी प्रयागराज से रायबरेली की ओर जा रही थी। इस दौरान रायबरेली-ऊंचाहार रेलखंड पर लक्ष्मणपुर व दरियापुर स्टेशन के बीच बेनीकामा गांव के पास अराजकतत्वों ने पटरी पर स्लीपर रख दिया था। गनीमत थी कि लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी थी। ऐसे में ट्रेन पलटाने की साजिश नाकाम हो गई थी। ऊंचाहार थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। आरपीएफ व जीआरपी के अधिकारी बृहस्पतिवार को भी घटनास्थल के आसपास गांवों में छानबीन करते रहे। उधर, आरपीएफ थाना प्रभारी समर बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की जांच चल रही है। जिले में बिछाई गई रेल लाइन की सुरक्षा की जिम्मेदारी आरपीएफ के कंधों पर होती है। रायबरेली जिला मुख्यालय के अलावा ऊंचाहार में भी आरपीएफ का थाना स्थापित किया गया है।

### विधि विधान पूर्वक किया गया कन्या पूजन

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। प्राचीन दुर्गा मंदिर में शुक्रवार को नवमी तिथि पर कन्या पूजन किया गया। उसके बाद भंडारे का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में मां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह सर्वप्रथम हवन-पूजन का कार्यक्रम हुआ। तदुपरांत विधि-विधान पूर्वक 31 कन्याओं का पूजन किया गया। नवरात्रि के पावन पर्व पर बड़ी संख्या में मां भक्तों ने मंदिर के गर्भगृह में विराजमान दुर्गा मैया का पूजन-अर्चन, आरती कर अपना जीवन धन्य बनाया। मां से अपने सुखमय जीवन की कामना की। बता दें कि दुर्गा मंदिर शहर का बहुत ही पौराणिक मंदिर है। जहां नवरात्रि पर पूरे नौ दिन मां भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है। इस प्राचीन दुर्गा मंदिर की स्थापना स्वरूपानंद महाराज ने की थी। यह मंदिर लगभग सौ वर्ष पुराना मंदिर है। मंदिर में नवमी तिथि पर 31 कन्याओं का विशेष पूजन-अर्चन किया गया। कन्याओं का विशेष पूजन श्रद्धा तिवारी ने किया।

भक्ति | श्री राम कथा पार्क में आयोजित नौ दिवसीय से श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

## श्रीमद् भागवत कथा अमृत संजीवनी है जीव का कल्याण करती है: जगतगुरू राघवाचार्य

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

श्रीमती बिंदु त्रिपाठी के प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पवन स्मृति में श्री राम कथा पार्क में मूर्धन्य पंडित उमापति त्रिपाठी महाराज के आशीर्वाद से तीन कलश तिवारी मंदिर धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट अयोध्या के सौजन्य नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ। समापन सत्र की कथा में जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉक्टर स्वामी राघवाचार्य महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा अमृत संजीवनी है क्योंकि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से सद्गति प्राप्त होती है और श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से मनुष्य ही नहीं बल्कि उनके पूर्वज भी धन्य हो जाते हैं इसलिए मनुष्य को अपनी जीवन में कम से कम एक बार श्रीमद् भागवत कथा अवश्य सुनना चाहिए। श्री महाराज जी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से ही कल्याण हो जाता है इसलिए जो व्यक्ति श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करता है उसको उसे श्रोता का भी पूर्ण प्राप्त होता है जो कथा का आयोजन नहीं कर सकता और केवल सुनने मात्र से ही उसे जीव का कल्याण हो जाता है जो श्रीमद् भागवत कथा को मन क्रम वचन से श्रवण करता है। आज की कथा में जगतगुरु महाराज ने कंस वध के साथ श्रीमद् भागवत श्रवण कैसे मनुष्य ही नहीं बल्कि जीव का कल्याण होता है इसको भी विस्तार से बताया और आयोजक परिवार को कोटि-कोटि आशीर्वाद दिया क्योंकि यह कथा मां सरयू के पावन तट पर कही गई जहां हजारों की संख्या में श्रोता उपस्थित हुए और अपने जीवन को धन्यवाद बनाया। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने सभी श्रोताओं कार्यकर्ताओं और श्रीमद् भागवत कथा में अपना योगदान देने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया।कथा शुभारंभ के पहले पंडित शिवेश्वरपति त्रिपाठी, पंडित श्रीशपति त्रिपाठी और महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व्यास पीठ और व्यास पीठ पर विराजमान जगतगुरू स्वामी डॉ राघवाचार्य महाराज का पूजन अर्चन किया। कथा के विश्राम मेला पुनः आरती उतारी के और प्रसाद वितरण किया गया। आज की कथा में संघ के क्षेत्रीय प्रचारक अनिल जी सहित सैकड़ो की संख्या में कथा प्रेमी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत रूद्रेश त्रिपाठी ने किया।





**विधायक योगेश वर्मा थप्पड़ कांड के बाद भाजपा...**

लखीमपुर खीरी। विधायक योगेश वर्मा थप्पड़ कांड का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विधायक के समर्थन में पटेल सेवा संस्थान के बैनर तले क्षत्रिय महासभा...

शेष पेज 07 पर...

# 24 को डीएवी कॉलेज में होगा बार एसोसिएशन के चुनाव का मतदान



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में बार एसोसिएशन की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए 99 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। नामांकन पत्रों की जांच में सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए और किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस भी नहीं लिया। गुरुवार शाम को एल्डर्स कमेटी ने सभी 99 प्रत्याशियों की सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी। इसमें अध्यक्ष और महामंत्री पद पर आठ-आठ, वरिष्ठ और कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सात-सात, मंत्री पद पर चार, कोषाध्यक्ष पद पर पांच, संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर सात जबकि प्रशासन और पुस्तकालय पद पर छह-छह प्रत्याशियों ने नामांकन कराया।

वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए 18, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए 23 नामांकन पत्र भरे गए थे। गुरुवार को बार एसोसिएशन के रामनाथ सेठ हॉल में हुई नामांकन पत्रों की जांच में सभी वैध पाए गए। एल्डर्स कमेटी चेयरमैन उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि 24 अक्तूबर को डीएवी डिग्री कॉलेज में मतदान होगा। पूरी चुनाव प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जाएगी। मतदाताओं को सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस कार्ड और क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्ची दिखाने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।

### 15 बूथों पर पड़ेंगे 6516 वोट

मतदाता सूची में 6516 मतदाता हैं। इनके मतदान के लिए डीएवी डिग्री कॉलेज में मतदान के दिन 15 बूथ बनाए जाएंगे। इसमें यूपी बार कौंसिल में पंजीकरण वर्ष के आधार पर मतदाता मतदान कर सकेंगे।

### कल तक बैनर-पोस्टर हटाने की चेतावनी

एल्डर्स कमेटी ने एक बार फिर प्रत्याशियों को शनिवार तक पोस्टर, बैनर हटाने की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि जुलूस, नारेबाजी, भोज पर रोक है। बार एसोसिएशन और न्यायालय परिसर में पोस्टर, बैनर, स्टीकर चिपकाने पर भी रोक लगाई गई है। चुनाव प्रक्रिया के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कभी भी कमेटी प्रत्याशिता खत्म कर सकती है या प्रत्याशी के चुनाव परिणाम पर रोक लगा सकती है। प्रत्याशियों ने अपने घोषणा पत्र व शपथपत्र में इस निर्णय पर सहमति भी जताई है।

### चुनाव प्रचार चरम पर

नामांकन खत्म होने के साथ ही प्रत्याशियों का चुना प्रचार भी चरम पर पहुंच गया है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी दिनेश कुमार शुक्ला, इंदीवर बाजपेई, संदीप सिंह, प्राणनाथ मिश्रा, रामेंद्र सिंह कटियार, सर्वेश कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा व बृजकिशोर शुक्ला समर्थकों के साथ चैंबर-चैंबर जाकर वोट मांग रहे हैं। वहीं, महामंत्री पद के प्रत्याशी बिनय कुमार मिश्रा, सुशील कुमार सिंह, श्रीकांत मिश्रा, रामजी दुबे, प्रशांत कुमार वाजपेई, हेमेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अमित सिंह व चंद्रशेखर तिवारी प्रचार में जुटे हैं। जगह-जगह अधिवक्ताओं के गुट चुनाव पर चर्चा करते दिखाई दे रहे हैं।

### वकीलों ने रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि

उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर गुरुवार को बार एसोसिएशन हॉल में शोकसभा हुई। अधिवक्ताओं ने रतन टाटा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक प्रस्ताव पास कर दुखी परिजनों के प्रति संवेदना जताई गई। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार द्विवेदी, महामंत्री आदित्य कुमार सिंह, एल्डर्स कमेटी चेयरमैन उमाशंकर गुप्ता, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, ओमप्रकाश मिश्रा, कपिलदीप सचान, कौशल उपाध्याय, प्रतीक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नवरात्र के अंतिम दिन 251 कन्याओं का किया गया पूजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





सीसामऊ स्थित रामकृष्ण मंदिर में 251 से अधिक कन्याओं का समाज के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा नवरात्र के अंतिम दिन पूजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रांत प्रचारक श्री राम ने कहा कि मंदिर पूजा स्थल के साथ-साथ सेवा और संस्कार के केंद्र होने चाहिए। मंदिर, शिक्षा, चिकित्सा, स्वरोजगार, महिला आत्मनिर्भरता का संदेश देने वाले हो तो राष्ट्र सशक्त तथा समृद्ध बनेगा। इसी कड़ी में डॉक्टर श्याम बाबू गुप्ता ने बताया कि इस राधा कृष्ण मंदिर में चिकित्सा केंद्र प्रारंभ हो चुका है। बीते दिन ही परिसर में लोहिया आरोग्य के अंतर्गत धार्मिक होम्योपैथिक क्लीनिक स्थापित किया जा चुका है। जिसका विधिवत पूजन संपन्न हो गया है क्लीनिक प्रतिदिन सामान्य जनता के लिए खुलेगी। शीघ्र महिला सिलाई एवं बुटीक सेंटर खोला जाएगा तथा बाल संस्कार केंद्र की स्थापना होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद जगवीर सिंह द्रोण, सुधीर जैन, सर्वरा कर नीरज दीक्षित, प्रकाश शर्मा पार्षद गोविंद शुक्ला, अंकुर दीक्षित, सब लाल अजय बाजपेई अशोक शर्मा श्रीमती सुषमा पांडे श्रीमती नम्रता मिश्रा घनश्याम गुप्ता रमेश मिश्रा पूर्व पार्षद बबलू स्वास्थ्य अजय बाजपेई शैलेंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# रामलीला में रामेश्वरम की स्थापना, लक्ष्मण शक्ति और मेघनाथ कुंभकरण वध की लीला का हुआ मंचन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर। विनय ना मानत जड़त जड़ गए तीन दिन बीत बोले राम सकोप तब भय बिनु होहि ना प्रीति, यह सारे वाक्य बिठूर के मंगलम पार्टी लॉन में चल रही रामलीला व विशाल दशहरा मेला के नवें दिन प्रभु श्री राम का रूप धारण हरेंद्र तिवारी ने कहे। बीते दिन श्री रामेश्वरम स्थापना, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ कुंभकरण वध की लीला का हृदय विदारक मंचन किया गया। शुक्रवार के लीला की शुरुआत शहीद भगत सिंह ग्रुप आफ एजुकेशन के संस्थापक एवं कार्यक्रम संयोजक विमल कुमार दीक्षित ने प्रभु श्री राम लक्ष्मण की झांकी का पूजन अर्चन कर किया।लीला में कलाकारों द्वारा दिखाया गया कि किस प्रकार प्रभु श्री राम समुद्र पर सेतु बनाने के लिए समुद्र देव से प्रार्थना कर रहे होते हैं तीन दिन भी जाने के बाद भी जब समुद्र देव प्रभु श्री राम की बात को नहीं सुनते तब प्रभु श्री राम स्वयं धनुष बाण उठाकर कहते हैं कि अब एक बार मार करिए मैं समुद्र को सुखा दूंगा जिस पर समुद्र देव प्रकट होते हैं और प्रभु श्री राम अपराध के लिए क्षमा मांगते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मेला व्यवस्थापक अंकुर दीक्षित, चंद किशोर शुक्ला, ऋषि प्रकाश द्विवेदी, मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास विनय तिवारी ने किया वहीं लीला का निर्देशन जगमोहन सिंह द्वारा किया गया।

# पूर्व सीबीआई निदेशक और आतंकी बनकर शिक्षक को दी धमकी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साइबर अपराधियों ने सीबीआई के पूर्व निदेशक और आतंकवादी बनकर एक शिक्षक को फोन कर 1.16 लाख रुपये की ठगी कर ली। रुपये न देने पर उसे और पूरे परिवार को गोलियों से भून डालने की धमकी तक दे डाली। पीड़ित शिक्षक ने काकादेव थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शास्त्रीनगर निवासी शिक्षक सुधांशु मिश्रा के पास 15 सितंबर की रात दस बजे मुबारिक खान और फर्जी पूर्व सीबीआई डायरेक्टर राकेश अस्थाना के नाम के फोन नंबर से व्हाटसएप कॉल आया। मुबारिक खान ने खुद को आतंकवादी संगठन का सदस्य बताकर 10 लाख रुपये की मांग की। न देने पर नग्न वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने और पूरे परिवार को गोली मार देने की धमकी दी। सुधांशु ने जब रुपये देने से इंकार किया तो साइबर अपराधियों ने फर्जी वीडियो उनके एक रिश्तेदार को भेज दिया।

बदनामी के डर से उन्होंने साइबर ठगों के बताए बैंक खाते में रुपये ट्रांसफर कर दिए।

फिर 27 सितंबर को पुलिस वर्दीधारी की फोटो लगाए नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई और ठग ने खुद को पूर्व सीबीआई निदेशक बताकर समझौते के नाम पर रकम वसूल ली हालांकि इसके बाद उन्होंने जब अपने परिचित अधिवक्ता को सूचना दी तो ठगी का पता चला। पुलिस मामले में केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर। बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे मंधना बिठूर रोड स्थित एक निजी फार्म हाउस के पास संदिग्ध परिस्थितियों में युवक के शव के फांसी पर लटके होने की सूचना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बिठूर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने सबका पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक जयप्रकाश पुत्र रामस्वरूप उम्र 35 वर्ष सलीमपुर थाना जोरावर जिला अलीगढ़ का रहने वाला था। यह युवक यहां कैसे पहुंचा। और उसके यहां पर फांसी के फंदे पर लटके होने के सही तथ्यों की जानकारी करने के लिए छानबीन में जुड़ गई है। फिलहाल बिठूर पुलिस ने युवक के शव को फांसी के फंदे से उतार पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 16 अक्टूबर से कानपुर में भाजपा चलाएगी वृहद सदस्यता अभियान


जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




कानपुर नगर। 16 अक्टूबर से कानपुर में भाजपा की ओर से बृहद सदस्यता अभियान चलाया जाएगा यह जानकारी क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने दी उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान से पूर्व 14 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी के सभी 17 जिलों में सक्रिय सदस्यता के संदर्भ में प्रत्येक जिले में कार्यशालय आयोजित होगी ।

क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने एक प्रेस नोट में बताया है की जिलों में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं में कानपुर महानगर उत्तर और दक्षिण जिले में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल कानपुर ग्रामीण में प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह राधेश्याम पांडे कानपुर देहात में अशोक राजपूत सुनील तिवारी औरैया में आनंद सिंह इटावा में प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता फतेहपुर में श्रीमती रंजना उपाध्याय कन्नौज में श्रीमती पूनम द्विवेदी इंद्रपाल पटेल फर्रुखाबाद में शिव महेश दुबे बांदा में रामकिशोर साहू महोबा में संजीव श्रंगऋषि झांसी महानगर व जिले में संत विलास शिवहरे ललितपुर में सुरेश अवस्थी चित्रकूट में अनिल यादव हमीरपुर में देवेश कोरी और जालौन में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव कार्यशालाओं को संबोधित करेंगे। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 जिलों की कार्यशालाओं की मॉनिटरिंग सदस्यता अभियान के क्षेत्रीय सह संयोजक अनिल दीक्षित करेंगे।

# मंदी से जूझ रहे यूरोपीय देश, 25 फीसदी घटा शहर से होने वाला निर्यात



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अमेरिका के बाद कानपुर के निर्यातकों का सबसे बड़ा बाजार यूरोप मंदी से जूझ रहा है। वहां के बड़े खरीदार वित्तीय संकट में हैं, जिसका असर शहर के निर्यात पर पड़ा है। पिछले साल की तुलना में करीब 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। क्रिसमस के पहले ही सबसे ज्यादा ऑर्डर मिलते हैं, लेकिन इस बार स्थितियां विपरीत हैं। जानकारों का कहना है कि विश्व में अलग-अलग देशों के बीच चल रहे युद्ध और उसके कारण महंगाई बढ़ने से बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

शहर से यूरोप के अलग-अलग देशों को मशीनरी, बॉयलर, मोती, कीमती पत्थर, मेटल, सिक्के, आयरन एंड स्टील, फुटवियर, लेदर गारमेंट, जैकेट, बेल्ट, शू अपर, सैडलरी, हारनेस, ट्रैवल बैग, फिलामेंट, टेक्सटाइल, फैब्रिक्स, फर्टिलाइजर, मीट आदि का निर्यात होता है। पिछले साल शहर से यूरोप को करीब दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का निर्यात किया गया था। वहीं, शहर से कुल 8990 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था। चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल से जुलाई के दौरान शहर से कुल 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निर्यात हो चुका है। वित्तीय वर्ष की शुरुआत में यूरोपीय देशों को अच्छा निर्यात हो रहा था, लेकिन अचानक इन देशों में कारोबारी गतिविधियां धीमी पड़ती जा रही हैं। यूरोप के जर्मनी, फ्रांस, इटली कानपुर के उत्पादों के बड़े बड़े खरीदार हैं।

### यूरोप के देश जहां होता है निर्यात

ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, क्रोएशिया, साइप्रस गणराज्य, चेक गणराज्य, डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आयरलैंड, इटली, लात्विया, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, माल्टा, नीदरलैंड, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन और स्वीडन।

### निर्यात मांग में कमी के कारण

विकसित देशों में लगातार मुद्रास्फीति की दर ऊंची चल रही है और आर्थिक विकास दर निचले स्तर पर है। जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम में तो लगभग शून्य की दर से विकास दर्ज किया गया है। इस वजह से महंगाई बढ़ी है और मांग घटती जा रही है। यही वजह है कि निर्यात कम हुआ है। रूस व यूक्रेन और इस्राइल के साथ ईरान व लेबनान के युद्ध के अलावा अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर चल रही तनातनी के कारण पूरी दुनिया में विकास को प्रभावित किया है।

### कंटेनरों की उपलब्धता का संकट भी बना

फ्रांस समेत कई देशों में राजनीतिक बदलाव और हाल ही में ईस्ट कोस्टगार्ड में हड़ताल से आयात-निर्यात गतिविधियां भी घटी हैं। लाल सागर संकट अभी भी बना हुआ है। शिपिंग की बढ़ती लागत से और परेशानी बढ़ी है। माल भाड़ा बढ़ गया है। चीन में कंटेनरों की भारी मांग के चलते कंटेनरों की उपलब्धता का संकट भी बना हुआ है।

# चार शातिर दबोचे गए, फरार सरगना को नहीं ढूंढ पाई पुलिस



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर के चकेरी क्षेत्र में मंगलवार को अंतर राज्यीय साइबर ठग गैंग के चार शातिरों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस कानपुर में साइबर ठगों के गैंगों के पनपने की बात बात सामने आई है। पहले जहां घटनाओं में साइबर ठगी से जुड़े गैंग और उनके शातिरों का कनेक्शन ओडिशा, तेलंगाना, बिहार-झारखंड और मथुरा के साथ गैर प्रदेशों से जुड़ते थे।

वहीं, इस बार पकड़े गए साइबर ठग कानपुर के ही निकले। पुलिस को आशंका है कि शहर में ऐसे और गैंग हो सकते हैं। पकड़े गए गैंग के फरार सरगना को पुलिस अब तक नहीं खोज सकी है। हालांकि अब पूरे गिरोह की जानकारी जुटाने के लिए पुलिस जेल भेजे गए साइबर ठगों को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है।

> शहर में अभी तक पकड़े गए साइबर ठगों के कनेक्शन शहर और प्रदेश से बाहर का होता था। पहली बार ऐसा है कि कानपुर का गैंग मिला है। सरगना की तलाश में टीमें लगी हुई हैं।
>
> *श्रवण कुमार सिंह, डीसीपी पूर्वी*

**सचेंडी क्षेत्र का रहने वाला है सरगना सचिन**

साइबर सेल और चकेरी पुलिस ने सचेंडी के भीमसेन निवासी मुकेश कुशवाहा, मदनलाल, ब्रह्मा और चौबेपुर निगोहा निवासी सदन सिंह को डीसीपी पूर्वी के वाराणसी निवासी रिश्तेदार व अन्य लोगों से ठगी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस के मुताबिक गिरोह का सरगना सचेंडी का ही सचिन उर्फ आनंद है। उसकी तलाश की जा रही है।

# संदिग्ध हालात में रेलवे कैंटीन कर्मी की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में रेलवे की कैंटीन के एक कर्मचारी का शव झकरकटी बस अड्डे पर पड़ा मिला। बस अड्डा कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच करने के साथ ही परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की हालत देखकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बहराइच के थाना रानीपुर के गुदुवापुर गांव निवासी राजन सिंह (42) प्रयागराज से मेरठ के बीच ट्रेन में ठेकेदार के अधीन कैंटीन में काम करता था। वह चार भाइयों भूपाल सिंह, विजय सिंह, चंदन सिंह में तीसरे नंबर का था। भूपाल ने बताया कि बुधवार को राजन की परिजनों से बात हुई और कहा कि काम ठीक नहीं चल रहा है, इसलिए घर लौटकर आ रहा हूं।

भूपाल के मुताबिक वह सेंट्रल स्टेशन उतरे और वहां से झकरकटी बस अड्डे पहुंचे। इसके बाद मोबाइल से बात ही नहीं हो पाई। गुरुवार सुबह राजन की पत्नी रिंकी के पास पुलिस का फोन आया और उसकी तबीयत खराब होने की बात कही गई। तीनों भाई कानपुर पहुंचे तो राजन की मौत की जानकारी देकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया जहां उन्होंने शव की शिनाख्त की।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है पुलिस

परिजनों का कहना था कि उसके शरीर पर रगड़ के और सिर पर चोट थी, जिससे हत्या किए जाने के आशंका है। हालांकि बाबूपुरवा पुलिस का कहना है कि युवक हादसे का शिकार हुआ है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी के कारण कोमा में जाने और मौत की बात सामने आई है।

### बकरी चराते समय किशोर की तालाब में डूबने से भी मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चौबेपुर। अतुल पुत्र राम नरेश उम्र 10 वर्ष निवासी ग्राम काशी नाथ पुरवा गांव का रहने वाला किशोर चौबेपुर थाना क्षेत्र के देदूपुर गांव के पास बने तालाब के किनारे बकरियां चल रहा था। विष्णु भट्ठा देदुपुर के बगल में पानी से भरे गहरे तालाब में डूब गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मृतक किशोर के शव को तालाब में तलाश करने के बाद चौबेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चौबेपुर थाना प्रभारी राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर चौबेपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी जहां पर काफी तलाश करने के बाद किशोर का शव तालाब से बाहर निकाल लिया गया है। और पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अवसाद ग्रस्त बेटी की तलाश में स्टेशन पर भटकती रही मां

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर में अवसाद ग्रस्त बेटी की तलाश में उसकी बूढ़ी मां पूरे दिन सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्मों पर भटकती रही। महिला ने बताया कि बेटी पढ़ाई में काफी तेज थी, लेकिन दंत चिकित्सक के रूप में कार्य शुरू करने से पहले ही वह अवसाद में चली गई।

स्टेशन पर भटक रही मूलरूप से पंजाब के फगवाड़ा निवासी संगीता ने बताया कि बेटी गरिमा कभी एकदम ठीक हो जाती है तो कभी उसका मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। अक्सर वह घर से बिना बताए निकल जाती है।

10 दिन पहले वह बड़ौदा स्टेशन पहुंच गई थी। जीआरपी से सूचना मिलने पर जब वह उसे लेकर घर जा रही थी, तो बेटी ने उसे धक्का दिया और गोरखपुर जाने वाली ट्रेन में सवार हो गई। वहां से बेटी अलीगढ़ और फिर कानपुर आ गई।

**मां बोली- समझ नहीं आ रहा कहां तलाश करें**

वह भी उसके पीछे लगी रही और कानपुर में उसे पकड़ भी लिया, लेकिन यहां पर भी गुरुवार को गरिमा उन्हें धक्का देकर लखनऊ जाने वाली ट्रेन में सवार होकर निकल गई है। अब रेलवे कंट्रोल रूम से पता चला कि वह लखनऊ से पहले ही कहीं उतर गई है। समझ नहीं आ रहा है कि बेटी की कहां तलाश करें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर के गुजैनी थानाक्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने युवक के साथ रह रही महिला पर प्रेमी के साथ मिलकर खाने में जहरीला पदार्थ मिलाकर और मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के भाई का आरोप है कि जिस किराये के कमरे में दोनों रहते थे। उसके अगल-बगल रहने वाले लोगों ने भी इस ओर इशारा किया है।

भाई के मुताबिक बुधवार रात हुई घटना के बाद गुरुवार सुबह शव के अंतिम संस्कार की तैयारी बिना बताए कर ली गई थी। हालांकि मोहल्ले के लोगों ने सूचना देकर पुलिस बुला ली। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच की। सजेती थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने आरोप लगाया कि करीब सात साल पहले उसके बड़े भाई ने हमीरपुर की एक महिला को अपने साथ गांव में रख लिया था। दोनों बिना शादी किए साथ में रहते थे। इसके बाद उन्हें तीन बच्चे हुए। आरोप लगाया कि महिला का चाल-चलन ठीक नहीं था। बड़े भाई के टोकने के बाद महिला ने भाई की हत्या कर दी और उसे फंदे पर लटकाकर आत्महत्या का रूप दे दिया। पुलिस ने जांच की लेकिन आरोपी महिला पर कोई कार्रवाई नहीं की।

### अंडे में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया

इसके बाद महिला ने दूसरे नंबर के भाई से संबंध बना लिए और उसका 35 वर्षीय भाई कर्रही में जरौली फेस-2 में किराए का कमरा लेकर साथ रहने लगा। आरोप है कि उसका यहां भी पास में रहने वाले एक मिस्त्री से संपर्क हो गया और इसके बाद महिला और भाई में विवाद हुआ। आरोप है कि इस पर महिला ने मिस्त्री के साथ मिलकर भाई को रास्ते से हटाने के लिए बुधवार रात अंडे में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया और दोनों ने पीटा।

### बिसरा और हार्ट सुरक्षित किया गया

इससे उसका शरीर काला पड़ गया और पैर व अंगुलियों में चोट के निशान मिले है। गुरुवार को महिला ने इलाके के लोगों को बताया कि नाले में गिरने से मौत हुई है लेकिन लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा और हार्ट सुरक्षित किया गया है। गुजैनी पुलिस ने बताया कि परिजनों ने आरोप लगाए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## तमाम दुष्प्रचार के बावजूद दलितों की पसंदीदा पार्टी कैसे बन गयी भाजपा?

**जम्मू और कश्मीर में 2014 के विधानसभा चुनावों में (2022 में परिसीमन से पहले जिसके परिणामस्वरूप सीटें 83 से बढ़कर 90 हो गईं) भाजपा ने जम्मू में एससी के लिए आरक्षित पांच सीटें जीतीं थीं और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। चुनाव परिणाम वाले दिन जब शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय पर विजयी संबोधन दिया था तब उन्होंने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के दमदार प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला था।**

*कांग्रेस की ओर से भाजपा पर अक्सर आरक्षण को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया जाता है। इसी आरोप की वजह से लोकसभा चुनावों में भाजपा को बड़ा नुकसान भी हुआ और वह अपने बलबूते स्पष्ट बहुमत हासिल करने से चूक गयी। लेकिन उसके बाद मोदी सरकार ने सबक लिया और एक भी ऐसा अवसर नहीं आने दिया जब दलितों के मन में अपने आरक्षण को लेकर कोई शंका हो पैदा हो। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों की वजह से एससी और एसटी वर्ग के मन में आशंकाएं पनपीं तो मोदी सरकार ने साफ कर दिया कि एससी और एसटी वर्ग के आरक्षण पर कोई आंच नहीं आने दी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से उपजे विवाद के बीच केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्पष्ट कर दिया कि डॉ. भीम राव आंबेडकर के बनाये संविधान में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण में 'मलाईदार तबके' के लिए कोई प्रावधान नहीं है। देखा जाये तो मोदी सरकार का यह स्पष्टीकरण आरक्षण के मुद्दे को लेकर समाज में भ्रम फैलाने वालों पर करारी चोट कर गया। इसके अलावा, इसी साल अगस्त में एक और अवसर आया जब दलितों के मन में आशंकाएं पनपाने का काम किया गया। दरअसल केंद्रीय सेवाओं में लेटरल एंट्री के मुद्दे को उठाते हुए विपक्ष ने कहा कि यह दलितों और पिछड़ों को आरक्षण से वंचित करने की साजिश है। विपक्ष के इस हमले पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने लेटरल भर्ती विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिये। केंद्र सरकार ने स्पष्ट कहा कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, इस कदम की समीक्षा और इसमें सुधार किया जायेगा। सरकार ने साथ ही देश को यह भी बताया कि लेटरल एंट्री के जरिये नियुक्तियों की शुरुआत कांग्रेस ने ही की थी। यह विषय भी दलितों और पिछड़ों को आश्वस्त कर गया कि मोदी के रहते आरक्षण को कोई खतरा नहीं है। इसके अलावा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरक्षण के मुद्दे पर ऐसा बयान दे दिया जिससे कि भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का बड़ा मौका मिल गया। दरअसल विदेश दौरे के दौरान राहुल गांधी ने एक सवाल के जवाब में आरक्षण खत्म करने की बात कह दी। उनका यह बयान देखते ही देखते वायरल हो गया। कांग्रेस और राहुल गांधी तमाम सफाई और स्पष्टीकरण देते रहे लेकिन यह मुद्दा तूल पकड़ चुका था। राहुल गांधी के इस बयान को इस तरह से पेश किया गया जैसे कांग्रेस तत्काल आरक्षण खत्म करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके बाद अपनी हर सभाओं में कहना शुरू कर दिया कि कांग्रेस कान खोलकर सुन ले... जब तक मोदी है, तब तक बाबा साहेब अंबेडकर के दिए आरक्षण में से रत्ती भर भी लूट करने नहीं दूंगा। भाजपा ने आरक्षण पर राहुल गांधी के बयान से उपजे विवाद को खूब तूल दिया जिससे कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों में नुकसान उठाना पड़ा है। अगर आप जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणामों का विश्लेषण करेंगे तो पाएंगे कि भाजपा ने जम्मू में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी सात सीटों पर कब्जा कर लिया है जबकि हरियाणा में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 17 में से आठ सीटों पर कब्जा किया है। यह दर्शाता है कि दलित समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के साथ फिर खड़ा हो गया है। हम आपको याद दिला दें कि 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने हरियाणा में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पांच सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस ने छह सीटें जीती थीं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय पाने के लिए इसी दिन प्रस्थान किया था। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि हिन्दू राजा अक्सर इसी दिन विजय के लिए प्रस्थान किया करते थे। इसी कारण इस पर्व को विजय के लिए प्रस्थान का दिन भी कहा जाता है और इसे क्षत्रियों का त्यौहार भी माना गया है। इस दिन अपराजिता देवी की पूजा भी होती है। मान्यता है कि सर्वप्रथम श्रीराम ने समुद्र तट पर शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ किया था और तत्पश्चात् दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान करते हुए विजय प्राप्त की थी। तभी से दशहरे को असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की जीत के पर्व के रूप में मनाया जा रहा है।**



-योगेश कुमार गोयल

**शक्ति मां दुर्गा की विजय वाले दसवें दिन को विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। श्राद्धों के समाप्ति वाले दिन मिट्टी के किसी बर्तन में मिट्टी में जौ बोए जाने की परम्परा बहुत से क्षेत्रों में देखने को मिलती है। दशहरे के दिन तक जौ उगकर काफी बड़े हो जाते हैं, जिन्हें 'ज्वारे' कहा जाता है। मिट्टी के जिस बर्तन में जौ बोए जाते हैं, उसे स्त्री के गर्भ का प्रतीक माना गया है और ज्वारों को उसकी संतान।**

# सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय एकता का पर्व है दशहरा

**दशहरे को रावण पर राम की विजय अर्थात् आसुरी शक्तियों पर सात्विक शक्तियों की विजय तथा अन्याय पर न्याय की, बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की, दानवता पर मानवता की, अधर्म पर धर्म की, पाप पर पुण्य की और घृणा पर प्रेम की जीत के रूप में मनाया जाता है। दशहरे का धार्मिक के साथ सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। यह पर्व देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय एकता का पर्व है।**

आश्विन शुक्ल दशमी को प्रतिवर्ष 'विजयादशमी' पर्व के रूप में मनाया जाता है, जिसे दशहरा भी कहा जाता है। दशहरा इस वर्ष उदया तिथि के अनुसार 12 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। समस्त भारत में दशहरा भगवान श्रीराम द्वारा लंकापति रावण के वध के रूप में अर्थात् बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में तथा आदि शक्ति दुर्गा द्वारा महाबलशाली राक्षसों महिषासुर व चण्ड-मुण्ड का वध किए जाने के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय पाने के लिए इसी दिन प्रस्थान किया था। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि हिन्दू राजा अक्सर इसी दिन विजय के लिए प्रस्थान किया करते थे। इसी कारण इस पर्व को विजय के लिए प्रस्थान का दिन भी कहा जाता है और इसे क्षत्रियों का त्यौहार भी माना गया है। इस दिन अपराजिता देवी की पूजा भी होती है। मान्यता है कि सर्वप्रथम श्रीराम ने समुद्र तट पर शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ किया था और तत्पश्चात् दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान करते हुए विजय प्राप्त की थी। तभी से दशहरे को असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की जीत के पर्व के रूप में मनाया जा रहा है।



दो शब्दों दशा तथा हरा से मिलकर बना है दशहरा। दश का अर्थ है दस तथा हरा का अर्थ है ले जाना। इस प्रकार दशहरे का मूल अर्थ है दस अवगुणों या बुराईयों को ले जाना यानी इस अवसर पर अपने भीतर के दस अवगुणों को खत्म करने का संकल्प लेना। दरअसल हर इंसान के भीतर रावण रूपी अनेक बुराईयां मौजूद होती हैं और सभी पर एक बार में विजय पाना संभव भी नहीं है, इसलिए दशहरे पर ऐसी ही कुछ बुराईयों का नाश करने का संकल्प लेकर इस पर्व की सार्थकता सुनिश्चित की जा सकती है। दशहरे को रावण पर राम की विजय अर्थात् आसुरी शक्तियों पर सात्विक शक्तियों की विजय तथा अन्याय पर न्याय की, बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की, दानवता पर मानवता की, अधर्म पर धर्म की, पाप पर पुण्य की और घृणा पर प्रेम की जीत के रूप में मनाया जाता है। दशहरे का धार्मिक के साथ सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। यह पर्व देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय एकता का पर्व है। सही अर्थों में यह पर्व अपने भीतर छिपे दुर्गुणों रूपी रावण को मारकर तमाम अवगुणों पर विजय प्राप्त करने का शुभकाल है। दशहरे के उत्सव का संबंध नवरात्रों से जोड़कर देखा जाता रहा है। शक्ति की उपायना का यह पर्व सनातन काल से ही शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक नौ तिथि, नौ नक्षत्र और नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ मनाया जाता है। माना जाता है कि नवरात्रों में देवी की शक्ति से दसों दिशाएं प्रभावित होती हैं और देवी दुर्गा की कृपा से ही दसों दिशाओं पर विजय प्राप्त होती है, इसलिए भी नवरात्रों के बाद आने वाली दशमी को 'विजयादशमी' कहा जाता है। नवरात्रों के नौ दिनों में हम देवी के नौ रूपों की पूजा करते हैं लेकिन ऐसा करते हुए हमें यह भी समझना चाहिए कि हमारे समाज में सभी नारियां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, पार्वती या काली का ही रूप हैं, इसलिए इन पर्वों की सार्थकता सही मायनों में तभी सिद्ध हो सकती है, जब हम अपने समाज में देवी स्वरूपा नारी को उचित मान-सम्मान दें, उसे गर्भ में ही मौत की नींद सुलाने से बचाएं, शिक्षित करके उन्हें उनका हक दिलाएं, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएं और सम्मानित जीवन जीने का अधिकार प्रदान करें।

शारदीय नवरात्रों का अहम अंग बनकर प्रतिवर्ष दुर्गोत्सव को पूर्णता प्रदान करता बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की जीत को परिभाषित करता यह पावन पर्व हमें मानवीय मूल्यों के संरक्षण में सर्वत्र विजयी होने का संदेश देता है। मान्यता है कि आदि शक्ति दुर्गा ने दशहरे के ही दिन महाबलशाली असुर सम्राट महिषासुर का वध किया था। जब महिषासुर के अत्याचारों से भूलोक और देवलोक त्राहि-त्राहि कर उठे थे, तब आदि शक्ति मां दुर्गा ने 9 दिनों तक महिषासुर के साथ बहुत भयंकर युद्ध किया था और दसवें दिन उसका वध करते हुए उस पर विजय हासिल की थी। इन्हीं 9 दिनों को दुर्गा पूजा (नवरात्र) के रूप में एवं शक्ति संचय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है और महिषासुर पर आदि शक्ति मां दुर्गा की विजय वाले दसवें दिन को विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। श्राद्धों के समाप्ति वाले दिन मिट्टी के किसी बर्तन में मिट्टी में जौ बोए जाने की परम्परा बहुत से क्षेत्रों में देखने को मिलती है। दशहरे के दिन तक जौ उगकर काफी बड़े हो जाते हैं, जिन्हें 'ज्वारे' कहा जाता है। मिट्टी के जिस बर्तन में जौ बोए जाते हैं, उसे स्त्री के गर्भ का प्रतीक माना गया है और ज्वारों को उसकी संतान। दशहरे के दिन लड़कियां अपने भाईयों की पगड़ी अथवा सिर पर ज्वारे रखती हैं और भाई उन्हें कोई उपहार देते हैं। सही मायनों में इस पर्व की सार्थकता तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब हम इस अवसर पर आत्मचिंतन करते हुए अपने भीतर की बुराईयों रूपी रावण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उनका विनाश करने का प्रयास करें।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 10:58 तक |
| नक्षत्रः | श्रवण 28:27 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | धृति, 24:21 |
| सूर्योदयः | 06:21 |
| सूर्यास्तः | 17:53 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 09:14-10:40 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44 -12:30 |

## जन एक्सप्रेस

### छूटा तीर कमान से !

*मांग रहे अब माफ़ी ।*
*देकर ग़लत बयान ।।*
*खुद ही खुद से खो रहे ।*
*लगता अब सम्मान ।।*
*क्यों आई ये नौबत ?*
*चल दिए इस राह ।।*
*हो रहे शर्मिंदा ।*
*सब तो हैं गवाह ।।*
*बना कैसा योग ।*
*लिख रहे हैं गाथा ।।*
*छूटा तीर कमान से ।*
*पीटो चाहे माथा ।।*
*हुआ स्वतः ये भान ।*
*याद अचानक आई ।।*
*हम ही हैं सर्वोत्तम ।*
*दे रहे दुहाई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## लगातार इंटेंस वेट ट्रेनिंग करना हो सकता है खतरनाक




**फिट** और एक्टिव रहने के लिए रोज वर्कआउट करना जरूरी है। अगर आप वर्कआउट रूटीन में ब्रेक लेते हैं, तो इससे आपकी सेहत पर फर्क पड़ सकता है। कुछ लोग कई दिनों तक लगातार एक्सरसाइज करते हैं। लेकिन कुछ दिनों या महिनों के लिए ब्रेक ले लेते हैं। ऐसा करने से बॉडी पर असर पड़ता है। इससे फिटनेस मेंटेन रखना आपके लिए मुश्किल हो सकता है। वहीं कई लोग रोज इंटेंस वर्कआउट ही करते रहते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है फिटनेस मेंटेन रखने के लिए रोज इंटेंस वेट ट्रेनिंग करना सही है या नहीं? अगर नहीं, तो एक्सरसाइज करने का सही तरीका क्या है? इस बारे में जानकारी देते हुए हॉलिस्टिक हेल्थ कोच और एक्सरसाइज फिजियोलॉजिस्ट कपिल कनोडिया ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है।

**क्या हमेशा इंटेंस वेट ट्रेनिंग करना सही है?:** कुछ लोग मसल्स बनाए रखने और फिटनेस मेंटेन रखने के लिए रोज इंटेंस वेट ट्रेनिंग करते हैं। एक्सपर्ट से मुताबिक एक्सरसाइज का यह तरीका हमेशा फॉलो करना ठीक नहीं है। क्योंकि जब हमारी बॉडी पर दवाब पड़ रहा होता है, तो हमारी बॉडी रिकवर नहीं कर पाती है। रिकवर न होने के कारण परफॉर्मेंस बेहतर होने के बजाय ज्यादा खराब होने लगती है। लगातार शरीर में दवाब पड़ने के कारण टेंडन्स और लिगामेंट भी वीक होने लगते हैं। इसके कारण वर्कआउट के दौरान चोट लगने की संभावना बढ़ सकती है।

**वर्कआउट करने का सही तरीका क्या होना चाहिए?:** एक्सपर्ट के मुताबिक हमेशा इंटेंस वेट ट्रेनिंग करना ठीक नहीं है। क्योंकि इससे चोट लगने की संभानवा बढ़ सकती है। अब सवाल आता है फिर वर्कआउट करने का सही तरीका क्या होना चाहिए? ऐसे में आप एंड्यूरेंस ट्रेनिंग कर सकते हैं। जहां आप अपना रेजिस्टेंस वेट कम कर देते हैं और वेट लिफ्टिंग रिफिटेशन 15 से 20 बार कर देते हैं।

**एंड्यूरेंस ट्रेनिंग करने से बॉडी में क्या बदलाव आते हैं?:** एंड्यूरेंस ट्रेनिंग करने से बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर हो जाता है और ऑक्सीजन का फ्लो भी बेहतर होता है। इसके साथ ही, एंड्यूरेंस ट्रेनिंग करने से बॉडी का रिकवरी रेट बढ़ जाता है। इससे टेंडन्स और लिगामेंट भी स्ट्रांग होते हैं और बॉडी में एनर्जी बनी रहती है। इसके बाद जब आप दुबारा वेट ट्रेनिंग शुरू करते हैं तो आपको ज्यादा फायदे मिलते हैं। बेहतर रिजल्ट के लिए 4 से 5 सप्ताह तक वेट ट्रेनिंग करने के बाद एंड्यूरेंस ट्रेनिंग करना शुरू करें।

## एक्सप्रेस विशेष



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**भारत की परम्परा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के बिना अधूरी है। गुरु-शिष्य, भाई-भाई, माता-पुत्र, पिता-पुत्र और पति-पत्नी सभी संबंधों में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का चरित्र प्रेरणा देता है। रामराज्य की अवधारणा, सर्वांगीण विकास, सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी समाज की रही है।**

# विजय दशमी का सनातन संदेश

**भारत की प्रकृति मूलत: एकात्म है और समग्र है। अर्थात भारत संपूर्ण विश्व में अस्तित्व की एकता को मानता है मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सांस्कृतिक एकता और सनातन आस्था का प्रतीक हैं। उनसे सभी को प्रेरणा मिलती है। आम जनमानस प्रभु श्रीराम के साथ अपने को जोड़ता है। श्रीराम के प्रति लोगों की आस्था रामलीला को सतत जीवन्तता प्रदान करती है।**

**दशहरा** असत्य और अधर्म प्रवृत्ति पर विजय का पर्व है। इसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत का भी समावेश है। प्रभु श्री राम ने लंका पर विजय प्राप्त की थी। विभीषण सहित सभी प्रमुख लोगों ने प्रभु राम से लंका का अपने साम्राज्य में सम्मलित करने का निवेदन किया था। किंतु प्रभु राम ने ऐसा नहीं किया। इतना ही नहीं, मंदोदरी सहित वहां की सभी महिलाओं को सम्मान दिया। उनके किसी भी सैनिक ने लंका की नारियों के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया। अपने मत और उपासना पद्धति का रंचमात्र भी प्रसार नहीं किया। जबकि प्रभु राम एवं उनकी सेना के समक्ष ऐसा करने का पूरा अवसर था। ऐसा करना भारतीय संस्कृति की अवहेलना होती। प्रभु राम तो युद्ध प्रारंभ होने के पहले ही विभीषण का राज्याभिषेक कर चुके थे। स्पष्ट है कि लंका के लोगों को तलवार की नोक पर गुलाम बनाने की उन्होने कल्पना तक नहीं की थी। उन्होंने अपने आचरण से मर्यादा एवं भारतीय संस्कृति का सन्देश दिया। इस संस्कृति में सम्पूर्ण सृष्टि समाहित है। इसमें मानव मात्र के कल्याण की कामना है। विजय दशमी शब्द में राष्ट्रीय शौर्य व स्वाभिमान का भाव समाहित है किंतु इसमें दंभ नहीं है। बल्कि इस दिन प्रभु राम ने दंभ अहंकार और असत्य को परास्त किया था। यह भारतीय चिंतन की विशेषता है। इस प्रसंग में अहंकार को पराजित करने का भी सन्देश है। प्रभु श्री राम ज्ञान के प्रतीक है। दूसरी तरफ रावण अहंकार की प्रति मूर्ति था। वह उच्च कोटि का ज्ञानी था। लेकिन उसके ज्ञान का प्रकाश अहंकार के अंधकार में समाहित हो गया था। ज्ञानी का अहंकार उसे सत्य मार्ग से विरत कर देता है। गोस्वामी जी लिखते है- रागु रोषु इरिषा मदु मोहु, जनि जनि सपनेहुं इन्ह के बस होहु। सकल प्रकार बिकार बिहाई,मन क्रम बचन करेहु सेवकाई।। तव माया बस जीव जड़ संतत फिरइ भुलान। तेहि पर क्रोध न करिअ प्रभु कृपासिंधु भगवान। शस्त्र व शास्त्र का एक साथ पूजन राजधर्म का भी सम्यक विचार है। गीता में भगवान कहते भी है- परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम्। धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे। विजय दशमी का सन्देश व्यापक है। युगों युगों तक भारत इस संस्कृति पर चलता रहा। इस आधार पर उसे विश्वगुरु की प्रतिष्ठा मिला। दुनिया में जब मानव सभ्यता का विकास नहीं हुआ था, यहां के गुरुकुल शिक्षा व शोध के केंद्र बन चुके थे। संस्कृत के विशाल वांग्मय की रचना की गई। इसके साथ ही राजधर्म कूटनीति सुरक्षा अस्त्र शस्त्र का विज्ञान भी अस्तित्व में आया। आयुर्वेद व योग के माध्यम से स्वस्थ्य जीवन के नियम व उपचार का मार्ग दिखाया गया। प्रकृति व पर्यावरण की चेतना का विचार आज भी प्रासंगिक है। रामकथा में जीवन से संबंधित प्रत्येक पक्ष का किसी न किसी रूप में समावेश है। बाल्मीकि रामायण में प्रकृति का संवर्धन करने वाले वृक्षों व वाटिकाओं का वर्णन है। इनमें से अनेक वृक्ष विलुप्त हो चुके है। अनेक आज भी अस्तित्व में है। इनका लाभ उठाया जा सकता है। क्योंकि इन सभी का औषधीय महत्व है। प्रभु राम अपने आचरण से प्रत्येक स्तर पर मर्यादा का सन्देश देते है। इसमें पुत्र धर्म से लेकर राजधर्म भी सम्मिलित है। भारत में विजयी होने पर अहंकार का भाव कभी नहीं रहा। हम कभी भी अतिवादी नहीं हो सकते। स्वतंत्रता और समता के लिए बंधुभाव होना चाहिए। विश्व की अर्थव्यवस्था में एक हजार वर्ष तक भारत नंबर वन पर रहा। उस समय विश्व के बहुत बड़े भूभाग पर हमारा प्रभाव तो था, हमारा साम्राज्य भी बहुत बड़ा था। लेकिन ऐसा सब होने के बावजूद भारत ने दुनिया में जाकर किसी देश को समाप्त नहीं किया। विजय दशमी राष्ट्रीय भावना के जागरण का ही पर्व है। हिन्दू जीवन पद्धति में सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, शौच, स्वाध्याय, संतोष, तप को महत्व दिया गया। समरसता सद्भाव से देश का कल्याण होगा। जब भारत एवं भारत की संस्कृति के प्रति भक्ति जागती है व भारत के पूर्वजों की परंपरा के प्रति गौरव जागता है, तब सभी भेद तिरोहित हो जाते हैं। भारत ही एकमात्र देश है जहाँ पर सबके सब लोग बहुत समय से एक साथ रहते आए हैं। सबसे अधिक सुखी मुसलमान भारत देश के ही हैं। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जहाँ उस देश के वासियों की सत्ता में दूसरा संप्रदाय रहा हो। यहाँ सभी मजहब के लोगों को सभी अधिकार मिले हुए है। उदार चिंतन भारत की ही विशेषता है। मोहन भागवत के अनुसार इस स्वभाव को हिंदू कहते हैं। हम हिंदू हैं और हम भारतीय हैं। हम मुसलमान हैं लेकिन हम अरबी अथवा तुर्की नहीं हैं। शिक्षा में आत्म भान व गौरव भाव होना चाहिए। गौरवान्वित करने वाली बातों को देने वाले संस्कार शिक्षा से, सामाजिक वातावरण से एवं पारिवारिक प्रबोधन से मिलना चाहिए।

# विधायक योगेश वर्मा थप्पड़ कांड के बाद भाजपा बनाम भाजपा

## विलोबी मैदान में स्वाभिमान रक्षा सम्मेलन

- लखीमपुर में विधायक थप्पड़ कांड के मामले ने पकड़ा तूल
- पीएसी समेत भारी पुलिस बल तैनात कर दी गई है
- विधायक समेत दो लोगों ने दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** विधायक योगेश वर्मा थप्पड़ कांड का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विधायक के समर्थन में पटेल सेवा संस्थान के बैनर तले क्षत्रिय महासभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, वैश्य महासभा, संयुक्त व्यापार मंडल समेत तमाम संगठनों ने सदर विधायक योगेश वर्मा को समर्थन दिया है। शुक्रवार को शहर के विलोबी मैदान में स्वाभिमान रक्षा सम्मेलन की शुरुआत हुई जिसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग एकत्र होकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग रहे। माहौल तनावपूर्ण,पीएसी समेत भारी पुलिस बल तैनात कर दी गई है।
बुधवार को और अर्बन को ऑपरेटिव बैंक के चुनाव के दौरान भाजपा विधायक योगेश वर्मा समेत व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजू अग्रवाल व अन्य कार्यकर्ताओं की पिटाई कर दी गई थी।पिटाई का आरोप बार संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह पर है। हालांकि पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था जिसमें साफ देखा जा रहा है, कि बार संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह भाजपा विधायक थप्पड़ बरसा रहे। वीडियो वायरल होने के बाद विधायक समर्थकों में काफी रोष देखा गया। इसके बाद तमाम संगठनों ने भाजपा विधायक को समर्थन देने की घोषणा कर दी जिसके बाद आज बड़ी संख्या में शहर के विलोबी मैदान में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस प्रशासन से आरोपी पर कार्रवाई की मांग कर रहे। मौके पर पुलिस पीएसी तैनात विलोबी मैदान में बड़े आंदोलन की चेतावनी के बाद शहर का माहौल न बिगड़े इसको लेकर एक फ्लाटून पीएसी समेत भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। और ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

# बीस हजार रुपये का इनामिया बदमाश गिरफ्तार

- कप्तान के निर्देश के बाद पुलिस टीम होगी पुरुस्कृत
- जनपद के कई थानों में एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



शासन व पुलिस महकमे से घोषित बीस हजार रुपये का ईनामिया बदमाश को गोला पुलिस ने धर दबोचा। महकमे ने पुलिस टीम को सम्मानित किए जाने की घोषणा की है। कोतवाली पुलिस ने थाना गोला में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया। कि आरोपित के विरुद्ध जनपद के कई थानों में करीब एक दर्जन मामले दर्ज है। जिसे पुलिस टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हसिल की है।
पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में गोला पुलिस ने चोरी लूट जैसे संगीन अपराधां में लिप्त आरोपित को धर दबोचा। पुलिस ने पडताल मे पाया कि आरोपित के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में तकरीबन एक दर्जन संगीन मुकदमें दर्ज है। जिस कारण आरोपित बीस हजार रुपये का ईनामिया अपराधी घोषित किया जा चुका है। पुलिस को आज आरोपित को दबोचने में कामयाबी मिली। पुलिस ने अलीगंज रोड नहर पुल के पास सायं करीब सवा सात बजे आरोपित की सुरागरसी करते हुए धर दबोचा। तलाशी में उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व कारतूस, चोरी की बाइक सहित हजारों रुपयें की नगदी बरामद हुई। आरोपित ने अपना नाम तालिब 22 उर्फ आजम पुत्र गफफार निवासी ग्राम गौरिया थाना फरधान बताया। पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने कोतवाली में आयोजित पत्रकार वार्ता में संयुक्त रुप से बताया। कि आरोपित के विरुद्व गोला, कोतवाली सदर, थाना नीमगांव, थाना फरधान में एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट सहित गोवध अधिनियम के तहत करीब एक दर्जन मुकदमें दर्ज है। वहीं आरोपित को दबोचने के लिए एसआई अनीश, एसआई अरविंद मौर्य, योगेश कुमार, आरक्षी सुरेन्द्र कुमार, गौरव कुमार, गजेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबिल महताब, श्रीओम सर्विलांस सेल की टीम को निगरानी व गिरफ्तारी के लिए लगाया गया था। टीम को पुलिस अधीक्षक के अग्रिम निर्देश के पश्चात पुरस्कृत किया जाएगा।

# नरसिंहानंद सरस्वती की गिरफ्तारी को लेकर खीरी में प्रदर्शन

- जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भेजा ज्ञापन
- प्रदर्शन में हजारों की संख्या में मुसलमानो ने लिया हिस्सा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



**टाउन खीरी।** इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी करके मुसलमानो की भावनाओं को आहत करने वाले नरसिंहानंद सरस्वती कि गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज कस्बा खीरी के हजारों मुसलमान ने प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री और राज्यपाल को संबंधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा। इस मौके पर कस्बा खीरी के मोहल्ला शेख सराय के सुन्नी इमामबाड़े में जुम्मे की नमाज के बाद आयोजित कार्यक्रम के आयोजन आमिर रज़ा ने कहा हिंदुस्तान के अमन में नफरत का जहर फैलाने की कोशिश करने वाले उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जनपद के डासना मंदिर के पुजारी नरसिंहानंद सरस्वती द्वारा इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम की शान में गुस्ताखी करके न सिर्फ मुसलमान की बल्कि सभी अमन परस्ती लोगों की भावनाओं को आहत किया है।यह देश और समाज के लिए खतरा है।प्रदर्शन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए सैयद वजीउद्दीन ने कहा कि नरसिंहानंद सरस्वती देश में सांप्रदायिकता फैलाने का प्रयास कर रहा है। ऐसे अमन के दुश्मन नरसिंहानंद सरस्वती को तत्काल गिरफ्तार किया जाए ताकि देश का अमन चैन सलामत रहे। उन्होंने कहा कि जब-जब हमारे नबी की शान में गुस्ताखी की गई है हम मुसलमान ना खामोश रहे हैं और ना खामोश रहेंगे क्योंकि हम लोग अपनी जानो से ज्यादा अपने नबी से मोहब्बत करते हैं।
प्रदर्शन में शामिल होने आए सैयद मुमताज मियां ने कहा उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार है जो खुद धर्मगुरु हैं उनका धर्म की अहमियत कायदे से मालूम है उनके शासनकाल में किसी धर्म के प्रवर्तक के खिलाफ की जा रही टिप्पणी पर उन्हें तत्काल संज्ञान में लेकर उन ऐसे लोगों को जेल भेजते हुए कड़ी सजा दिलानी चाहिए।
इस दौरान हाफिज जावेद अख्तर ने कहा कि पूरी दुनिया का मुसलमान अपने ऊपर होने वाले सभी जुल्मों को बर्दाश्त कर सकता है लेकिन अपने पैगंबर किस में अदना सी भी गुस्ताखी कभी बर्दाश्त नहीं करेगा वह इसके लिए अपने सरो को भी कटवाने में नहीं हिचकी जाएगा।
मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में नरसिंहानंद सरस्वती को तत्काल गिरफ्तार कर उसके खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है,ताकि देश में अमन और सुकून कायम रह सके। इस दौरान इंस्पेक्टर खीरी हेमंत राय ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया और लोगों को आश्वासन किया कि यह ज्ञापन शासन को भेज कर उचित कार्रवाई के लिए लिखेंगे। इस मौके पर सैयद वजीरूद्दीन मिया, मुमताज मिया, कार्यक्रम संयोजक मंडल के मुराद रज़ा, शारिब अंसारी, डॉ0 एहराज अरमान, ज़ैबी अंसारी,बिलाल आसिम, जावेद रज़ा, फैज़, इलियास चिश्ती इतरत अली सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। वही सुरक्षा के मद्देनजर चौकी प्रभारी साधना यादव अपने पुलिस के बल के साथ मौजूद रहीं।

# जिओ पेट्रोल पंप सेवा देने के लिए सुचारू रूप से हुआ संचालित

जन एक्सप्रेस । निघासन-खीरी

तकनीकी कारणों के चलते हैं जिओ पेट्रोल पंप लगभग दो महीने ग्राहकों की सेवा करने के लिए बंद रहा जिससे ग्राहकों को डीजल व पेट्रोल मिलने में समस्याएं आ रही थी व ग्राहकों को लंबी दूरी तय करना पड़ता था जिसको देखते हुए दो माह के बाद जिओ पेट्रोल पंप संचालित हुआ चलिए आपको बता दें कि जिओ पेट्रोल पंप के टैंक में टेक्निकल समस्याएं आ जाने के कारण पेट्रोल मिलना बंद हो गया था जिसकी शिकायत जिओ पेट्रोल पंप के मैनेजर इंद्रेश यादव ने अपने उच्च अधिकारी से किया साथ ही अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए दो माह में कंपनी द्वारा टेक्निकल फाल्ट को सही करके पेट्रोल पंप का सुचारू रूप से संचालन किया गया पंप का संचालन एरिया मैनेजर साध्वी राय द्वारा किया गया साथ ही पंप परिसर की व्यवस्थाएं भी जांची परखी गई इस दौरान जिओ पेट्रोल पंप के समस्त कर्मचारी गण मौजूद रहे। प्रत्येक वर्ष की तरह त्योहारों में जिओ पेट्रोल पंप अपने ग्राहकों के लिए सुनहरा अवसर लाता रहता है।

# नवरात्रि महोत्सव के तहत दुर्गाजागरण समिति के तत्वावधान में हुई पूजा अर्चना



जन एक्सप्रेस । सिद्धार्थ अवस्थी

**लहरपुर।** नवरात्रि महोत्सव के तहत क्षेत्र के ग्राम केशरी गंज में दुर्गाजागरण समिति के तत्वावधान में चल रहे 34 वें श्री शत चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा में यज्ञ आचार्य पंडित गरुड़ध्वज वाजपेई ने विधि विधान से पूजा-अर्चना कर विश्व शांति की कामना की।
श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित गोविंदाचार्य महराज ने गोवर्धन पूजा की कथा की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि,
देवराज इंद्र को अपनी शक्ति और सत्ता पर घमंड हो गया था उनके गर्व को दूर करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने देवराज इंद्र की पूजा बंद करा कर गोवर्धनपूजा शुरू कराई जिस पर नाराज होकर इंद्र देव ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई, अपने भक्तों की रक्षा करने के लिए भगवान श्री कष्ण ने देवराज इंद्र के कहर से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया और सभी ब्रजमंडल के लोगों ने पर्वत के नीचे शरण ली।
कथा व्यास ने कहा कि भगवान तो सदैव अपने भक्तों की रक्षा करने को तत्पर रहते हैं, उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य के सभी दुख दूर हो जाते हैं।
नवरात्र महोत्सव के तहत नगर के मां पूर्वीन देवी मंदिर में गायत्री परिवार द्वारा विधि विधान से हवन किया गया व साध्य बेला में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य झांकियां का सजीव मंचन किया गया व भजन संध्या में मां के भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति की गई।

# नशे में धुत युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

घर से विवाद करके नशे की हालत में निकला युवक अचानक सड़क पर गिर गया।इसी बीच आ रहे तेज रफ्तार ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसा लखीमपुर-शारदानगर मार्ग पर गुरुवार की देर शाम हुआ। गांव बेलखुर्द निवासी विनोद नशे की हालत में था। उसका घर के अंदर आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया।इस पर वह घर से बाहर आकर सड़क पर पहुंच गया।बताते हैं कि नशे की हालत में वह ठीक ढंग से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था और बार-बार सड़क पर गिर रहा था।
इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई।हादसे के बाद चालक ट्रक समेत मौके से भाग निकला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश मौर्य ने बताया कि विनोद का परिवार में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। नशे में विनोद बार बार सड़क की ओर दौड़ रहा था। सड़क पर गिरते ही पीछे से निकल रहे ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है।

# मिशन शक्ति फेज के तहत पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली, मुख्य मार्गो से गुजरी



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन सीतापुर श्री शिवबालक वर्मा तथा यातायात निरीक्षक श्री फरीद अहमद द्वारा संयुक्त रुप से जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरुकता रैली पुलिस लाइन, लालबाग चौराहा, जीआईसी चौराहा, मण्डी चौराहा,आरएमपी कॉलेज, आँख अस्पताल पुलिस कार्यालय होते हुए पुलिस लाइन परिसर में जाकर समाप्त हुई। जागरुकता रैली का नेतृत्व संयुक्तरुप से प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती इतुल चौधरी, प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र म0उ0नि0 श्रीमती मधु यादव, प्रभारी मिशन शक्ति म0उ0नि0 सुश्री भावना भारद्वाज द्वारा किया गया तथा महिला एवं बाल विकास संगठन इकाई सीतापुर, पुलिस लाइन सीतापुर एवं महिला थाना की समस्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । निघासन-खीरी

शासन के आदेश अनुसार पशुओं के देखरेख व उनमें बीमारी ना फैले जिसके चलते पशुचिकित्सालय मिबासन द्वारा मुख्य पशुविकित्साधिकारी खीरी डा.जगदीश प्रसाद के दिशा निर्देशन में ग्राम खमरिया के झीभापुरखा में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया साथ ही शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वियिन सिंह द्वारा गौमाता का पूजन एवं पण्डित दीन दयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा.इन्द्र देवमाहर दारा पशुओं में टैगिंग का महत्व पशुबीमा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। डा. राकेश कुमार द्वारा टीकाकरण एवं हरे चारे के महत्व के बारे में बताया गया पशुधन प्रसार अधिकारी मोहन सिंह राना बेटनरी फार्मासिस्ट एस. आर. राना, पैरावेट हरेन्द्र सिंह, पलविन्दर सिंह, तिजिति किदि कुमार, सुधरपाल यादव एवं अर्पितआति कैम्प को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा अन्त में डा. माहर द्वारा कैम्प में आये हुए।

# सुरक्षा पखवाड़े के 9वें दिन परिवहन विभाग द्वारा वाहनों के चालान कर सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया गया




जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर सिंह

सीतापुर। सड़क सुरक्षा पखवाडे के 9वें दिवस परिवहन विभाग द्वारा मॉडीफाइड साइलेन्सर, हूटर, पेशर हार्न के विरूद्ध अभियान चलाते हुए कार्यवाही की यी। अभियान के अन्तर्गत यात्री,मालकर अधिकारी एम0ए0 अहमद द्वारा द्वारा 13 मॉडीफाइड साइलेन्सर, प्रेशन हार्न के 08 वाहनों सहित कुल 21 वाहनो का चालान किया गया। यात्री,मालकर अधिकारी द्वारा चुंगी चैकी स्थित प्रदूषण जॉच केन्द्र व खैराबाद स्थित खॉन वेलफेयर सोसाइटी, जुबेर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चलाये जा रहे प्रदूषण जॉच केन्द्रों का ब्यौरा व केन्द्र की यान्त्रिक दशा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने कई गाड़ियों से निकलने वाले प्रदूषण की जॉच स्वयं अपने सामने कराते हुए प्रत्येक तीन माह में जॉचे गये वाहनों का विवरण कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन के प्रति जारी प्रदूषण प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त होते ही पुनः वाहन के प्रदूषण की जॉच कराते हुए वैध प्रदूषण प्रमाण प्राप्त कर लेना चाहिए। प्रदूषण प्रमाण पत्र वैध न होने की स्थिति में 10 हजार रूपये का जुर्माना देय होगा। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी द्वारा बताया कि ज्यादातर लोग जिन्हें बुलेट चलाने का शौक है वह अपनी बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर लगवा लेते है दरअसल बुलेट के नॉर्मल साइलेंसर को बदलकर मॉडिफाइड साइलेंसर लगवाने से इसकी आवाज पहले से कहीं ज्यादा पावरफुल होकर किसी पटाखे जैसी होती है जिससे ध्वनि प्रदूषण होता है। उन्होने बताया कि बाइक या कार के चलने के दौरान 80 डेसिबल से ज्यादा आवाज नहीं निकलनी चाहिए। लेकिन वाहन चालको द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर बदलने से 120 डेसिबल से ज्यादा की कर्कश आवाज निकलती है जिससे कारण अधिक कर्कश ध्वनि होने के कारण ध्वनि प्रदूषण होता है।
उन्होने वाहन चालको को यातायात नियमों के पालन की अपील करते हुए कहा कि मॉडिफाइड साइलेन्स का उपयोग कदापि न करें, जिससे वातावरण में ध्वनि प्रदूषण को कम किया जा सकता है तथा ध्वनि प्रदूषण करने पर देय जुर्माना से भी बचा जा सकता है। विभाग की ओर से यातायात चिन्हयुक्त पम्फलेट वितरित किये गये।

# राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यो की समीक्षा के साथ ही मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अंश निर्धारण में जनपद की सभी तहसीलों में अभी भी बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिला अधिकारियों को शीघ्र ही वस्तुस्थिति का आंकलन कर समस्त मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। समस्त न्यायिक अधिकारियों को उनके न्यायालय में मानक के अनुसार वादों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उत्तराधिकार, वरासत में भी लेखपाल स्तर पर समय सीमा के उपरांत लंबित कई मामलों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने ऐसे सभी लेखपालों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदनों की निस्तारण की समीक्षा के दौरान तहसील सदर में आय प्रमाण पत्र के सबसे ज्यादा लंबित आवेदनों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने समस्त मामलों के निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारी को दिए। स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अवशेष कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने के निर्देश समस्त तहसीलदारों को दिए।
कृषि, आवास एवं मत्स्य हेतु पट्टा आवंटन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पट्टा आवंटन के उपरांत खतौनी में तत्काल नाम दर्ज कर एक सप्ताह के अंदर समस्त विधिक कार्यवाही की जाये। विविध देयों की वसूली की समीक्षा के दौरान व्यापार कर, वाहन कर, विद्युत देय, बैंक देय, स्टांप देय आदि में निर्धारित मानक अनुरूप वसूली करायी जाये। जिलाधिकारी ने रियल टाइम खतौनी सहित अन्य कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व संबंधित मामले की भी समीक्षा की। उनसे लिखित प्रमाण लेते हुए पोर्टल से एमओयू हटाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। समीक्षा के दौरान ही राजस्व संहिता की विभिन्न धाराओं में लंबित वादों के निस्तारण की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने समस्त पीठासीन अधिकारियों को अपने न्यायालयों में विभिन्न धाराओं में लंबित वादों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अंदर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई, बैठक दौरान अपर जिला अधिकारी नीतीश कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौरी देवी मंदिर में नगरपालिका अध्यक्ष ने सपरिवार किया कन्यापूजन व कराया विशाल भंडारा

जन एक्सप्रेस । खैराबाद



शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा, कन्या पूजन और हवन किए। नवदुर्गा ग्रंथ के अनुसार शारदीय नवरात्र में नौवें दिन की अधिष्ठात्री देवी मां सिद्धिदात्री की उपासना से हर प्रकार की सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता व अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने भुलनपुर खैराबाद में मां गौरी देवी मंदिर में कन्या पूजन कर कन्या भोज करवाया माता स्वरूप कन्याओं को भोजन करवा कर उन्हें विभिन्न प्रकार के उपहार व दक्षिणा प्रदान किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनधि अभिषेक गुप्ता ने कहा नवरात्रि के नौवें दिन मां दुर्गा की नौवीं शक्ति मां सिद्धिदात्री के चरणों में प्रणाम करता हूं। मां सिद्धिदात्री से प्रार्थना है कि भक्तजनों की मनोकामनाओं को पूर्ण करें और सद्बुद्धि देकर उनका कल्याण करें।
इसके बाद मंदिर प्रांगड़ में भंडारे का शुभारंभ हुआ जिसमें सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गौरी देवी मंदिर अध्यक्ष बच्चन मिश्रा, गौरव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## पिता-पुत्र पर धारदार हथियार से हमला, बेटे की मौत

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** दरवाजे पर खड़े होकर गाली देने से मना करने पर युवक ने पिता-पुत्र पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। खून से लथपथ हालत में दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां घायल पुत्र अमित कुमार की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में भारी तनाव फैल गया। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। कुछ समझ पाते, इससे पहले ही प्रमोद ने अमित पर ताबड़तोड़ प्रहार शुरू कर दिए। सिर पर गंभीर चोटें आने से अमित मौके पर ही लहूलुहान हो गया और जमीन पर गिर पड़ा। अपने बेटे को बचाने दौड़े जागेश्वर पर भी प्रमोद ने हमला कर घायल कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही यूपी 112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को पहले सीएचसी फूलबेहड़ पहुंचाया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान अमित ने दम तोड़ दिया। गांव में पुलिस बल तैनात, आरोपी फरार फूलबेहड़ थाना प्रभारी आलोक धीमान ने बताया कि घटना गाली-गलौज के विरोध के चलते हुई। आरोपी प्रमोद के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मुख्यमंत्री योगी ने बेटियों के पांव पखार की मातृ शक्ति की आराधना

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं का किया पूजन

जन एक्सप्रेस I गोरखपुर



गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मातृ शक्ति के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा और उन्हें समाज मे शक्ति स्वरूप में प्रतिष्ठित करने की पहल को एक बार फिर मजबूत करते दिखे। शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कन्या पूजन अनुष्ठान में सीएम योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। शुक्रवार को गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंदिर स्थित अपने आवास परिसर के प्रथम तल पर परंपरागत रूप से पीतल के परात में जल से सभी नौ कुंवारी कन्याओं के बारी-बारी पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और शक्तिपीठ की वेदी पर उगाई गई जई का तिलक लगाया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद सीएम योगी ने अपने हाथों से परोसा। इन नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों को भी पूजनोपरांत श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्यार-दुलार पाकर नन्हीं बालिकाओं व बटुकों की प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इस दौरान सीएम योगी के हाथों दक्षिणा मिलने से सभी बालिकाएं काफी प्रफुल्लित दिखीं। पूजन के बाद भोजन परोसते समय सीएम निरंतर संवाद भी करते रहे। यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी बालक-बालिका की थाली में प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे। पूजन के दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, द्वारिका तिवारी, वीरेंद्र सिंह, दुर्गेश बजाज, अमित सिंह मोनू, विनय गौतम आदि मौजूद रहे। सीएम योगी ने इसके पूर्व प्रातःकाल के पूजन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की।

## शक्ति की साधना सिद्धि से होगा विजयश्री का वरण

जन एक्सप्रेस I गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मां जगतजननी की नौ तिथियों में पूजन के बाद शनिवार को विजयादशमी का पावन पर्व है। विजयादशमी भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करने के उल्लास का पर्व है। इसमें यह संदेश भी निहित है कि जहां शक्ति की साधना होगी तो वहां सिद्धि के रूप में विजयश्री का वरण अवश्य होगा। सीएम योगी ने कहा कि विजयादशमी त्रेतायुग के बलशाली राजा, अधर्म, अत्याचार और अन्याय के प्रतीक रावण पर प्रभु श्रीराम के विजय का उत्सव है। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त करने के लिए सनातन धर्मावलंबी रामलीलाओं के माध्यम से श्रीराम के राज्याभिषेक के कार्यक्रम से जुड़ेगा। इस अवसर पर अन्याय के प्रतीक रावण के पुतला दहन की परंपरा भी देखने को मिलती है। मुख्यमंत्री ने विजयादशमी के पावन पर्व पर सभी लोगों के मंगलमय जीवन की कामना की।

# नारी को सम्मान देने वाला समाज में होता है समर्थवान: मुख्यमंत्री

जन एक्सप्रेस I गोरखपुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है और जिस समाज में नारी की पूजा होती है तथा सम्मान दिया जाता है वह समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिमान होता है। मुख्यमंत्री बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि में कन्या पूजन के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी वर्ष में दो बार शारदीय और वासंतिक नवरात्र में जगत जननी मां भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों के पूजन व अनुष्ठान के कार्यक्रम से श्रद्धा, उल्लास व उमंग से जुड़ते हैं। सनातन धर्म की पर्व और त्योहार से जुड़ी समृद्ध परंपरा सबका ध्यान आकर्षित करती है। शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान हो रहा है। वह सौभाग्यशाली है कि गोरक्षपीठ की पवित्र परंपरा के अनुसार उन्हें भी कन्या पूजन का अनुष्ठान करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

### आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की प्रेरणा का माध्यम है नवरात्र पर्व

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र का पर्व शक्ति की आराधना के साथ आधी आबादी के सम्मान का भी प्रतीक पर्व है। भारतीय मनीषा ने प्राचीनकाल से ही 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता-' अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है, उसका सम्मान किया जाता है वहां दैवीय शक्तियों का वास होता है की मान्यता और इसके भाव को अंगीकार किया है। नवरात्र में जगतजननी भगवती मां दुर्गा के पावन नौ स्वरूपों की आराधना सनातन धर्म की उदात्त और पवित्र परंपरा का महत्वपूर्ण अवसर है। यह आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की नई प्रेरणा देने का भी माध्यम है। सीएम योगी ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा के साथ पूरे समाज की सुरक्षा जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि जब हम आधी आबादी को सामर्थ्यवान बनाकर उनकी गरिमा और सम्मान की सुरक्षा करेंगे तो प्रदेश और देश सभी नागरिकों के जीवन मे खुशहाली लाने के लक्ष्यों को प्राप्त करेगा।

# जरुरतमंद की मदद ही सेवा का सच्चा स्वरूप: रवि किशन

■ विश्व दृष्टि दिवस पर नेत्र चिकित्सकों ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस I गोरखपुर



विश्व दृष्टि दिवस पर वृहस्पतिवार को ऑप्टोमेट्रिस्ट वेलफेयर सोसायटी की ओर से नौका विहार पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आखों के देखभाल कैसे करें इस बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद रवि किशन शुक्ल ने जरूरतमंद का मदद करना ही ईश्वर की सच्ची भक्ति बताया।उन्होंने कहा कि चिकित्सक ईश्वरीय शक्ति का दूसरा रूप है।सही मायने में अगर किसी जरूरतमंद की मदद की जाए तो सबसे बड़ी ईश्वर की भक्ति यही होती है। कार्यक्रम में गोरखपुर के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव ने नेत्र ज्योति के समस्या का समाधान कैसे हो इस विषय में जूनियर डॉक्टरों को जागरुक किया। उन्होंने सेवा भाव से मरीजों का इलाज करने की बात कही।कार्यक्रम में नेत्र सर्जन डॉ आशुतोष शुक्ल और डॉ वाई सिंह ने गोरखपुर और आस पास के जिले से मौजूद सभी ऑप्टोमेट्रिस्ट को एक जुट होकर जरूरतमंदों के इलाज़ में अपनी अपनी सहभागिता के बारे में जागरूक किया।इस दौरान डॉ वीके राय,अलका श्रीवास्तव,देव वी पांडेय,अर्चना दुबे,संदीप कन्नौजिया, अनुराग मणि त्रिपाठी,मुस्ताक आलम, अजय श्रीवास्तव,विनोद कश्यप, राजकुमार कन्नौजिया आदि नेत्र चिकित्सक एंव नेत्र परीक्षक मौजूद रहे।

## प्रभारी अधिशासी अधिकारी की हुई विदाई

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** करीब तीन माह से अधिक समय से लंबित चल रहे फरेंदा के नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी के पद पर आज नवागत ईओ ने कार्यभार ग्रहण किया। बता दें कि रिक्त पद पर फरेंदा उपजिलाधिकारी नवीन कुमार को प्रभारी के रूप में दायित्व सौंपा गया था।मुताबिक नगर पंचायत कार्यालय पर उपजिलाधिकारी फरेंदा नवीन कुमार को अधिशाषी अधिकारी का कार्य प्रभार मुक्त होने के उपरांत नगर पंचायत आनन्दनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।नवागत अधिशाषी अधिकारी अनुज भारती के उज्वल कार्यकाल की कामना किया व उपस्थित नगर पंचायत कर्मियों को ड्रेस वितरण कर उनके कार्य के प्रति उनका उत्साहवर्धन किया।इस दौरान वरिष्ठ लिपिक वेद प्रकाश, कंटक लिपिक धीरेन्द्र श्रीवास्तव सभासद मोनू पांडेय, सभासद गौतम पाटवा सहित तमाम लोग रहें।

# सामुदायिक शौचालय पर किया कब्जा, जिम्मेदार नहीं लेते संज्ञान ग्रामीणों में आक्रोश, डीपीआरओ ने दिया जांच का आश्वासन

जन एक्सप्रेस I चौरी चौरा

गोरखपुर के विकास खंड सरदार नगर के ग्राम पंचायत बघाड़ में स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित सामुदायिक शौचालय चारदीवारी के भीतर बंद पड़ा है। यह शौचालय, जो गांव की जनता को स्वच्छता प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया था, अब एक व्यक्ति विशेष के कब्जे में है, जिसने इसे ताला लगाकर पैक कर दिया है।

### प्रधान ने की दर्जनों बार शिकायत, नहीं हुआ समाधान

ग्राम प्रधान पति अजीत कुमार ने बताया कि इस समस्या के संबंध में दर्जनों बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये की लागत से बने इस शौचालय का उपयोग न होना सरकार की योजना की विफलता को दर्शाता है।




### सरकार का स्वच्छता अभियान हो रहा प्रभावित

सामुदायिक शौचालय के बंद होने से गांव की स्वच्छता प्रभावित हो रही है, और लोग इस स्थिति को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों का मानना है कि इस समस्या का त्वरित समाधान होना आवश्यक है, ताकि उन्हें स्वच्छता की सुविधाएं मिल सकें।

### बोले डीपीआरओ – जांच कर की जाएगी कार्रवाई

जिला पंचायत राज अधिकारी निलेश प्रताप सिंह ने मामले पर कहा कि वे स्थिति की जांच करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि शौचालय का उपयोग अवरुद्ध है, तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने यह भी कहा कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे ताकि समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जा सके। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि जब इतनी धनराशि खर्च की गई, तो यह शौचालय एक व्यक्ति के कब्जे में कैसे आ गया। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि ऐसे विवादित स्थान पर सामुदायिक शौचालय बनाने का जिम्मेदार कौन है, इस पर सरकार की नजर क्यों नहीं पड़ रही है।

# शिकायत के बाद शौचालय निर्माण में गड़बड़ी की जांच करने पहुंची टीम

जन एक्सप्रेस I आनन्दनगर महराजगंज



जिले के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में घरेलू शौचालय में बड़ी गड़बड़ी की शिकायत सामने आ रही हैं। यह मामला 2018 का है। जिसमें आरोपकर्ता के शिकायत के बाद जांच टीम गांव पहुंची और भौतिक सत्यापन किया।मिली जानकारी अनुसार लक्ष्मीपुर ब्लॉक के ग्राम मदरहा ककटही के शिकायतकर्ता विजय, सिराजुद्दीन आदि ने शिकायत कर आरोप लगाए हैं कि वर्ष 2018-19-20 में पूर्व प्रधान नजरे आलम के कार्यकाल में वितरित 392 घरेलू शौचालयों में बड़ी धांधली की गई है। अधिकांश ऐसे परिवार हैं जिन्हें ये भी पता नहीं कि उनके नाम से पैसा वितरण किया गया।मामले में उच्चधिकारियों से शिकायत के बाद गठित दो सदस्यीय टीम जांच को गांव पहुंची। इस टीम में जांच अधिकारी अनुराग त्रिपाठी और प्रधान सहायक सरोज चौबे थे। जिन्होंने मौके पर लाभार्थियों से पूछताछ व जांच पड़ताल के बाद रिपोर्ट बनाया जाएगा।मामले मे जांच अधिकारी अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों की रैंडम जांच की गई है। लगभग 4 टोले पर सूची अनुसार 40-45 लाभार्थियों की जांच गई जिसमें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उन्होंने बताया मामले की रिपोर्ट उच्चधिकारियों को सौंपी जाएगी।जांच में रामबहाल पुत्र हरिलाल, रीना पत्नी रामबहाल, झिनकी पत्नी किशोर, छाया पत्नी अरविंद, वीरेंद्र सहित दर्जनों ने जांच अधिकारियों को बताया कि उन्हें व्यक्तिगत शौचालय का कोई लाभ नहीं मिला, उन्हें पता ही नहीं है, जबकि उनके नाम से शौचालय का पैसा निकाला गया है।

## भाजपा किसान मोर्चा ने ई रिक्शा चालकों को दिलाई पार्टी की सदस्यता

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान महापर्व 2024 के अंतर्गत किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने देवरिया नगर के भटवलिया टैक्सी स्टैंड के पास ई रिक्शा चालकों को मिस्डकॉल के माध्यम से भाजपा का सदस्य बनाया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार प्रदेश के जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को यू पी मिशन शक्ति ई रिक्शा योजना के तहत महिलाओं को ई रिक्शा खरीदने पर 50 हजार रुपये की सब्सिडी देने के साथ ही उनको ई रिक्शा चलाने का निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाकर उनको सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। 2 दर्जन से अधिक ई रिक्शा चालकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश राय, यशवंत यादव, रामनिवास मौर्य उपस्थित रहे।

# मंदिरों, घरों, पूजा पंडालों में कन्या पूजन और हवन के साथ हुआ भंडारा

जन एक्सप्रेस I कुशीनगर



शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन मंदिरों और पंडालों में श्रद्धालुओं की सुबह से ही भीड़ उमड़ने लगी। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और कुशलता की कामना की। नवरात्र के समापन पर मंदिरों, पंडालों और घरों में कन्या पूजन और हवन भी हुआ। इसके बाद जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। पडरौना क्षेत्र के जंगल बनबीरपुर गांव पुर्व ग्राम प्रधान स्वर्गीय मुरारी कुशवाहा प्रधान के टोले पर शिवशक्ति दुर्गा पूजा सेवा समिति के तरफ से आयोजित मां दुर्गा पूजा के अंतिम दिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले शुक्रवार की देर इसी जंगल बनबीरपुर गांव में पहुंचे पूर्व हिंदू हियुवा वाहिनी के जिला महामंत्री और वर्तमान के भारतीय जनता पार्टी के सरकार में बतौर पिछला आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा ने भी यहां स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा की आरती उतार कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की मंगल कामना की मन्नतें मांगी। इस दौरान आयोजक छोटे कुशवाहा अजय गुप्ता, हरेंद्र कुशवाहा,मंटू कुशवाहा,राजन कुशवाहा, धीरज कुशवाहा बिट्टू पूर्व प्रधान प्रत्यासी, संदीप कुशवाह मनोज कुशवाहा,संतोष कुशवाहा, विनय कुशवाहा, राजू कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा बेच्चु कुशवाहा,माधवो गोविंद, रामू कुशवाहा, सुरेंद्र कुशवाहा, सुदीप कुशवाहा समेत गांव से जुड़े आयोजक टीम से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवी ने गरीब बच्चों में पाठ्य सामग्री भेंट कर मनाया जन्मदिन

जन एक्सप्रेस I कुशीनगर




जनपद कुशीनगर के तहसील खड्डा अंतर्गत ग्राम पंचायत गैनही जंगल के एक युवक ने अपना जन्मदिन अनूठे तरीके से मनाया। युवक ने गांव के गरीब बच्चों को कॉपी पेन पुस्तकें, फल आदि भेंटकर जन्मदिन सेलिब्रेट किया।

तहसील खड्डा अंतर्गत गैनही जंगल निवासी नसीम अंसारी ने अपना जन्मदिन अनुठे अंदाज में मनाया। गांव के परिषदीय प्राथमिक और जूनियर स्कूल में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को कॉपी, किताब, पेन आदि दे कर अपना जन्मदिन मनाया। तथा मेडिसिटी हॉस्पिटल पहुँच कर मरीजों को फल वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गरीब असहाय लोगो की मदद करना मेरा मकसद है। तथा यदि कोई गरीब छात्र को पढ़ने में पैसे आड़े आ रही है तो उसकी शिक्षा की जिम्मेदारी हमारा है। उनके जन्मदिन पर मकसूद आलम, मेडिसिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर जीतेन्द्र यादव, प्राथमिक विद्यालय बुढ़वा जंगल के प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा, विजय गुप्ता, नियम अंसारी, सिराज अंसारी, नजरें आलम, जावेद अंसारी हेमंत कुमार सिंह रिजवान, संदीप कुमार, सरोज, जहांगीर अंसारी, धर्मवीर सिंह, आदि लोगो ने जन्मदिन की बधाई दी।

**पड़ताल** यहां मरीजों का इलाज चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा किया जाता है

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ब्रम्हपुर

जन एक्सप्रेस I चौरीचौरा गोरखपुर





ब्रम्हपुर ब्लाक स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ब्रम्हपुर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। परिसर में उगी बड़ी बड़ी घांसे तथा झाड़ियां इस चिकित्सालय की पहिचान बन गई है। परिसर में बड़ी बड़ी घासें उगने के कारण मच्छरों का भरमार है। लोगों में गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। चिकित्सालय के स्टोर रुम में रखी दवायें फर्श पर फेंकी गई है। जिसका उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। बताते चलें कि मंगलवार को **जन एसप्रेस** के चौरीचौरा प्रतिनिधि द्वारा अस्पताल के विषय में मिली शिकायत के संबंध में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ब्रम्हपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जहां पर स्थानीय कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि परिसर में गंदगी का साम्राज्य है।दवायें फर्श पर फेंकीं रहती हैं।यहां मरीजों का इलाज चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा किया जाता है। डाक्टर हमेशा नहीं आते हैं। चिकित्सालय पर उपस्थित कर्मचारी ने बताया कि हास्पिटल पर नियुक्त डाक्टर सप्ताह में केवल दो दिन आते हैं। जबकि इस संबंध में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ब्रम्हपुर डा दिनेश चंद्र अमेठिया ने बताया कि परीक्षा में ड्यूटी लगाई गई है। लगभग 25 दिन से अवकाश पर हूं।

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्योहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्योहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्योहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 26, 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरू, रवि, बुध | 28, 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 & 31.10.24 |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 25.10.24 & 01.11.24 |
| 04073 | हावड़ा जं | 04:20 | दिल्ली जं | 05:00 | तिथि वार | शनिवार | 12.10.24 |
| 04071 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | तिथि वार | शनिवार | 12.10.24 |
| 04072 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | रविवार | 13.10.24 |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | तिथि वार | शनिवार | 12.10.24 |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 24.10.24 से 16.11.24 |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 17.11.24 |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04519 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.10.24 से 26.11.24 |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.10.24 से 27.11.24 |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 28.10.24 से 18.11.24 |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 12.10.24 से 30.11.24 |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 12.10.24 से 30.11.24 |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 13.10.24 से 27.11.24 |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 13.10.24 से 27.11.24 |
| 04224 | लखनऊ जं | 15:10 | टाटानगर जं | 08:50 | तिथि वार | बुधवार | 16.10.24 |
| 04223 | टाटानगर जं | 11:00 | लखनऊ जं | 04:55 | | गुरूवार | 17.10.24 |
| 04226 | लखनऊ जं | 15:40 | टाटानगर जं | 09:10 | तिथि वार | रविवार | 20.10.24 |
| 04225 | टाटानगर जं | 11:00 | लखनऊ जं | 04:55 | | सोमवार | 21.10.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.10.24 से 16.11.24 |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 13.10.24 से 17.11.24 |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं | 06:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 21.10.24 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं | 04:50 | | | 22.10.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 03.11.24 |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 26.10.24 से 04.11.24 |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 24.10.24 से 13.11.24 |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 23.10.24 से 12.11.24 |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 13.10.24 से 10.11.24 |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 15.10.24 से 12.11.24 |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 14.10.24 से 02.12.24 |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# महानवमी के अवसर पर घर-घर में हुई पूजा अर्चना, मंदिरों पर रही भीड़

- श्री बालाजी ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में कन्याओं का किया गया पूजन

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



शुक्रवार को नवमी पर घर -घर में पूजी की गई कन्याएं, भक्तों ने कराया भोज सुबह से ही देवी मंदिरों में लगी रही कतार, मैया का किया पूजन साथ ही सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल रहा तैनात, भ्रमणशील रहे अफसर बताते चलें की नौ दिन से चल रहे देवी व्रतों का कन्या भोज के साथ नवरात्र संपन्न हुए। भोर से ही घरों और मंदिरों में मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर मनौती मांगी गई। मां की आराधना का अंतिम दिन होने के कारण सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लगी रही। भक्तों ने घरों में भी विधि विधान से पूजन के साथ ही हवन किया। मंदिरों में दीपदान किया गया। देवी गीतों और मंत्रों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

जनपद भर में शुक्रवार को मां सिद्धिदात्री की आराधना कर लोगों ने नवरात्र के व्रत पूर्ण किए। नवमी के चलते भोर से मां दुर्गा की आराधना की। हवन-पूजन के बाद पूड़ी, हलवा, खीर और चना आदि बनाया। कुछ लोगों ने बाजार से दही-जलेबी खरीदी। इसके बाद कन्याओं को भोज कराया गया। नवमी के चलते कन्याओं की भी मारामारी रही। कई लोगों ने मंदिरों में जाकर कन्या भोज करवाया। श्रद्धानुसार कन्याओं को दान-दक्षिणा दी गई। कन्या भोज निपटाने के बाद भक्तों ने देवी मंदिरों की ओर रुख किया और मां के दर्शन कर मनौती मांग व्रत तोड़ा।

इधर, मां यशवंतरी देवी मंदिर, गोदावरी स्टेट कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर, शेर मोहम्मद में दुर्गा मंदिर, गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित श्री संकट मोचन पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री बालाजी ब्रहमदेव संकीर्तन दरबार में श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए।

भीड़ अधिक होने से मंदिर कमेटी के लोगों ने लाइन लगवाकर एक-एक मंदिर प्रांगण में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को भेजा।

मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए मां को अज्ञारी कर उन्हें श्रृंगार का सामान भेंट किया। इसके अलावा शहर के माता महातेश्वरी देवी मंदिर में शाम छह बजे हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। भीड़ को देखते हुए मंदिरों में पुलिस बल तैनात रहा।

### श्री बालाजी ब्रह्देव संकीर्तन दरबार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया कन्या पूजन

बताते चले कि शुक्रवार को श्री बालाजी ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कन्याओं का पूजन किया गया। महानवमी के पर्व पर जहां नगर पंचायत अध्यक्ष पकड़िया नौगवां एवं सभासद सेवक विशाल के नेतृत्व में समस्त नगर वासी ने मैया का आशीर्वाद दिया एवं सभी कन्याओं को उपहार स्वरूप भेंट किए गए।

# एक दिन के लिए प्राचार्य बनी छात्रा मुस्कान ने परखा शिक्षण कार्य

- मिशन शक्ति अभियान के तहत गन्ना कालेज में छात्रा को बनाया गया प्राचार्य
- छात्रों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने को किया प्रेरित, प्रवक्ताओं के साथ की बैठक

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट मुस्कान मिश्र को एक दिन का प्राचार्य बनाया गया। एक दिन के कार्यभार में छात्रा ने महाविद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षण कार्य सहित कई व्यवस्थाओं को परखा ।छात्रा ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को निसंकोच होकर समस्या बताने को कहा। ताकि उसका समाधान किया जा सके। सभी छात्रों को अपनी-अपनी कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित होकर व अनुशासन में रहते हुए शिक्षण कार्य करने की सलाह दी। इसके बाद प्रवक्ताओं के साथ भी बैठक कर कई बिंदुओं पर चर्चा की। छात्रा मुस्कान को एक दिन का प्राचार्य मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के अंतर्गत बनाया गया। स्टाफ ने उपहार देकर उनका स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि एक दिन का कार्यभार ग्रहण करने और प्राचार्य के दायित्व समझने के बाद मुस्कान ने दैनिक प्रार्थना में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि बेटिया भी किसी से कम नहीं हैं। इसके बाद सभी कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से शिक्षण कार्य के बारे में जानकारी की। एनसीसी कक्ष, कार्यालय, लेखा पुस्तकालय सहित पूरे महाविद्यालय का निरीक्षण किया। प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय के प्रवक्ताओं के साथ मीटिंग कर छात्र-छात्राओं के हित में शिक्षण कार्य के संबंध में चर्चा की। कई सुझाव भी दिए। प्राचार्य ने बताया कि मिशन शक्ति को बल देने के उद्देश्य से यह अनूठी पहल है। इससे बालिकाओं को प्रशासनिक कार्यो और जिम्मेदारियों की जानकारी मिलने के साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। मुस्कान मिश्रा को एक दिन के लिए प्राचार्य पद का कार्यभार सौंपा। उसने प्राचार्य पद की समस्त जिम्मेदारियों का निर्वहन आत्मविश्वास एवं समझदारी से किया।

# तीन साल बाद भी घुंघचाई-दियोरिया जंगल मार्ग का निर्माण अधूरा, सांठगांठ कर करोड़ों का भुगतान

- 3.76 करोड़ की लागत से कराया जा रहा 18 कि.मी सड़क का निर्माण कार्य
- नुकीले पत्थरों पर आवागमन करने को मजबूर राहगीर

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

घुंघचाई-दियोरिया जंगल मार्ग के निर्माण कार्य में जमकर अनियमितताएं बरती गई।लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड की लापरवाही से तीन साल बाद भी 18 कि.मी लम्बी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका।निर्माण कार्य के बगैर ही अभियंताओं ने भ्रष्टाचार में संलिप्त ठेकेदारों से गठजोड़ कर करोड़ों रुपए की धनराशि निकाल ली।मामला उजागर होने के बाद विभागीय अधिकारियों में खलबली मची हुई है।राहगीरों को नुकीले पत्थरों पर मुसीबत भरा सफर करना पड़ रहा है। पूरनपुर वाया मैगलगंज नेशनल हाईवे से 18 कि.मी लम्बे घुंघचाई-दियोरिया जंगल मार्ग को 2022 में निर्माण कार्य की मंजूरी दी गई थी।सड़क निर्माण के लिए 3.76 करोड़ रुपए धनराशि स्वीकृत की गई ।।टेंडर प्रक्रिया में लापरवाही के चलते 2023 में निर्माण कार्य शुरू किया गया था।निर्माण कार्य की जीशान खान कांट्रेक्टर को सौंपी गई थी।जर्जर सड़क को बुलडोजर से उखाड़ने के साथ लेयर तैयार करने का कार्य शुरू किया गया था। लगभग 15 कि.मी सड़क की स्क्रेविंग तैयार की गई थी।इसके बाद कार्यदाई संस्था ने जनवरी 2024 में निर्माण कार्य बंद कर दिया था।मानकों को ताक पर रखकर मनमाने तरह से कराए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर कार्यदाई संस्था को ब्लैक लिस्ट करने के लिए सुपरटेंडेंट इंजीनियर और पीडब्ल्यूडी के चीफ अधिशासी अभियंता को पत्र भेजा गया था।

संस्तुति के बाद फॉर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया था।अभियंताओं ने ब्लैकलिस्टेड फॉर्म के ठेकेदार से पुनः सांठगांठ कर निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सौंप दी। अभियंताओं की मिली भगत से कार्यदाई संस्था ने दस माह बाद पुराने पत्थर के ऊपर रेत डालकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

सांठगांठ के चलते सडक का निर्माण कार्य कराए बगैर ही करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया गया। मामला उजागर होने के बाद विभागीय अधिकारियों में खलबली मची हुई है। दो माह पूर्व आई बाढ़ से जंगल के अंदर सौ मीटर सड़क पानी में बह गई थी।जंगल मार्ग पर दो चौपहिया वाहनों का आवागमन बंद है। विभागीय मनमानी के चलते राहगीर बीते तीन सालों से गड्ढे में तब्दील सड़क से सफर करने को मजबूर है।

# गन्ना समिति नवनिर्वाचित संचालकों का राज्य मंत्री ने किया माल्यार्पण कर स्वागत





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड पीलीभीत के नवनिर्वाचित संचालकों का शुक्रवार को गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने जन सहयोग कार्यालय पर माल्याअर्पण कर उनका स्वागत किया।

राज्य मंत्री श्री गंगवार ने इस अवसर पर कहा कि गन्ना संचालकों की जीत क्षेत्र के किसानों और भाजपा संगठन की जीत हैं। उन्होंने कहा सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत के चुनाव में संचालक (डायरेक्टर) के पद पर चौधरी दिग्विजय सिंह ऐमी, ममता गंगवार जतीपुर, विजय गंगवार शाही, भजन लाल गंगवार, जहानाबाद, वर्मा भौनी, मोहन सिंह वर्मा गौहनिया को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

### जिले भर में शारदीय नवरात्र धूमधाम से मनाया गया

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**। शारदीय नवरात्रि की नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर अपने आवास पर मां भगवती के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कन्याओं का पूजन कर नवरात्र आराधना पूरी की। मंत्रोच्चार के बीच पूजन प्रक्रिया में उन्होंने नौ कन्याओं और एक बटुक भैरव के पांव पखारकर उन्हें अपने हाथ से भोजन कराया और उनका आशीर्वाद लिया। जिलाधिकारी ने पहले कन्याओं के पैर धोये उसके बाद उनको टीका लगाया। इसके बाद कन्याओं को किताबों के साथ स्कूल बैग, टिफिन और अन्य उपहार दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि की तथा दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं दी और त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की।

## एक्सप्रेस खबरें...

### चोरों ने मकान में लगे ताले को तोड़कर समान किया चोरी रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**। जनपद के थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम गौनेरा निवासी कुंवरपाल पुत्र डोरीलाल ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा गया कि उसका सदर कोतवाली क्षेत्र के पिंक सिटी कॉलोनी में मकान बन रहा है। मकान में ताला लगा हुआ था। चोर मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर दरवाजे में दाखिल हो गए। मकान में रखी पानी की मोटर,सरिया,मजदूरों का सामान,निर्माण सामग्री समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह जब परिवार के लोग गए तो चोरी की जानकारी हुई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई तो थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नरेश त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर घटना के खुलासे के प्रयास किए जा रहे हैं।

### धार्मिक स्थल के बाहर हुई मार-पीट, युवक ने की खुदकुशी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**। धार्मिक स्थल के बाहर हुई मारपीट को लेकर युवक ने घर पर आकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त ।जनपद के थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम गिधोर निवासी दीनदयान ने थाना सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा गया कि उसके भाई वीरेंद्र कुमार को गांव के ही एक युवक ने एक धार्मिक स्थल के बाहर मारपीट की। उसके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए दोबारा धार्मिक स्थल पर आने पर धमकी दी। इसके बाद वह वहां से घर आ गया। जिससे आहत होकर उसने खुदकुशी कर ली। ग्रामीण की मौत के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस को दी गई तो मझोला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मृतक के भाई की तहरीर पर न्यूरिया पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक न्यूरिया अशोक पाल ने बताया कि तहरीर में लगे आरोपों की जांच की जा रही है।

### युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**। देर रात गांव निवासी युवक महिला की पुत्री को पहले फुसलाकर भगा ले गया। तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दर्ज कराई गई प्राथमिक में बताया कि गांव का ही एक युवक उसकी पुत्री से फोन पर बातचीत करता था। 7 अक्टूबर की रात घर में सभी सो रहे थे। युवक महिला की पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। नींद खुलने पर देखा तो युवती बिस्तर पर नहीं थी। खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही छोटू पुत्र रामदीन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

### घास काट रहे ग्रामीण को बाइक सवार ने मारी टक्कर, प्राथमिकी

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कढ़ैया निवासी रविंद्र ने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया कि 4 अक्टूबर की सुबह लगभग 10 बजे उनके पिता श्री राम खेत पर इंजन चलाने के बाद सड़क किनारे घास काट रहे थे। पश्चिम दिशा से आए तेज रफ्तार बाइक सवार अर्जुन पुत्र राजाराम निवासी कढैया ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से घास काट रहा ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

### 100 बोरी नकली सीमेंट बरामद

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**। मड़ियाहू कोतवाली क्षेत्र के मडियाहूं कठिरांव मार्ग पर स्थित जयरामपुर से एसीसी कंपनी के एरिया मैनेजर ने 100 बोरी नकली सीमेंट टाटा पिकअप सहित बरामद करते हुए कोतवाली में तहरीर दिया है। ए.सी.सी. कंपनी जौनपुर के एरिया मैनेजर सर्वरीश तिवारी ने बताया कि वह गुरुवार को मडियाहूं क्षेत्र में गोपनीय सर्वे पर निकले थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि एक टाटा पिकअप से नकली सीमेंट उतार कर जयरामपुर स्थित एक दुकान में रखा जा रहा है। वहां पहुंचकर जांच किया तो सीमेंट पूरी तरह नकली पाया गया। ड्राइवर से सीमेंट का कागज मांगने पर वह कुछ नहीं दिखा सका। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सीमेंट सहित पिकअप व चालक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल में जुटी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### नहर में अज्ञात महिला का शव मिलने से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**


शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत आजाद नहर पुलिया में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के उसरहटा गांव स्थित आजाद रेलवे क्रासिंग के समीप नहर में शुक्रवार की सुबह एक लगभग 30 वर्षीय अज्ञात महिला का शव नहर पुलिया में पड़ा हुआ था। सुबह ग्रामीणों ने शव को देख कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सका। महिला पीले कलर का जींस व कुर्ती पहनी हुई है।हाथ में चूड़ी व शरीर पर चोट के भी निशान मौजूद हैं। शव फूल जाने से शिनाख्त होने में परेशानी हो रही है। वहीं लोगों में चर्चा बना हुआ है कि कहीं महिला के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर शव को फेंक दिया गया है।

# स्टेशन के बाहर अस्थाई रूप से रह रहे कंजड़ों के दो गुटों में जमकर हुई मारपीट पथराव

- मची भगदड़ महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से हुए घायल

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जनपद के रेलवे स्टेशन के बाहर वर्षों से रह रहे कंजड़ों के गुटों में जाकर हुई मारपीट मची भगदड़ उसके बाद जमकर हुआ पथराव पुलिस एवं जीआरपी पुलिस ने पहुंचकर बमुश्किल पाया काबू।

गुरुवार देर रात्रि पीलीभीत रेलवे स्टेशन के बाहर आस्थायी रूप से रह रहें कंजड़ो के दो गुटों में मारपीट के बाद जमकर पथराव हुआ। पत्थर चलने से वहां भगदड़ मच गई। दुकानदारों ने अपनी दुकानें दहशत के चलते बंद कर दी। खास बात यह रही कि रेलवे स्टेशन के बाहर हो रहे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को काफी देर तक नहीं लग सकी। लगभग 25 मिनट के बाद जीआरपी और सुनगढ़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बल प्रयोग कर किसी तरह भीड़ को काबू में किया। मारपीट में महिला समेत दो लोग घायल हो गए हैं।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन तिराहे पर पिछले काफी समय से कुछ लोग आस्थायी तौर पर अवैध रूप से रह रहे हैं। गुरुवार रात साढ़े 11 बजे किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। 15 से 20 लोगों के दो गुटों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट और पथराव होने लगा। चूंकि रेलवे स्टेशन अति व्यस्त क्षेत्रों में आता है। इसीलिए वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। काफी देर तक पुलिस इस पूरे घटनाक्रम से अंजान बनी रही। 20 मिनट के बाद सबसे पहले मौके पर जीआरपी उसके बाद सुनगढ़ी पुलिस पहुंची। पुलिस को भी दोनों पक्षों को शांत करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पथराव में दो लोग घायल हो गए। जिनको पुलिस ने चिकित्सालय भिजवाया। घटना के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। घटना के बाद पुलिस ने वहां रह रहे कंजड़ो को खदेड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन कुमार पाण्डेय ने बताया कि विवाद के बाद पुलिस मौके पर गई थी। इस मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि कल रात्रि हुए इस विवाद को लेकर लोगों में अभी भी भय बरकरार हैं।

# दुर्गा पूजा को शांति पूर्ण वातावरण में मानने के लिए डीएम एसपी ने किया फ्लैग मार्च



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को देर सायं जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र तथा पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च जेसीज चौराहा से निकलकर ओलंदगंज होते हुए पुराना पुल, ताड़ताला और शहर के विभिन्न मार्गों पर जहां भी माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है, फ्लैग मार्च उन मार्गों से गुजरा। ताड़तला में स्थापित पंडाल में जाकर अधिकारियों के द्वारा मां दुर्गा जी का आशीर्वाद लिया गया और वहां पर उपस्थित बच्चों को टॉफीया भी वितरित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं से वार्तालाप कर हाल चाल लिया गया और पूछा गया कि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या तो नहीं है। इसके उपरांत अधिकारियों के द्वारा कोतवाली चौराहे पर बनाए गए कंट्रोल रूम में जाकर महासमिति के पदाधिकारियों से वार्तालाप कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। अधिकारियों ने कहा कि फ्लैग मार्च निकाल कर असामाजिक तत्वों को आगाह किया गया कि वह घर से बाहर निकल कर कानून व्यवस्था के लिए समस्या उत्पन्न न करें, क्योंकि प्रशासन की नजर उन पर है। प्रशासन ने असामाजिक तत्वों से सख्ती के साथ निपटने की तैयारी की है।

# समाजवाद की जड़ भारतीयता के रग रग में समाई है - प्रेमशंकर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



स्वर्गीय चंद्रेश मिश्र पीठ पर गणमान्य लोगों द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह एक वैचारिक पीठ है जहाँ हर विचारधारा के लोग एकजुट होकर चर्चा करते हैं। आज के संगोष्ठी का विषय रहा आधुनिक भारत में समाजवाद की प्रासंगिकता। इस विषय पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रभुवन सिंह ने गाँधी से लेकर 42 वें संविधान संशोधन एवं आज तक के कॉंग्रेस के अंदर समाजवादी विचारधारा पर प्रकाश डाला।समाजवादी पार्टी के शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रेमशंकर यादव ने समाजवाद पर प्रकाश डालते हुए रामराज्य में समाजवाद,पंडित चंद्रशेखर आजाद के हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन पार्टी एवं उसके सिद्धांतों का वर्णन करते हुए भगत सिंह,आचार्य नरेंद्र देव, लोहिया, जय प्रकाश नारायण,राजनारायण सिंह सहित मुलायम सिंह यादव के विचारों से पीठ को अवगत कराया और कहा कि समाजवादी विचारधारा भारत के रग-रग में समाई है, इसे कोई नष्ट नहीं कर सकता। इस संगोष्ठी में पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी,पुस्तक कुटीर के अधिष्ठाता पंडित रामदयाल द्विवेदी, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व डीन प्रोफेसर डॉक्टर पीसी विश्वकर्मा, पीसी भारती, पत्रकार देवी सिंह, कपिलदेव मौर्य, रवि श्रीवास्तव गुड्डू, डॉक्टर रामजी तिवारी एवं अन्य गणमान्य लोगों ने प्रमुख रूप से सहभागिता निभाई।

### आईजी ने किया थाने का औचक निरीक्षण,दुर्गा प्रतिमाओं तथा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**। जफराबाद। पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र मोहित गुप्ता ने गुरुवार की देर शाम को स्थानीय थाने का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिये। आई जी श्री गुप्ता थाने पर पहुंच कर थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव से क्षेत्र में कितनी माँ दुर्गा प्रतिमाओं की संख्या तथा उनके सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी लिया। उन्होंने थानाप्रभारी को आदेश दिया कि जहा भी दुर्गा प्रतिमा स्थापित है उनके सुरक्षा में लापरवाही नही होनी चाहिए ।वि वसर्जन के दिन विसर्जन स्थल से लेकर दुर्गा प्रतिमाओं तक सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक नही होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होनें रामलीला मंचन स्थानों पर विशेष सुरक्षा का ध्यान देने को कहा। इसके अलावा उन्होंने थाने के सभी रजिस्टरों को देखा ।सीओ सिटी से थाने के हिस्ट्रीशीटरो के बारे में जानकारी लिया ।थाना परिसर का भी निरीक्षण किया।

# झूले की अनुमति न मिलने श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश, 2 घंटे तक रामलीला का संचालन रहा बंद

- मेला कमेटी और स्थानीय लोगों में आक्रोश विरोध के बाद देर शाम जारी की गई झूले की परमीशन

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जनपद के सुप्रसिद्ध रामलीला मैदान में जहां हर वर्ष मेले का आयोजन होता है और तमाम तरह के झूले का भी आयोजन होता हैं। लेकिन इस बार रामलीला मेले में झूले की अनुमति न होने का आरोप लगाकर रामलीला में लेकर संचालन बंद कर दिया गया। इसको लेकर श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश फैल गया। हालांकि विरोध की जानकारी मिलते ही प्रशासन ने झूले की अनुमति दे दी। लगभग 2 घंटे तक रामलीला का संचालन बंद रहा। श्री रामलीला महोत्सव संचालन समिति की ओर से शहर के रामलीला मैदान में रामलीला का आयोजन किया जाता है। अबकी बार जिला प्रशासन द्वारा मेले में झूले की अनुमति नहीं दी गई। शुक्रवार शाम को लेकर मेला कमेटी के लोगों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने झूले की अनुमति न मिलने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए मेले का संचालन पूरी तरह से रोक दिया। कमेटी के अंबरीश शर्मा ने कहा कि पिछले एक माह से झूले की अनुमति मांगी जा रही है। लेकिन स्थानीय प्रशासन इसको लेकर पूरी तरह से लापरवाह बना हुआ है। मेले में पिछले कई सालों से झूला लग रहा है। इसके बाद भी उनको अनुमति नहीं दी जा रही है। इसको लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता भी की गई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। मेला बंद होने की जानकारी पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। सूचना पुलिस को मिली तो प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। विरोध होते ही शाम साढ़े छह बजे जिला प्रशासन की ओर से मेले की झूले की अनुमति प्रदान कर दी गई। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# दम तोड़ रहा है घी का कारोबार, नहीं मिल रहा ओडीओपी का ऑक्सीजन




### ओडीओपी भी नहीं दे सकी है संजीवनी

ओडीओपी में आने के बाद देशी घी का कारोबार ऊंचाइयों तक पहुंचने की उम्मीद बंधी, लेकिन प्रचार-प्रसार की कमी और सरकारी कार्यालय व बैंक के बीच तालमेल की कमी ने लोगों को इससे और दूर कर दिया। लिहाजा ओडीओपी भी इस दम तोड़ते कारोबार को संजीवनी नहीं दे सकी है। फिर भी सरकारी महकमा ट्रेनिंग कराकर ही अपनी पीठ थपथपाकर रहा है।

**कन्नौज**

कभी गांव-गांव भट्ठी पर तैयार होने वाले देशी घी का कारोबार अब दम तोड़ता जा रहा है। तीन से चार दशक पहले तक यहां कुटीर उद्योग के तौर पर बनने वाला घी अब सिर्फ कुछ लोगों तक सीमित हो गया है। सरकार ने इसे एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) में तो शामिल करवा दिया, लेकिन स्थानीय अर्थव्यवस्था को इससे मजबूती नहीं मिली।

आजादी के पहले और उसके बाद भी रसोई की शान रही औरैया के घी की खुशबू बदलते वक्त के साथ कम पड़ती गई। शुद्ध घी बनाने की लागत बढ़ी तो कारोबार सिमट गया। पहले पशुपालन पर निर्भर रहने वाले लोग दूध की खपत नहीं होने पर उससे घी बनाते थे। गांव-गांव भट्ठियों पर घी बनाने का काम होता था। बदलते वक्त के साथ पशुपालन का काम भी सिमटा और घी बनाने का काम भी कम होता गया। दूध कंपनियों की पहुंच गांव तक बढ़ी तो पशुपालकों ने मुनाफा कमाने के लिए दूध को डेयरियों तक पहुंचाना शुरू कर दिया। इससे भी घी बनाने का दायरा सिमटता गया। नतीजा यह कि पिछले करीब दो दशक में यहां यह काम दम तोड़ने की कगार पर पहुंच गया है। ऐसे में सात साल पहले शासन ने जिले के इस पुराने और प्रसिद्ध कारोबार को ओडीओपी योजना के माध्यम से फिर से पूर्व की स्थिति में लाने का प्रयास शुरू किया।

### एक नजर में घी का कारोबार

- दो दशक पहले तक रोजाना 30 से 35 क्विंटल घी की होती थी बिक्री।
- अब एक दिन में बमुश्किल 100 किलो ही घी बेच पा रहे हैं पुराने कारोबारी।
- ग्रामीण क्षेत्र में एक हजार से ज्यादा भट्ठियों पर तैयार होता था घी।
- शहर में अलग-अलग लगती थी मंडी, 50 से ज्यादा थीं घी की दुकानें।
- अब मंडियां खत्म हो गईं, आधा दर्जन दुकानों तक ही सिमटा कारोबार।

एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत औरैया जिले के घी को शामिल किया है। सरकार की ओर से तय नियम के तहत विभाग काम कर रहा है। पात्रों को चिन्हित कर उन्हें एक्सपर्ट से ट्रेनिंग दिलवाई जा रही है। बैंक से लोन दिलवाने का भी प्रावधान है। कइयों ने लिया भी है। कारोबार को बाजार तक पहुंचाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

**दुर्गेश कुमार, उपायुक्त उद्योग, कन्नौज**

### ब्रांडेड उत्पाद ने खत्म किया लोकल कारोबार

शहर के प्रसिद्ध घी कारोबारी अनूप गुप्ता बताते हैं कि ब्रांडेड घी ने यहां के लोकल उत्पाद को नुकसान पहुंचाया है। पहले यहां शहर में जगह-जगह छोटी-बड़ी मंडियां सजती थीं। रोजाना दो से तीन टन घी की बिक्री होती थी। अब मंडी खत्म हो गई हैं। छोटे कारोबारियों ने भी काम बंद कर दिया है। चुनिंदा लोग ही अपने इस पुश्तैनी कारोबार को किसी तरह आगे बढ़ा रहे हैं। वह बताते हैं कि ओडीओपी के तहत औरैया के घी को शामिल करने पर यहां इस कारोबार से जुड़े लोगों को उम्मीद थी कि सरकारी मदद मिलने से इस कारोबार में नई जान आ सकेगी। सात साल बाद भी योजना के नाम पर हाथ खाली हैं।

### गांव-गांव बनता था घी

देशी घी के अपने पुश्तैनी कारोबार से जुड़े मनोज गुप्ता बताते हैं कि बदलते वक्त के साथ देशी घी का स्थानीय कारोबार सिमटा है। तीन से चार दशक पहले तक औरैया में घी बनाने का काम गांव-गांव होता था। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण पशुपाल करने वाले लोग दूध से घी तैयार करते थे। वह उसे यहां शहर में लगने वाली मंडी तक लाते थे। फिर उसे आसपास के शहरों में बेचा जाता था। ग्राहकों का मिजाज बदला है। वह लोकल उत्पाद के बजाए पैकिंग वाले घी को तरजीह दे रहे हैं। कारोबार सिमटा तो भट्ठियां बंद होने लगीं। ओडीओपी से मदद लेने की काफी कोशिश की, लेकिन विभाग और बैंक के बीच भागदौड़ करने के बाद भी कामयाबी नहीं मिली। अपनी ही पूंजी से कारोबार हो रहा है। बाजार उपलब्ध करवाने के लिए भी सरकारी तंत्र काम नहीं आ रहा है।

### ट्रेनिंग तक सिमटी योजना, कारोबार को नहीं मिल रहा बाजार

ओडीओपी के तहत घी बनाने और बेचने के काम को तेजी देने के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से समय-समय पर पात्र अभ्यर्थियों का चयन करके उन्हें ट्रेनिंग दिलवाई जा रही है। पिछले सात साल में अब तक एक हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। उनमें से इच्छुक लोगों को लोन भी मिला है। बावजूद इसके योजना को कामयाबी का पंख नहीं लग सका है।

# बिल्हौर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर भयवश गौवंश रात्रि में आधा सैकड़ा बैठते

- स्टेशन अधीक्षक बड़े हादसा का इंतजार कर रहे

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्रियों का आना जाना लगा रहता है लगभग एक दर्जन ट्रेन इन अप डाउन करती हैं वहीं पर सूरज ढलती ही कस्बे के खेतों तक घूमने वाले दिन में गोवंश प्लेटफार्म नंबर दो के तीन सेट के नीचे आकर बैठ जाते हैं रात में अगर कोई प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन आकर खड़ी भी होती है तो दैनिक यात्री अपना बच बचकर निकल कर जाते हैं वहीं पर कभी-कभार तो गोवंश उठाते नहीं है तो दैनिक यात्री रात के अंधेरे में उनसे टकराकर गिर भी जाते हैं स्टेशन अधीक्षक इस ओर कोई ध्यान नहीं देते हैं जबकि गोवंश प्रतिदिन अपना प्रमाण छोड़ कर जाते हैं जब वह सुबह उठते हैं तो हर एक गौवंश गोबर कर जाते हैं सुबह देखने से यह लगता है कि लगभग आधा सैकड़ा से अधिक गौवंश इस स्थान पर बैठे होंगे बलराम नगर निवासियों ने बताया कि यह प्रतिदिन का काम है जैसे शाम होते ही वैसे ही इधर-उधर से घूम कर सुरक्षित यहां बैठ जाते हैं।

आसपास के लोगों ने बताया आखिरकार गोवंश में इतना भय कहां से आ गया है आखिरकार क्या है क्या गौवंश को कोई पकड़ता है या गौवंशों की संख्या धीरे-धीरे कम होती जा रही है। नगर पालिका चौराहे पर लगने वाले झुंड अब कम हो गए हैं आखिरकार वह तो यह सुरक्षित स्थान इधर-उधर चले गए हैं या फिर कहीं और चले गए। स्टेशन अधीक्षक सफाई पर भी ध्यान नहीं देते हैं जिसके चलते दूसरे-तीसरे दिन तक गंदगी प्लेटफार्म पर पड़ी रहती है जबकि शाम को वहां पर बुजुर्ग टहलने और बैठने आते हैं।

# हत्या की फर्जी प्रार्थना पत्र देकर अफवाह उड़ाई , तमंचा, साथी समेत गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत गरीब किसानों का पैसा हड़पने के उद्देश्य से फर्जी हत्या की अफवाह फ़ैलाने वाले आलू व्यवसायी को पुलिस इंस्पेक्टर जनार्दन सिंह यादव टीम ने चौबीस घंटे के अंदर ढूंढ निकाला उसके साथ ही उसके भांजे को भी पुलिस ने तीन सौ पन्द्रह बोर के तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है दोनों को आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बुधवार को अरौल थाना क्षेत्र के गजना निवासी शराफत अली पुत्र शौकत अली ने अरौल इंस्पेक्टर जनार्दन सिंह यादव को एक प्रार्थना पत्र देकर अपने दामाद कन्नौज जनपद के ठठिया थाना क्षेत्र में बेहटा गांव निवासी यूनुस अली पुत्र नियामत अली की हत्या तथा उसका रुपयों से भरा बैग लूटने का आरोप लगाया था प्रार्थना पत्र में उन्होंने एक सहयोगी पर ही इल्जाम लगाया था

जिसमें कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने उनके सभी मोबाइल को लोकेशन पर लगा अपनी सुरागरसी द्वारा जांच शुरू कर दी थी और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए

चौबीस घंटे के अंदर ही उसको जिंदा ढूंढ़ निकाला सूत्रों से मिली सूचना के अनुसार यूनुस अली आलू का व्यवसाय करता था और उसके ऊपर कई किसानों का लाखों रूपया बकाया था उनसे बचने के लिए उसने अपने भांजे के साथ मिलकर हत्या का नाटक किया और भांजे ने फ़ोन कर उसके गजना निवासी ससुर से उसकी हत्या की कहानी गढ़ी थी लेकिन पुलिस ने उनके नाटक से पर्दा उठाया और दोनों को गिरफतार कर जेल भेज दिया है।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कार पलटी, छह घायल




**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

**तिर्वा।** लखनऊ से इटावा जा रही कार एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार में सवार छह लोग घायल हो गए। यूपीडा ने गंभीर रूप से घायल चार लोगों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

इटावा के मोहल्ला गांधी नगर निवासी के अर्चना (30) पत्नी नरेश, उनकी पुत्री ख्याति (08), मिताली (14) और अर्चिता (6) पुत्री अनुराग सहित दो अन्य लोग कार से शनिवार को लखनऊ से इटावा जा रहे थे। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तिर्वा क्षेत्र के 196 कट के निकट कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार छह लोग घायल हो गए। चार घायलों की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हादसे की जानकारी परिजनों को दी गई। परिजन घायलों के हालत में सुधार होने पर घर ले गए।

# लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के चलते, पावर और बबूल से सड़के ढकी



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के चलते डामरीकृत सड़कों के किनारे पतावर और बबूल के पेड़ खड़े हैं जिससे वाहन चालकों को हो रही है दिक्कत आए दिन मोटरसाइकिल सवार, साइकिल , बैट्री रिक्शा और पिकअप में भिड़ंत होती रहती है जिसमें लोग चोहटिल हो रहे हैं ।लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के चलते जगह-जगह पर गैंग सड़कों के किनारे सोती नजर आती है और कभी कबार थोड़ी बहुत पतावर कटती भी दिखाई देती है आखिरकार यही एक महीना है जिसमें ठीक से कटाई और सड़कों की फुटपाथ की सफाई ठीक से हो जाती है वरना सर्दियों में नहीं हो पाती है जो लोग काम करते हैं वह सिर्फ फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं उनके ऊपर जिम्मेदार अधिकारी कभी कोई देखने नहीं आते है जिसके चलते गैंग साफ सफाई फुटपाथ पर काम करने वाली सोती ही नजर आती है।

जहां पर डामरीकृत सड़कों में गड्ढे हैं वहां तो वाहन आराम से निकल जाते हैं

जहां पर फर्राटे भर के वाहन निकलते हैं वहां पर छोटे वाहनों दुपहिया बैट्री रिक्शा वालों की दिक्कतें उठानी पड़ती है और कभी-कभी वाहनों से भिड़ंत भी हो जाती है।

मिश्रिख सांसद अशोक रावत के प्रतिनिधि रवि वाजपेई ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बात कर डामरी कृत सड़कों के सभी फुटपाथ साफ कराए जाएंगे

# सब्जी बेचने जा रहे किसान को डीसीएम ने रौंदा

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



कन्नौज जिले के तेराजाकेट में किसान को पीछे से तेज रफ्तार में आ रही डीसीएम ने टक्कर मारी दी। आगे चल रहे ट्रक और डीसीएम के बीच में बाइक समेत किसान फंस गया। ट्रक और डीसीएम चालक मौके पर ही अपने-अपने वाहनों को छोड़कर भाग गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसान को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रजलामऊ निवासी बृजकिशोर शाक्य का पुत्र नीलेश शाक्य (32) सुबह तीन बजे मिर्ची की बोरी बाइक में बांधकर सब्जी मंडी में बेचने के लिए निकला था। एनएच 34 हाईवे पर नीलेश आगे चल रहे ट्रक के पीछे चल रहा था। ट्रक के आगे पिकअप चल रही थी। मामा होटल से पहले ट्रक चालक ने पिकअप में टक्कर मारी, जो हाईवे की रेलिंग तोड़ते हुए पलट गई। इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार में आ रही डीसीएम के चालक ने किसान की बाइक में टक्कर मारते हुए ट्रक में टक्कर मारी दी। बाइक सवार किसान ट्रक और डीसीएम के बीच में फंसकर 50 मीटर तक दबा हुआ चला गया। ट्रक और डीसीएम के चालक अपने-अपने वाहनों को रोककर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान को एम्बुलेंस से अस्पताल में भिजवाया, जहां डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया।

एक बेटा और एक बेटी के सिर से उठा पिता का साया। रजलामऊ निवासी बृजकिशोर शाक्य के ज्येष्ठ पुत्र नीलेश की मृत्यु से परिवार में संकट खड़ा हो गया है। छोटा पुत्र दीपक दिल्ली में प्राइवेट नौकरी कर रहा है। मृतक नीलेश का पुत्र दिव्यांशु (10) और पुत्री अंशिका (7) के सिर से पिता का साया उठ गया है। छोटे-छोटे बच्चों के साथ पत्नी हेमलता, मां सुशीला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# तनाव, चिंता और उदासी मानसिक स्वास्थ्य के लिए घातक

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

### मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को छिपाना नहीं चाहिए

मेडिकल कॉलेज के एलटी सभागार में मनोचिकित्सक विभागाध्यक्ष डॉ. विपुल सिंह की अगुवाई में विश्व मानसिक दिवस के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की। प्राचार्य ने कहा कि चुप रहने से नुकसान होता है, इस बात को समझना भी बहुत जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को छिपाने या दबाने का प्रयास करने से यह समस्याएं और गंभीर हो सकती है। डॉ. विपुल सिंह ने कहा कि हर साल 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए उतना ही जरूरी होता है, जितना की हमारा शारीरिक स्वास्थ्य। इस दौरान प्रोफेसर डॉ. अंबरीश गुप्ता, पूर्व प्राचार्य डॉ. डीएस मार्तोलिया, प्रोफेसर सपना, डॉ. सैफ, डॉ. अनुज त्यागी, डॉ. अनीता, डॉ. शैली, डॉ. किरण समेत एमबीबीएस के छात्र मौजूद रहे।

सीएमओ कार्यालय परिसर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव लवली जायसवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में लोगों को जानकारी दी।

नोडल अधिकारी डॉ. ओपी गौतम ने कहा कि कभी-कभी हमारी जिंदगी की रफ्तार इतनी तेज हो जाती है कि हम अपने मन की आवाज को सुनना ही भूल जाते हैं। धीरे-धीरे तनाव, चिंता और उदासी जैसे भाव हमारे जीवन का हिस्सा बन जाते हैं और यह हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. गंगाराम यादव ने कहा कि अकेले रहना, मन का उदास रहना यह सभी व्यक्ति को अवसाद की ओर ले जाते हैं। अवसाद बढ़ने से लोग खुद को समाज से अलग समझने लगते हैं और गलत कदम उठा लेते हैं। अवसाद से ग्रसित लोगों का इलाज कर स्वस्थ किया जा सकता है। डॉ. स्वाती कटियार ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति अकेले रहता है तो परिवार के लोग उसके साथ समय बिताएं।

मानसिक रोग से पीड़ित का जिला अस्पताल के मन कक्ष में इलाज किया जा रहा है। इस दौरान प्रभारी सीएमओ डॉ. एके जाटव, एसीएम डॉ. सीएल मिश्रा, बाईके मंजुल, सृष्टि नंदा आदि मौजूद रहे।

# फूलों की बारिश संग हुई महामायी की महाआरती

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

शारदीय नवरात्र की अष्टमी के मौके पर इत्रनगरी के देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में दर्शन-पूजन को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। शहर से लेकर गांव तक शक्ति की भक्ति में डूब गए। कहीं माता का जगराता हुआ तो कहीं ढोलक की थाप पर भजन कीर्तन हुए। आरती का साक्षी बनने के लिए भक्तों रेला उमड़ा।

गुरुवार को जिलेभर में शक्ति की भक्ति चरम पर रही। शहर के सन्मार्ग पंडाल में रात को हुई महामायी की महाआरती में आस्था का सैलाब उमड़ा। आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने से पंडाल खचाखच भर गया। चहुंओर जग जननी जय जय के स्वर सुनाई दिए। सुबह से लेकर रात तक घरों के साथ सिद्धपीठ देवी मंदिरों में मां की विशेष पूजा-अर्चना की गई। सन्मार्ग पंडाल में आचार्य शिवांग अग्निहोत्री और पुनीत शुक्ला ने माता रानी की आरती उतारी। शुक्रवार को नवमी पर आस्था चरम पर पहुंच जाएगी। मंदिरों में सुबह से ही विशेष धार्मिक अनुष्ठान होंगे। वहीं नवरात्र के दिनों सन्मार्ग पंडाल में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले होनहार गुरुवार रात पंडाल में सम्मान से नवाजे गए। कुतलूपुर और सन्मार्ग पंडाल में कथा का रसपान सन्मार्ग के पंडाल में कथा के अंतिम दिन मानीमऊ आनंदेश्वर धाम के पीठाधीश्वर कौशल महाराज ने श्रोताओं को भगवान श्रीकृष्ण की कई लीलाओं का वर्णन सुनाया। संगीतमय कथा में आचार्य ने कहा कि भागवत कथा अहंकार का नाश करती है। कथा में आने वाले श्रोताओं के विचार निर्मल हो जाते हैं। इसी तरह कुतुलूपुर मोहल्ले के मांडवी देवी मंदिर पर चल रही कथा में आचार्य रजनीश अग्निहोत्री ने भी श्रोताओं को भगवान श्रीराम की कई लीला पर प्रकाश डाला।

# कुंअरपुर ग्राम में साइबर अपराध व घरेलू हिंसा से बचाव के बारे में बताया




**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर ब्लाक क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा जागरूकता चौपाल लगाकर उनको सुरक्षा का अहसास दिलाया गया। मिशन शक्ति फेज 5 तहत एंटीरोमियो टीम ने चौपाल लगाना शुरू कर क्षेत्र के कुंवरपुर ग्राम पंचायत के रवालालपुर के प्राथमिक विद्यालय में पुलिस ने फेस मिशन 5 के तहत जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत महिला पुलिस अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में महिलाओं के सुरक्षा व्यवस्था के उपाय बताए हैं।

उन्होंने बताया कि विद्यालय जाते समय किसी छात्रा को कोई मनचला परेशान करता है तो तत्काल किसी के माध्यम से डायल 112, 1090, 1076, 1098 में तत्काल सूचना देनी चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने महिलाओं और छात्राओं को घरेलू हिंसा, यौन उत्पीडन, साइबर अपराध से बचने के लिए आवश्यक उपाय बताए गांवों में छोटे छोटे पहलुओं पर विवाद की स्थिति पैदा न होने दें। जिससे गांव का माहौल पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था में कायम बना रहे। इस दौरान ग्राम प्रधान पुनीत कुमार सिंह के साथ पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# सैकड़ों वर्ष पुरानी है परंपरा, नहीं करते हैं पुतला दहन



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

### दशहरे में होता है रावण का श्रृंगार

रावण की प्रतिमा स्थापित होने से इस मोहल्ले को रावण पटी कहते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि दशहरे पर रावण की प्रतिमा को रंग रोगन कर सजाया जाता है। साज श्रृंगार के बाद ग्रामीण श्रद्धा से नारियल चढ़ाते हैं। विजयदशमी का पर्व असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाते हैं। पर रावण के पुतले का दहन नहीं किया जाता। नवदम्पत्तियों के रावण की प्रतिमा के सामने नतमस्तक होकर आशीर्वाद लेने की भी परंपरा है।

### रामलीला मंचन में भी नहीं जलता पुतला

रावण की प्रतिमा के सामने मंदिर व रामलीला मैदान है। जहां जनवरी में मेला व रामलीला का आयोजन होता है। करीब एक सप्ताह तक चलने वाली रामलीला में रावण वध का मंचन होता है। जिसके बाद भी पुतले को नहीं जलाया जाता। रामलीला कलाकार प्रतीकात्मक रूप में रावण वध करते हैं। पर पुतले का दहन नहीं होता। ग्रामीण रावण की प्रतिमा पर नारियल चढ़ा कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

हमीरपुर जिले में राठ क्षेत्र के बिहुनी गांव में रावण दहन नहीं किया जाता है। गांव के बीच में रावण के नौ सिर वाली विशाल प्रतिमा स्थापित है। दशहरे पर प्रतिमा को रंग रोगन कर सजाया जाता है। गांव के बीच रामलीला मैदान के ठीक सामने रावण की दस फिट ऊंची प्रतिमा स्थापित है। नौ सिर व 20 भुजाओं वाली प्रतिमा के सिर पर मुकुट है।

इसमें गदर्भ की आकृति बनी है। रावण की यह प्रतिमा बैठने की मुद्रा को दर्शाती है। ग्रामीण बताते हैं कि यह प्रतिमा सीमेंट अथवा चूने से बनाई गई है। कब और किसने इसका निर्माण कराया यह गांव के बड़े बुजुर्गों को भी पता नहीं है। यह प्रतिमा करीब एक हजार वर्ष पुरानी बताई जाती है। इस प्राचीन प्रतिमा को सहेजने का काम ग्राम पंचायत कर रही है।

प्रतिवर्ष प्रतिमा की रंगाई पुताई होती है। ग्रामीण बताते हैं की गांव में कभी रावण दहन नहीं होता। इसके पीछे तर्क देते हैं कि रावण महाविद्वान थे। अंतिम समय में भगवान राम के कहने पर भ्राता लक्ष्मण ने रावण के चरणों के पास खड़े होकर ज्ञान लिया था। मान्यता है कि जिस विद्वान से खुद भगवान ने ज्ञान लिया उनके पुतले को जलाने का इंसान को क्या अधिकार है।

# पुलिस ने आधे घंटे में महिला तक पहुंचाया जेवर वाला बैग



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**बीघापुर।** ससुर के साथ मांगलिक कार्यक्रम में जा रही महिला टेंपो से उतरते समय बैग भूल गई। सूचना पर पुलिस ने आधे घंटे में तलाश कर बैग उस तक पहुंचाया तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बैग में उसके करीब पांच लाख के जेवर थे।

बारासगवर क्षेत्र के गांव कुतबुद्दीनगढ़ेवा निवासी छेदीलाल, बहू के साथ गुरुवार शाम टेंपो से ऊंचगांव अपने घर जा रहे थे। बारा गांव के पास वह बहू के साथ टेंपो से उतरे, लेकिन बहू का बैग टेंपो में ही छूट गया। कुछ दूर पैदल चलने के बाद जब बैग का ध्यान आया तो ससुर और बहू बेहाल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने टेपों का एक किलोमीटर तक पीछा किया और रोक लिया। बैग बरामद कर महिला के सुपुर्द किया।

# दिन भर पुरवा में रहे मुख्य अभियंता, आधी रात को सफाई देने पहुंचे

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

मुख्य अभियंता विद्युत वितरण क्षेत्र रायबरेली रामप्रीत प्रसाद ने बुधवार को दिनभर पुरवा कार्यालय में रहकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की थी। देर शाम तक बैठक का दौर चला। हैरानी की बात यह रही कि अचलगंज में विभागीय त्रुटि से सदमे में शुभम के आत्महत्या करने की जानकारी उन तक नहीं पहुंची। वह देर शाम लखनऊ भी लौट गए थे लेकिन जब रात में मामला शासन तक पहुंचा तो खलबली मच गई। प्रकरण में सफाई देने के लिए वह रात करीब 11 बजे आनन-फानन लखनऊ से चलकर दही चौकी स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंच गए। यहां पर मीडिया कर्मियों को बुलाया गया। हालांकि ज्यादा रात होने के कारण कुछ लोग ही पहुंच सके। मुख्य अभियंता ने विभाग के अफसरों को घटना में क्लीन चिट देते हुए पाक साफ बता दिया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता ने 14 सितंबर को संशोधित बिल 16,377 का भुगतान कर दिया था। इससे उसका बिल बकाया शून्य हो गया था। सात अक्तूबर को मीटर रीडर ने 580 केडब्ल्यूएच रीडिंग डालकर 33 यूनिट का बिल जारी किया लेकिन त्रुटिवश 1500 यूनिट पर सीलिंग आधारित बिल (सीडीआर) बिल 8306 रुपये जारी हो गया। मामले में आठ अक्तूबर को एसडीओ बंथर कार्यालय ने बिल संशोधन शुरू किया और नौ अक्तूबर को संशोधित बिल का अनुमोदन करके संशोधन कर दिया।

### नकली नोट छापने में तीन दोषियों को 10-10 साल कैद

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर।** नकली नोट छापने के 13 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट अनिल कुमार खरवार की अदालत ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने तीन दोषियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 13 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। चौथे आरोपी की फाइल किशोर न्याय बोर्ड को स्थानांतरित कर दी गई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि तत्कालीन बिवांर थाना प्रभारी इन्द्रमणि वर्मा ने नकली नोट छापने का मामला दर्ज कराया था। बताया कि 22 अक्तूबर 2011 की रात मुखबिर से सूचना मिली कि हीरानंद इंटर कॉलेज पास एक व्यक्ति नकली नोट लेकर खड़ा है। उमरी तिराहे से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जमा तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व कारतूस सहित 100 रुपये के चार जाली नोट बरामद हुए। पूछने पर बाल अपचारी ने बताया कि नकली नोट देने वाले तीन लोग गांव के राजाभैया के घर में मौजूद हैं।

## जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र-झारखंड को लेकर किया बड़ा दावा, कहा

# दोनों राज्यों में बनेगी भाजपा की सरकार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के बाद अब बारी झारखंड और महाराष्ट्र की है। जहां अगले कुछ महीनों में विधानसभा के चुनाव होने है। राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी तैयारी तेज कर चुकी है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि हरियाणा के बाद भाजपा महाराष्ट्र और झारखंड में भी आगामी विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार के प्रदर्शन से खुश हैं।

### जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के नतीजे से खुश नड्डा

महाराष्ट्र और झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बहुत कुछ हासिल किया है और इसका श्रेय लोगों और भगवान को जाता है। बीजेपी महाराष्ट्र और झारखंड में भी आगामी विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करेगी। शुरुआत से ही हरियाणा में किसान और पहलवान की नाराजगी से बीजेपी की कमजोर स्थिति दिखने के बाद मिली जीत को लेकर उन्होंने कहा कि हरियाणा में भ्रम पैदा किया गया। जमीनी हकीकत कुछ और थी, लेकिन कुछ और माहौल बनाया गया और आखिरकार भाजपा चुनाव जीत गई और जम्मू-कश्मीर में उसका वोट शेयर बढ़ा है। हरियाणा के लोगों - युवा, किसान, महिलाएं और अन्य सभी वर्गों - ने विपक्षी दलों को करारा जवाब दिया और यह स्पष्ट कर दिया कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और नेतृत्व पर विश्वास है।



### जम्मू-कश्मीर को लेकर बोले नड्डा

जेपी नड्डा ने जम्मू-कश्मीर चुनाव को लेकर कहा कि जम्मू-कश्मीर में छह से आठ प्रतिशत मतदान से 60 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्शाता है कि लोग लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करते हैं और अनुच्छेद 370 को खत्म करने का समर्थन करते हैं। आज आतंकवाद नियंत्रण में है और भाजपा का शासन सिर्फ सत्ता में बैठने के लिए नहीं बल्कि देश को सुरक्षित बनाने के लिए है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा के चुनाव हुए। चुनाव में बीजेपी धारा 370 को अपना अहम मुद्दा बनाकर चुनावी मैदान में खड़ी थी, लेकिन जम्मू-कश्मीर की जनता ने नेकां और कांग्रेस की गठबंधन वाली सरकार को चुना और बीजेपी को 90 सीटों में केवल 29 सीटों से ही संतोष करना पड़ा।

### भाजपा का मतलब विकास- नड्डा

जम्मू-कश्मीर के बाद जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश में भाजपा शासन के दौरान किए गए विकास कार्यों को दोहराते हुए कहा कि यहां आप जो एक भी ईंट देख रहे हैं, वह भाजपा के समय की है और मैंने वह समय देखा है जब लोग पानी के लिए सुबह 4 बजे उठते थे और घंटों बाल्टी लेकर इंतजार करते थे, आज हर घर में नल है। गांवों को सड़कों से जोड़ा गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा का मतलब विकास है जबकि कांग्रेस का मतलब फूट डालो और राज करो और वोट बैंक की राजनीति है।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.176 अरब हुआ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार फॉरेक्स रिजर्व 4 अक्तूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.709 अरब डॉलर घटकर 701.176 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में, विदेशी मुद्रा भंडार 12.588 अरब डॉलर बढ़कर 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 4 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां एफसीए 3.511 अरब डॉलर घटकर 612.643 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल किया जाता है।

## जम्मू-कश्मीर में एनसी का साथ देगी आप

### उपराज्यपाल को सौंपा समर्थन पत्र, डोडा में मेहराज मलिक ने चलाई थी 'झाड़ू'



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हुए चुनाव नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन ने बाजी मारी है। नेशनल कॉन्फ्रेंस को निर्दलीय विधायकों के बाद अब आम आदमी पार्टी का भी समर्थन मिल गया है। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को अपना समर्थन पत्र उपराज्यपाल को सौंप दिया। बता दें कि डोडा में आम आदमी पार्टी के मेहराज मलिक ने भाजपा उम्मीदवार गजय सिंह राणा को 4,538 वोटों से हराकर जीत दर्ज की है।

### पांच निर्दलीय विधायकों ने दिया समर्थन

नेशनल कॉन्फ्रेंस को पांच निर्दलीय विधायकों ने भी समर्थन देने की घोषणा कर दी है। गुरुवार को निर्दलीय विधायक डॉ. रामेश्वर सिंह, चौधरी मोहम्मद अकरम, सतीश शर्मा और प्यारे लाल शर्मा ने समर्थन का एलान किया था। इसके बाद पांचवें निर्दलीय विधायक थानामंडी से जीत दर्ज करने वाले पूर्व न्यायाधीश मुजफ्फर इकबाल खान ने भी एनसी को समर्थन देने की बात कही है।

### गठबंधन की भावना संख्या से कहीं अधिक है

आज हुई कांग्रेस विधायक पार्टी (सीएलपी) की बैठक में, पार्टी ने सीएलपी नेता के चयन के लिए केंद्रीय नेतृत्व को अधिकार देने का निर्णय लिया। इसके अलावा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) ने सरकार गठन के लिए राष्ट्रीय कांग्रेस (एनसी) का समर्थन करने की बात कही और आज उन्हें समर्थन पत्र प्रदान किया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा, हमारे पास कोई विशेष मांगें नहीं हैं। हम एनसी को लोगों के कल्याण के लिए समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शासन मॉडल पर चर्चा करने के लिए जब वे औपचारिक रूप से एनसी के साथ बैठक करेंगे, तब उन मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने यह स्पष्ट किया कि इस गठबंधन की भावना संख्या से कहीं अधिक है और इसका लाभ पूरे भारत के लिए है। यह किसी मंत्री पद के लिए नहीं है। हम भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। और उमर अब्दुल्ला को मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार करने की बात भी कही।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 15 अक्टूबर को होगा नायब सरकार का शपथ ग्रहण

**जन एक्सप्रेस। एजेंसी। चंडीगढ़।** हरियाणा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद नायब सैनी 15 अक्टूबर को राज्य के 25वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। नायब सैनी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के सेक्टर-पांच में आयोजित किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के लिए हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने शुक्रवार को पंचकूला के जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर दिया है। शपथ ग्रहण समारोह में हरियाणा भर से करीब 50 हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसके चलते कई विभागों की तरफ से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बीती आठ अक्टूबर को घोषित हुए चुनाव परिणाम में भाजपा ने 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा ने इस बार नायब सैनी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था। चुनाव से पहले पंचकूला में गृहमंत्री अमित शाह ने यह ऐलान कर दिया था कि दोबारा सरकार बनने पर नायब सैनी को ही मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

### महिला विकास मंत्रालय के नेतृत्व में मना राष्ट्रव्यापी उत्सव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 02 से 11 अक्टूबर तक अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के 10 दिवसीय राष्ट्रव्यापी उत्सव का नेतृत्व किया। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बैनर तले इस विशेष 10 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि देशभर में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने समुदायों और हितधारकों को लड़कियों के अधिकारों, उनके सामने आने वाली चुनौतियों की समझ बढ़ाने और उनकी शिक्षा व सशक्तीकरण का समर्थन करने वाली पहल को बढ़ावा देने से जुड़े विषयों को चर्चा में शामिल किया। गतिविधियों में वृक्षारोपण अभियान, मेधावी स्कूल जाने वाली लड़कियों का सम्मान, सेल्फी विद डॉटर्स अभियान, कन्या पूजन समारोह, स्वास्थ्य शिविर, सेमिनार और खेल कार्यक्रम शामिल हैं। उदाहरण के तौर पर बेटियों के जन्म और महत्व को मनाने के लिए मध्य प्रदेश में कन्या पूजन और बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इन पहलों का उद्देश्य लड़कियों का सम्मान करना और समाज में उनके जीवन के मूल्य को बढ़ावा देना है। उत्तर प्रदेश में भी कन्या पूजन, खेल आयोजन, बेटी जन्मोत्सव और मेधावी छात्रों के सम्मान सहित कई गतिविधियां आयोजित की गईं।

### मुफ़्त बिजली योजना को लेकर जारी की अधिसूचना

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने मुफ़्त बिजली योजना को लेकर अधिसूचना जारी कर दी। पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अभिनव परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए योजना दिशानिर्देश 8 अक्टूबर को अधिसूचित किए गए। मंत्रालय ने आज एक बयान में यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने 29 फरवरी को पीएम-सूर्य घर-मुफ़्त बिजली योजना को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य सौर छत क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाना और आवासीय घरों को अपनी बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाना है। इस योजना का परिव्यय 75,021 करोड़ रुपये है और इसे वित्त वर्ष 2026-27 तक लागू किया जाना है। योजना घटक अभिनव परियोजनाओं के तहत रूफटॉप सौर प्रौद्योगिकियों, व्यवसाय मॉडल और एकीकरण तकनीकों में प्रगति को प्रोत्साहित करने के लिए 500 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान अभिनव परियोजना घटक के लिए योजना कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में काम करेगा। चयनित परियोजनाओं को परियोजना लागत का 60 प्रतिशत या 30 करोड़, जो भी कम हो, तक की वित्तीय सहायता मिलेगी।

## भारत ने इजराइल-लेबनान सीमा की सुरक्षा स्थिति पर चिंता व्यक्त की



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने लेबनान की ब्लू लाइन पर बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए जाने चाहिए थे। ब्लू लाइन लेबनान को इज़राइल और गोलान हाइट्स से विभाजित करने वाली एक सीमांकन रेखा है। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के अनुसार इजराइली बलों ने गुरुवार सुबह लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर गोलीबारी की। यह मिशन सुरक्षा परिषद द्वारा निर्देशित दोनों देशों के बीच ब्लू लाइन पर काम कर रहा है, जिस पर वे गश्त करते हैं। विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि हम ब्लू लाइन पर बिगड़ती सुरक्षा स्थिति से चिंतित हैं। हम स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र परिसर पर किसी तरह से हमला नहीं करने की नीति का सभी को सम्मान करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा और उन्हें अपना काम करने देने की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय किए जाने चाहिए।

# विकृत होने से बचाना होगा शक्ति उपासना के अभिन्न अंग गरबा को



प्रतीक तिवारी

**जन एक्सप्रेस। विशेष**

गरबा गुजरात की संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। शादी -विवाह हो ,पर्व-त्यौहार ,या अन्य मांगलिक और धार्मिक आयोजन गरबा नृत्य के बगैर गुजराती आयोजन पूर्ण नहीं लगता। गरबा गुजरात का पारंपरिक लोक नृत्य हैं, आज भी अगर आप गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों में जाएंगें तो आपको पारंपरिक शैली में गरबा नृत्य देखनें को मिलेगा। शारदीय नवरात्रि के समय गरबा नृत्य की एक अलग ही छटा देखनें को मिलतीं है पूरा गुजरात प्रदेश भगवती अंबा के लिए गरबा करता हैं। गरबा नृत्य को आमतौर पर भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करनें उनको प्रशन्न करने के लिए गाए जानें वालें भजनों एवं गीतों के अलावा राधा-कृष्ण के प्रेम और आम ग्रामीण जनजीवन को समर्पित गीतों पर किया जाता है। गुजरात में नवरात्रि के दौरान होने वाला गरबा नृत्य विश्वविख्यात है, गुजरात में रास-गरबा नाम से लोकप्रिय यह नृत्य कृष्ण और राधा को समर्पित मध्याकालीन रास में गरबा लोकनृत्य के मिश्रण से बना है। आमतौर पर रास-गरबा देवी दुर्गा और राधा-कृष्ण के प्रेमलीला आधारित गीतों पर किए जाते हैं, लेकिन आज़ादी की लड़ाई के दौरान और उसके बाद भी कई बार इन गीतों में राजनीतिक रंग नज़र आते थे। समय के साथ-साथ गरबा का भी रंग-ढंग बदलता गया, मौजूदा दौर में गरबा अपने पारंपरिक स्वरूप से अलग एक व्यावसायिक आयोजन सरीखा बन गया है। व्यावसायिक के साथ आज गरबा नृत्य में अश्लीलता, मादकता और युगलनृत्य ने पैठ जमा ली हैं ,आज गरबा अपनें पारंपरिक रूप से अलग होकर अपनें मनमानें ढ़ंग से आयोजित होने लगा हैं। गरबा नृत्य का सबसे विकृत रूप तो हमें नवरात्रि के समय देखनें को मिलता हैं, जब विशेष रूप से जगदम्बा की स्तुति ,स्तवन के लिए गरबा आयोजन के जगह पर गरबा नाइट्स का आयोजन क्लबों में, होटलों में, कालेजों में किया जाता हैं ,जिसका दूर -दूर तक भगवती की स्तुति और नवरात्रि से कोई लेना-देना नहीं केवल युवक -युवतियों के युगलनृत्य ,मेलजोल, मौजमस्ती और अय्यासी के लिए होता हैं। जब नवरात्रि के पवित्र अवसर पर देवी भगवती के नाम पर ऐसे गरबा होतें हैं तो जो गरबा नृत्य की पारंपरिक पवित्रता और मौलिकता हैं वो धूमिल पड़ जातीं हैं। गुजराती संस्कृति में गरबा देवीं आराधना और उपासना का एक अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा रहा हैं ,कहा जाता हैं की गुजरात के पंचमहल स्थित पावागढ़ की महाकाली भगवती का जागृत और उग्र सिध्दपीठ हैं, यहाँ महाकाली को गरबा परमप्रिय हैं, मान्यता है कि जब यहाँ महिलाएं पवित्रभाव से जगदम्बा के लिए गरबा नृत्य करतीं थी, तब महाकाली भी उनकें स्तवन- गाना से प्रसन्न होकर किसी नारी का वेष धरकर उन महिलाओं के साथ गरबा खेलनें लगतीं थीं। बताई ये इतना पवित्र और देवीप्रिय लोकनृत्य है जिसके प्रभाव से महाकाली खिंची चलीं आतीं थीं। आरासुरी अंबा जी के मंदिर में भी मान्यता है कि अगर मंदिर के चाचर में जहाँ गरबा रमता हैं उसमें अगर कोई अशुद्ध व्यक्ति, अपवित्र भाव वाला व्यक्ति और गैर हिन्दु प्रवेश कर जाएं अंबाजी के चाचर में रखा घी के तवें से ऊँची- ऊँची आग ज्वालाएँ उठनें लगतीं हैं। नवरात्रि के समय परंपरा का पालन करनें वालें हर गुजराती घरों में मिट्टी का गरबा स्थापित कर उसपर दीपक जलाकर सायंकाल घरके सारे सदस्य विशेष तौर पर महिलाएं गरबा खेलतीं हैं और भगवती का स्तवन गान -करतीं हैं । गांवो के समाजिक स्थानों पर चौक में, मुहल्लें में, सड़को के किनारें ,बाजारों में, मंदिरों में, खेल के मैदान में या जहाँ अनुकूलता हो वहां लोग इकठ्ठा होकर भगवती को स्थापित कर जगदम्बा की कृपादृष्टि के लिए बहुत ही पवित्रता और तन्मयता के साथ गारबा खेलनें लगतें थें। और आज भी ये दृश्य देखनें को मिलता हैं,पर आज जो ज्यादतर बड़े- बड़े स्तर पर गरबा का स्वरूप देखनें को मिल रहा है, वो बेहद चिंतनीय विषय हैं।



### गरबा देवी आराधना का एक प्रमुख अंग हैं

आज गरबा गुजरात से निकलकर पूरे भारत में आयोजित होने लगा हैं, विदेशों में भी गुजराती मूल के लोग गरबा आयोजित करनें लगें हैं, पर हमारें देश में गरबा अब हमें ज्यादातर अपनें मूलरूप में देखनें को नहीं मिलता। गुजरात के अलावा हमारे देश के अन्य राज्यों में गरबा का रूप विकृत हो गया हैं,नवरात्रि में गरबा जहाँ देवी आराधना का एक प्रमुख अंग हैं, पर अन्य राज्यों में इसे बस मौजमस्ती और मनोरंजन के लिए आयोजित किया जा रहा हैं ,मुंबई, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों में गरबा आयोजन केवल मेलजोल और मौजमस्ती के लिए हो रहें हैं, न लोगों का पहनावा सही रह रहा हैं ,न सही गीत पर गरबा रास हो रहा हैं, आज अन्य राज्यों के लोग विशेषकर युवा वर्ग इसमें ज्यादा शामिल हो रहें हैं और इस पवित्र गुजराती लोकनृत्य को अपनी अय्यासी और मनोरंजन के लिए उपयोग कर रहें हैं। आज गुजरात से ज्यादा सोचनीय और चिंतनीय विषय अन्य राज्यों में आयोजित होने वाले गरबा आयोजन से हैं, जो गरबा नाम पर अश्लीलता और युवक-युवतीयों के मनोरंजन के लिए हैं। कोई भी पैसे टिकट एवं पास लेकर जाए और जैसें मन हो वैसे नाचें और नाम हो की गरबा में गए थें। ताज्जुब तो मुझे तब होता हैं जब हम सुनतें हैं, जब आप जोड़े में हैं तभी गरबा में आ सकतें हैं, अब बताइए गरबा तो समूह नृत्य हैं इसमें जोडीदार से क्या मतलब।

### गुजराती लोकगीतों में से एक हैं गरबा गीत

हमारें देश में गरबा को पारंपरिक रूप से इस विकृत रूप में बदलने कार्य बॉलिवुड ने भी किया है जो इस पवित्र पारंपरिक लोकनृत्य को अलग तरीके से दिखाकर अन्य क्षेत्र के लोगों को बताया कि यह पारंपरिक नाच ऐसे ही नाचा जाता हैं, रही सही कसर इन अभिनेता-अभिनेत्रीयों ने पूरी कर दी हैं। आज गरबा परंपरा, पवित्रता और लोकपरंपरा से हटकर मनोरंजन और मौजमस्ती का आयोजन हो गया हैं। गुजराती भाषा और साहित्य अपनेंआप में और भारतीय भाषाओं में एक समृद्ध भाषा हैं, इसभाषा के गुजराती लोकगीतों में से एक हैं गरबा गीत। राधाकृष्ण और भगवती के स्तुति के लिए उपयोग में लाया जानें वाला गुजरात की संस्कृति का अभिन्न अंग है, आज भी जब दिपालीबेन भील आदि पारंपरिक गायक नायिकाओं के गायें हुए गरबा गीत जब हम सुनतें हैं तो पाव भगवती के लिए अपनेंआप थिरकनें लगतें हैं। आज भी गरबें के मूलरूप को देखा जा सकता हैं जब लोग घरों में गातें है या नगरों, मुहल्लों या गांवो मे लोग परंपरागत रूप से नवरात्रों में गरबा खेलतें हैं।

नवरात्रों में भगवती स्तवन एवं स्तुति का अभिन्न अंग इस गरबा का आयोजन और प्रदर्शन आज देश में अलग और बेढंगे तरीके से हो रहा हैं, जो गुजरात की इस धार्मिक लोकपरंपरा की पहचान को बदलकर रख देगा।अगर ऐसा ही रहा तो आनें वाली पीढ़ी यही जानकर रह जाएगी की नवरात्र में गरबा मौजमस्ती और मनोरंजन का एक जरिया है, समाज और सरकार दोनों को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी गुजरात की इस समृद्ध लोकपरंपरा के मूलरूप को बचा पाएंगे।

## पेंटिंग एग्जीबिशन में दिखे जीवन के विभिन्न रंग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




विनय मार्ग स्थित सिविल सर्विसेज ऑफीसर्स इंस्टीट्यूट में देश के चार प्रसिद्ध कलाकारों का आर्ट शो रंग प्रसंग का आयोजन किया गया है जिसका उद्घाटन प्रसिद्ध पेंटर अमित दत्ता, रेलवे बोर्ड के सदस्य रविंद्र गोयल, रेलवे बोर्ड की सचिव अरूणा नायर तथा रेलवे बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने किया। रंग प्रसंग आर्ट शो में भारतीय रेल यातायात सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मुकुल शरण माथुर, आशिमा मेहरोत्रा तथा वरिष्ठ एडवोकेट एम शारदा की पेंटिंग्स तथा भारतीय रेलवे यातायात सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम सिंह के बोनसाई आर्ट का प्रदर्शन किया गया है। रंग प्रसंग 11 अक्टूबर से 8 नवंबर तक लोगों के लिए खुला रहेगा। यहां विभिन्न कलाकारों की पेंटिंग्स को खरीदा भी जा सकता है। रंग प्रसंग आर्ट शो आशिमा मेहरोत्रा की पेंटिंग्स में हीलिंग, सुर्ख, जर्द और ब्लू सत्वा जैसी पेंटिंग्स को लोगों ने खूब पसंद किया। समुद्र तट सीरीज की पेंटिंग्स भी दर्शकों को पसंद आए। मुकुल शरण माथुर की पेंटिंग्स में बुर्ज, कुंभ और कलरफुल स्ट्रीट जैसी पेंटिंग्स ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। एम शारदा की हार्मनी तरंग उमंग स्मोक और रिफ्लेक्शंस जैसी तस्वीरों में जीवन के विभिन्न रंग दिखे जिसे लोगों ने पसंद किया। विक्रम सिंह के बोनसाई कला ने एग्जीबिशन को एक नया रंग दिया। एक तरफ से यह एक नए प्रयोग की तरह भी रहा।

## रक्षा मंत्री ने सेना कमांडरों में भरा जोश, कहा, देश की सुरक्षा में सेना की महत्वपूर्ण भूमिका

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गंगटोक**

देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को दार्जिलिंग के सुकना कैंट से सेना कमांडरों के सम्मेलन में वर्चुअल रूप से भाग लिया। इस दौरान उन्होंने देश की सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद से लड़ने और जरूरत के समय नागरिकों व प्रशासन की मदद के लिए आगे आने के लिए भारतीय सेना की तारीफ की। सेना कमांडरों में जोश भरते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना देश का सबसे भरोसेमंद और प्रेरक संगठन है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सेना कमांडरों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए गंगटोक जा रहे थे। मगर खराब मौसम के कारण उनकी उड़ान सिलीगुड़ी लौट आई। इसके बाद रक्षा मंत्री ने दार्जिलिंग के सुकना कैंट से वर्चुअली सेना कमांडरों को संबोधित किया। उन्होंने हर सैनिक के देश की रक्षा में दिए जा रहे योगदान की प्रशंसा की। साथ ही राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को सम्मानित भी किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना हर मुद्दे पर सहायता करती है। यह सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के साथ ही नागरिक प्रशासन की सहायता भी करती है। उन्होंने कहा कि मैं पांच साल से अधिक समय से सेना कमांडरों के सम्मेलन में भाग ले रहा हूं। ऐसी चर्चाओं से सशस्त्र बल और पूरे देश को लाभ होता है। उन्होंने सेना में की गई औद्योगिक और तकनीकी प्रगति की भी सराहना की। वैश्विक स्थिति को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा कि हाईब्रिड युद्ध समेत अपरंपरागत युद्ध भविष्य के संघर्षों के अभिन्न अंग हैं। इसलिए सशस्त्र बल रणनीति की योजना बनाते समय यह ध्यान रखें। साथ ही वर्तमान की घटनाओं से निरंतर सीखते रहें। उन्होंने कहा कि आकस्मिक स्थिति से निपटने की सेना की क्षमता अद्भुत है। उन्होंने चुनौतियों के बावजूद पश्चिम और उत्तरी सीमा पर सड़क संचार के लिए सीमा सड़क संगठन के कामों की भी सराहना की। साथ ही कहा कि सीमा सड़क निर्माण की प्रगति जारी रहे। रक्षा मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से निपटने में सीएपीएफ/पुलिस बलों और सेना के बीच उत्कृष्ट तालमेल की सराहना करता हूं। जम्मू-कश्मीर में चल रहे समन्वित अभियान क्षेत्र में स्थिरता और शांति बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। यह हाल ही में हुए चुनावों में भी नजर आया।



### सभी बहादुरों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की

रक्षा मंत्री ने उच्च परिचालन तैयारियों और क्षमताओं के लिए सेना की सराहना की। साथ ही मातृभूमि की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी बहादुरों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सैन्य कूटनीति, विदेशी सेनाओं के साथ स्थायी संबंधों के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाने में सेना के महत्वपूर्ण योगदान और 2024 ओलंपिक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारतीय सेना के खिलाड़ियों की सराहना की। वहीं सम्मेलन में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्यों, सीमा स्थितियों और वर्तमान सुरक्षा तंत्र के सामने आने वाली चुनौतियों पर व्यापक चर्चा हुई। सम्मेलन में संगठनात्मक पुनर्गठन, रसद, प्रशासन और मानव संसाधन प्रबंधन से संबंधित मुद्दे भी उठाए गए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

